चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 16 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 149, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश 18

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति 17

कृष्ण जन्मभूमि मामले में 5 अगस्त से सुनवाई करेगा कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



- हाईकोर्ट के सर्वेक्षण संबंधी आदेश पर रोक जारी

सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे विवादित शाही ईदगाह मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण कराने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक जारी रखते हुए सोमवार को कहा कि वह इस मामले में 5 अगस्त से सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि तब तक हाईकोर्ट के 14 दिसंबर 2023 के आदेश पर रोक बरकरार रहेगी। शीर्ष अदालत ने मुस्लिम पक्ष की याचिका पर 16 जनवरी 2024 को हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। पीठ ने कहा कि अंतरिम आदेश तक सर्वेक्षण पर रोक जारी रहेगा। साथ ही हमने हाईकोर्ट के समक्ष अन्य कार्यवाही पर रोक नहीं लगाई है। हाईकोर्ट ने मौजूदा मामले में कोर्ट की निगरानी में एडवोकेट कमिश्नर की तीन सदस्यीय टीम द्वारा मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के प्राथमिक सर्वेक्षण की अनुमति दी थी। साथ ही एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने का भी निर्देश दिया था।

हमारे फैसले आम आदमी को डराने के लिए नहीं : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने कहा कि सीबीआई से जुड़े कानून भाजपा के समय में नहीं आए
- वोट के लिए कांग्रेस ने रामलला मंदिर के आमंत्रण को ठुकराया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारी सरकार के फैसले किसी को डराने के लिए नहीं हैं। ईमानदार आदमी को किसी से डरने की जरूरत नहीं है पर जो भ्रष्टाचार से घिरे हैं, उनमें पाप का डर होता है। देश को समझना होगा कि राजनीतिक नेताओं पर ईडी के सिर्फ तीन फीसदी केस ही हैं। 97 फीसदी मामले उन लोगों पर हैं, जो राजनीति से नहीं जुड़े हैं।

मोदी ने एक एजेंसी को दिए साक्षात्कार में कांग्रेस पर जमकर चुटकी ली। पीएम ने कहा कि ईडी आज के समय में बेहतरीन काम कर रही हैं, भ्रष्टाचारियों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जा रहा है। मोदी ने कहा कि ईडी और सीबीआई से जुड़े कोई भी कानून भाजपा के समय में नहीं आए। बल्कि भाजपा सरकार चुनाव आयोग में बदलाव के लिए कानून लाई। पहले जो लोग एक परिवार के करीबी होते थे, सिर्फ उन्हें ही चुनाव आयुक्त बनाया जाता था और उन्हें बाद में राज्यसभा या अन्य मंत्रालय भेज दिया जाता था।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सनातन से लेकर चुनावी बांड और ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाने वाले विपक्ष के आरोपों पर भी हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस से यह सवाल भी किया कि ऐसी क्या मजबूरी थी कि उसने सनातन धर्म के विरुद्ध घृणा और जहर उगलने वाली द्रमुक के साथ गठबंधन किया। मोदी ने एक सवाल का जबाव देते हुए कहा कि कांग्रेस को गर्व होना चाहिए था कि रामलला मंदिर के लिए संघर्ष करने वालों ने उसके सभी पापों को भुलाकर आमंत्रित किया था, लेकिन वोट बैंक के लिए उसने आमंत्रण ठुकरा दिया। आज अगर कोई सनातन को अपशब्द कहने की हिम्मत करता है और आप उसके साथ राजनीति करते हैं तो यह देश के लिए चिंता का विषय है।

10 सालों में ईडी ने 2200 करोड़ नकदी पकड़ी

पीएम ने कहा कि मेरे पिछले 10 साल के कार्यकाल में ईडी ने 2200 करोड़ कैश में पकड़ा है, जबकि 2014 से पहले सिर्फ 34 लाख रुपये की रिकवरी ही एजेंसी ने की थी, जो कि एक स्कूल बैग में भी ले जाई जा सकती थी। जबकि 2200 करोड़ से 79 छोटा हाथी ट्रक भरे जा सकते हैं। यानी साफ है कि ईडी बेहतरीन काम कर रही है।

पीएम ने कहा, "जिन पर केस हैं, वे या तो ड्रग माफिया हैं या भ्रष्टाचार के मामलों में घिर अधिकारी। कुछ अफसरों ने बेनामी संपत्ति बना ली थी और उन्हें जेल भेजा गया है। प्रधानमंत्री ने ईडी की तारीफ करते हुए कहा कि 2014 से उनके सत्ता में आने के बाद से ही एजेंसी लगातार भ्रष्टाचार से लड़ रही है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले ईडी ने सिर्फ 5000 करोड़ की संपत्ति अटैच की थी। क्या तब किसी ने ईडी को कार्रवाई करने से रोका था?

चुनावी बांड से संबंधित सवालों का जबाव देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब चुनावी बांड योजना से संबंधित विधेयक को संसद में पारित किया गया था तो आज इस पर टिप्पणी करने वाले कुछ लोगों ने इसका समर्थन किया था। उन्होंने 1,000 और 2,000 रुपये के नोटों को बंद करने के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि चुनावों के दौरान बड़ी मात्रा में इन नोटों को ले जाया गया था। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया ताकि कालाधन खत्म हो।

21 सेवानिवृत्त जजों का सीजेआई को पत्र न्यायपालिका को किया जा रहा कमजोर

गलत सूचना देकर न्यायपालिका के खिलाफ जनता को भड़काए जाने पर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के 21 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के समूह ने सोचे समझे दबाव, गलत सूचना और सार्वजनिक रूप से अपमान के जरिए न्यायपालिका को कमजोर करने के कुछ गुटों के बढ़ते प्रयासों पर प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को पत्र लिखा है। न्यायधीशों ने कहा कि ये आलोचक संकीर्ण राजनीतिक हितों और व्यक्तिगत लाभ से प्रेरित हैं तथा न्यायिक प्रणाली में जनता के विश्वास को कम करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह पत्र भ्रष्टाचार के मामलों में कुछ विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों में वाकयुद्ध के बीच लिखा गया है। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ को भेजी गई चिट्ठी पर हस्ताक्षर करने वालों में उच्चतम न्यायालय के चार पूर्व न्यायाधीश- न्यायमूर्ति दीपक वर्मा, कृष्ण मुरारी, दिनेश माहेश्वरी और एमआर शाह हैं।

बाकी 17 विभिन्न उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने आलोचकों पर अदालतों और न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के स्पष्ट प्रयासों के साथ कपटपूर्ण तरीके अपनाने का आरोप लगाया है। पूर्व न्यायाधीशों ने न्यायपालिका से ऐसे दबावों के खिलाफ मजबूत होने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि कानूनी प्रणाली की पवित्रता और स्वायत्तता संरक्षित रहे। पत्र में कहा गया है कि हम विशेष रूप से गलत सूचना की रणनीति और न्यायपालिका के खिलाफ जनता की भावनाओं को भड़काने के प्रयासों में चिंतित हैं। यह कोशिश न केवल अनैतिक हैं, बल्कि लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के लिए नुकसानदायक भी हैं। उन्होंने उन तरीकों से स्पष्ट रूप से दोषारोपण करके न्यायिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। इस तरह की कोशिश न केवल हमारी न्यायपालिका की पवित्रता का अपमान करती हैं, बल्कि न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों के लिए सीधी चुनौती भी हैं।

3 Justice	Dhiren Vaishnani	Former Gujarat Court Judge
4 Justice	M R Shah	Former Supreme Court Judge
5 Justice	Permod Kohli	Former Chief Justice Sikkim High Court and Chairman CAT
6 Justice	S.M.Soni	Former Judge Gujarat High Court and Lokayukt State of Gujarat
7 Justice	Ambadas Joshi	Former Judge, Mumbai High Court
8 Justice	S.N. Dhingra	Former Judge, Delhi High Court
9 Justice	R K Gauba	Former Judge, Delhi High Court
10 Justice	Gyan prakash Mittal	Former Judge, Delhi High Court
11 Justice	Ajit Bharihoke	Former Judge, Delhi High Court
12 Justice	Raghwendra Singh Rathore	Former Judge, Rajasthan High Court
13 Justice	Ramesh Kumar Marattia	Former Judge, Jharkhand High Court
14 Justice	Karam Chand Puri	Former Judge, Punjab & Haryana High Court
15 Justice	Rakesh Saksena	Former Judge, M.P.High Court
16 Justice	Narender Kumar	Former High Court Judges & Chairman, NCMEI
17 Justice	Rajes Kumar	Former Judge, Allahabad High Court
18 Justice	S.N Sinvastav	Former Judge, Allahabad High Court
19 Justice	P.N Ravindaran	Former Judge, Kerala High Court
20 Justice	Lokpal Singh	Former Judge, Utrakhand High Court
21 Justice	Rajiv Lochan	Former Judge, Allahabad High Court

पत्र में 21 पूर्व न्यायाधीशों ने हस्ताक्षर करके अपनी सहमति दी है।

- न्यायाधीशों की ईमानदारी पर सवाल उठाकर अपनाए जा रहे कपटपूर्ण तरीके

न्यायपालिका को डराने-धमकाने के लिए पत्र लिखवाया गया: कांग्रेस

न्यायाधीशों के एक समूह द्वारा प्रधान न्यायाधीश को पत्र लिखा जाना न्यायपालिका को डराने-धमकाने की रणनीति का हिस्सा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि न्यायपालिका को सबसे बड़ा खतरा कांग्रेस से नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से है। 21 पूर्व न्यायाधीशों ने खत लिखा है जो इस बात की एक और मिसाल है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री उच्चतम न्यायालय को धमकी दे रहे हैं, डरा रहे हैं और दबाव बना रहे हैं। उनका कहना था, उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि मणिपुर में संविधान नहीं बचा है। इसके बाद उसने कहा था कि चुनावी बॉण्ड असंवैधानिक है। उच्चतम न्यायालय में एक न्यायाधीश ने नोटबंदी की आलोचना की थी। इसलिए एक निष्पक्ष न्यायपालिका को डराने और धमकी देने के लिए यह तरीका अपनाया गया है।

पिछले महीने 600 वकीलों ने लिखा था सीजेआई को पत्र

पिछले महीने वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे सहित 600 से ज्यादा वकीलों ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की है। इस पत्र में लिखा कि एक ग्रुप न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है। यह खासकर राजनीतिक हस्तियों और भ्रष्टाचारों से जुड़े मामलों में ज्यादा देखने को मिल रहा है। उनका तर्क है कि ये कार्रवाइयां लोकतांत्रिक ढांचे और न्यायिक प्रक्रियाओं में रखे गए भरोसे के लिए खतरा पैदा करती है।

भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर पार्टी कार्यालय में की पत्रकार वार्ता

जो मोदी का विजन वही हमारे लिए मिशन : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम बोले, देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास, नारा दिया- 80 बनेगा आधार एनडीए 400 के पार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी बताते हुए इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध की उद्घोषणा करार दिया है। योगी के मुताबिक, आज देश का जो भी एंबीशन है वह पीएम मोदी का विजन बन चुका है और हमारे लिए वही मिशन है। इस देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास है।

सोमवार को यहां भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, इस घोषणापत्र में हमने विकसित भारत बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया है। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के चार आधार हैं। उन्होंने उप्र. में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नया नारा देते हुए कहा कि '80 बनेगा आधार, एनडीए 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार।'

योगी ने कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल मात्र नहीं है। बल्कि यह भारत के विजन को मिशन मानकर प्रभावी ढंग से लागू करने के 140 करोड़ जनता की आकांक्षा बन चुकी है। संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। आजादी के अमृतकाल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है। हमारा संकल्प पत्र नये भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत का ब्लू प्रिंट है। ये भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक युद्ध का की उद्घोषणा के साथ ही अंत्योदय से सर्वोदय और ग्लोबल लीडर भारत के संकल्प को भी दोहराता है। ये संकल्प पत्र जिन-जिन सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है वो मोदी की गारंटी पर आधारित हैं।

एक नजर

चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू

देहरादून। चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो रही है। यात्रा शुरू होने से 25 दिन पहले सोमवार से पंजीकरण शुरू हो गया है। पहले दिन 2 .50 लाख तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए सबसे अधिक 85,034 पंजीकरण हैं। पर्यटन विभाग को भारी संख्या में श्रद्धालुओं की आने की उम्मीद है।

रामनवमी पर श्रद्धालुओं को 19 घंटे दर्शन

अयोध्या। रामनवमी पर रामलला भक्तों को 19 घंटे दर्शन देंगे। रामलला के जन्मोत्सव पर 17 अप्रैल को सुबह चार से रात 11 बजे तक मंदिर में प्रवेश मिलेगा। दोपहर में 12 :16 बजे सूर्याभिषेक होगा। पांच मिनट तक सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ेंगी। शृंगार, आरती आदि दर्शन के साथ-साथ चलते रहेंगे। दोपहर 12 बजे से पहले वस्त्र शृंगार होगा और 12 बजते ही पर्दा खुल जाएगा।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से सेंसेक्स 845 अंक धड़ाम

मुंबई। शेयर बाजारों में सोमवार को दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और सेंसेक्स 845 अंक और लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित रही।

तीस शेयरों वाले बीएसई सेंसेक्स 845.12 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ दो सप्ताह के निचले स्तर 73,399.78 अंक पर बंद हुआ। एक समय यह 929.74 अंक तक टूटा था। एनएसई का निफ्टी भी 246.90 अंक यानी 1.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,272.50 अंक पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 793.25 अंक और निफ्टी 234.40 अंक के नुकसान में था। दो कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,638 अंक यानी 2.19 प्रतिशत और निफ्टी 481 अंक यानी 2.13 प्रतिशत टूटा है। व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.54 प्रतिशत और मिडकैप में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई।

23 तक तिहाड़ में ही रहेंगे केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी नीति घोटाला

- वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री

दिल्ली की अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत सोमवार को 23 अप्रैल तक बढ़ा दी।

सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की हिरासत की अवधि बढ़ा दी। इससे पहले, केजरीवाल को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया गया। उनकी पूर्व की हिरासत अवधि सोमवार को समाप्त हो रही थी। ईडी ने यह कहते हुए केजरीवाल की हिरासत 14 दिन बढ़ाने की मांग की कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार को ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के नौ अप्रैल के उस आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखा गया था।

कविता की अर्जी पर सीबीआई को नोटिस

नई दिल्ली। अदालत ने कविता की जमानत अर्जी पर सीबीआई को नोटिस जारी किया। सीबीआई और ईडी के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने कविता को 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया और संघीय एजेंसी को 22 अप्रैल तक अर्जी पर जवाब देने का निर्देश दिया। सीबीआई ने कविता को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में ईडी के गिरफ्तार करने के बाद से वह तिहाड़ जेल में थीं।

ईडी ने चनप्रीत को किया गिरफ्तार, 18 तक हिरासत में

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में चनप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आप के कोष का कथित तौर पर प्रबंधन किया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था और अगले दिन विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने सिंह को 18 अप्रैल तक ईडी हिरासत में भेज दिया। ईडी द्वारा इस मामले में यह 17वीं गिरफ्तारी है।

गाजीपुर के एसडीएम ने फांसी लगाकर जान दी

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के अतरौलिया थाना क्षेत्र में एक पीसीएस अधिकारी ने रविवार देर रात फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। पुलिस सूत्रों ने अनुसार बूढ़नपुर कस्बा निवासी आलोक कुमार सिंह (43) गाजीपुर जिले में बतौर एसडीएम तैनात थे और नगर पालिका गाजीपुर के प्रभारी ईओ का काम भी देख रहे थे। 2003 बैच के पीसीएस अधिकारी बीते 15 दिनों से अवकाश पर थे।

एक साल पूर्व आलोक कुमार की पत्नी का निधन हो गया था जिसके बाद से वे डिप्रेशन में थे। रविवार को आलोक कुमार घर पर अकेले थे और इसी दौरान उन्होंने घर में ही फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। देर रात पट्टीदारों व पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर अतरौलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की दो पुत्रियां हैं। दोनों बाहर रहकर पढ़ाई कर रही हैं।

नमक मोदी की मेहरबानी नहीं आपके टैक्स का पैसा : मायावती

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

- कुछ समय से धर्म की आड़ में जुल्म पहुंच चुका है चरम सीमा पर

अमृत विचार: बसपा सुप्रीमों मायावती ने कहा कि कुछ समय से गरीबों को अस्थायी तौर पर फ्री में जो खाद्य सामग्री दी जा रही है। उससे भला होने वाला नहीं है।

भाजपा, आरएसएस के लोग गांव-गांव जाकर कहते हैं कि मोदी ने आपको दाल-चावल और नमक भी दिया है। ध्यान रखना यह नमक मोदी का नहीं, बल्कि आपके टैक्स के पैसे का है। इसलिए गुमराह मत होना। पीलीभीत लोकसभा से बसपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू, शाहजहांपुर के प्रत्याशी डॉ. दोदराम वर्मा, ददरौल विधानसभा से उपचुनाव के प्रत्याशी सर्वेश चंद्र मिश्रा उर्फ धांधू के समर्थन में सोमवार को बीसलपुर में चुनावी जनसभा हुई। वहीं, भाजपा और कांग्रेस पर वार करते हुए मायावती ने कहा कि गलत नीतियों और कार्यप्रणाली से कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा। यही स्थिति इनकी सहयोगी पार्टियों की रही है।

सलमान के घर के बाहर फायरिंग मामले में पुलिस ने दो को उठाया

मुंबई। महाराष्ट्र में मुंबई के पॉश बांद्रा इलाके में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के आवास के बाहर कई राउंड फायरिंग के 24 घंटे में मुंबई अपराध शाखा ने नवी मुंबई से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। लॉरेंस विश्नोई गिरोह के सदस्य अनमोल बिश्नोई ने कल शाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह पांच बजे बाइक सवार दो हमलावरों ने बांद्रा स्थित सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पांच राउंड फायरिंग की। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद दोनों शूटरों को पहचान की है। इस मामले में पनवेल के सहायक पुलिस आयुक्त अशोक राजपूत ने बताया कि बाइक पनवेल में रहने वाले व्यक्ति के नाम पर है। वाहन मालिक व दो अन्य को पुलिस पूछताछ के लिए ले आई।

कर्ज लेने वालों को नहीं शुल्क की जानकारी... तो वसूली नहीं

मुंबई, एजेंसी

- बैंकों को निर्देश, व्यक्तिगत कर्जदारों, डिजिटल ऋण व छोटी राशि के कर्ज के संबंध में सभी जानकारी देना अनिवार्य

आरबीआई ने सोमवार को कहा कि बैंकों और एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां) को एक अक्टूबर से खुदरा और एमएसएमई कर्ज के लिए ऋण लेने वाले को ब्याज, सभी तरह के शुल्क और ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी (केएफएस) देनी होगी। आरबीआई ने कहा कि वास्तविक आधार पर तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाताओं की ओर से केंद्रीय बैंक के दायरे में आने वाले संस्थानों द्वारा कर्ज लेने वाले संस्थानों से वसूले गए बीमा और कानूनी शुल्क जैसी राशि भी वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) का हिस्सा होगी। इसके बारे में अलग से खुलासा किया जाएगा। साफ है कि बैंक अब लीगल खर्च, बीमा खर्च या डाक्यूमेंट के नाम पर भी छिपा हुआ शुल्क नहीं वसूल सकेंगे। प्रोसेसिंग फीस किस किस मद के लिए ली जा रही है, इसे भी बैंकों को बताना होगा। इससे कर्ज लेने वाला सोच-विचारकर वित्तीय निर्णय कर सकेंगे।

वर्तमान में, विशेष रूप से वाणिज्यिक बैंकों की तरफ से दिये गये व्यक्तिगत कर्जदारों, आरबीआई के दायरे में आने वाली इकाइयों के डिजिटल ऋण और छोटी राशि के कर्ज के संबंध में ऋण समझौते के बारे में सभी जानकारी देना अनिवार्य किया गया है। रिजर्व बैंक ने बयान में कहा कि कर्ज के लिए केएफएस पर निर्देशों को सुसंगत बनाने का निर्णय लिया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा, यह आरबीआई के दायरे में आने वाले वित्तीय संस्थानों के उत्पादों को लेकर पारदर्शिता बढ़ाने और सूचना की कमी को दूर करने के लिए किया गया है।

यह निर्देश आरबीआई के नियमन के दायरे में आने वाले सभी इकाइयों (आरई) की तरफ से दिये जाने वाले खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामलों में लागू होगा। केएफएस सरल भाषा में ऋण समझौते के मुख्य तथ्यों का एक विवरण है। यह कर्ज लेने वालों को एक मानकीकृत प्रारूप में प्रदान किया जाता है। केंद्रीय बैंक ने कहा, वित्तीय संस्थान दिशानिर्देशों को जल्द-से-जल्द लागू करने के लिए आवश्यक उपाय करेंगे। एक अक्टूबर, 2024 को या उसके बाद स्वीकृत सभी नये खुदरा और एमएसएमई सावधि ऋण के मामले में दिशानिर्देश बिना किसी अपवाद के अक्षरशः पालन किया जाएगा। इसमें मौजूदा ग्राहकों को दिये गये नये कर्ज भी शामिल हैं।

किसी भी चरण में नहीं लिया जाएगा कोई शुल्क

जहां भी आरई ऐसे शुल्कों की वसूली में शामिल है, उचित समय में हर भुगतान के लिए कर्ज लेने वालों को प्राप्त रसीदें और संबंधित दस्तावेज दिए जाएंगे। ऐसा शुल्क जिसका जिक्र केएफएस में नहीं है, उधारकर्ता की स्पष्ट सहमति के बिना ऋण की अवधि के दौरान किसी भी चरण में इस प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा सकता है। क्रेडिट कार्ड के मामले में प्राप्त होने वाली राशि को लेकर प्रावधानों से छूट दी गई है।

समाजवादी पार्टी
मैं प्रवीण सिंह ऐरन
आज दिनांक 16 अप्रैल, दिन मंगलवार को समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के रूप में 25 बरेली लोकसभा क्षेत्र से अपना
नामांकन
दाखिल करने जा रहा हूँ
आप सभी से अनुरोध है कि नामांकन कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपना समर्थन एवं आशीर्वाद दें
धन्यवाद
समय : प्रातः 9:30 बजे से
स्थान : नेहरू युवा केन्द्र निकट बड़ा डाकखाना, बरेली
राष्ट्रहित सर्वोपरि
श्रीमती सुप्रिया ऐरन
पूर्व महापौर
PraveenSinghAron1
praveen_aron
praveen_s_aron

The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

अष्टम महागौरी

मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दुःख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र-श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नमः।

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

चुनाव मैदान में उतरे भाजपा के योद्धा

मंत्री स्वतंत्र देव और राकेश सचान की मौजूदगी में छत्रपाल और धर्मेंद्र कश्यप ने भरे पर्चे

कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्र दाखिल करते आंवला भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप।

डीएम को नामांकन पत्र सौंपते बरेली भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- संतोष गंगवार, डॉ. अरुण, उमेश गौतम, कई विधायक भी पहुंचे नामांकन कराने
- दोनों प्रत्याशियों ने दो बार में कलेक्ट्रेट जाकर दाखिल किए अलग-अलग सेट

अमृत विचार : जिले की दोनों लोकसभा सीट बरेली के भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार और आंवला के धर्मेंद्र कश्यप सोमवार को आधिकारिक तौर पर चुनाव मैदान में उतर गए। ढोल-नगाड़ों और समर्थकों के नारों की गूंज के बीच कलेक्ट्रेट पहुंचे दोनों प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र के दो अलग-अलग सेट दाखिल किए। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और सांसद संतोष गंगवार के साथ कई स्थानीय भाजपा नेता पार्टी प्रत्याशियों का नामांकन कराने पहुंचे थे।

आंवला प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप ने पहली बार 11:10 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग ऑफिसर सीडीओ जग प्रवेश के समक्ष नामांकन पत्र का पहला सेट दाखिल किया। उनके साथ आंवला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह समेत कई और लोग थे। बरेली के प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार 12:10 बजे पहला सेट दाखिल करने पहुंचे। उनके साथ मंत्री राकेश सचान और कैंट विधायक संजीव अग्रवाल थे। छत्रपाल दोपहर बाद दूसरा सेट दाखिल करने पहुंचे तो नामांकन कक्ष में उनके जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद संतोष गंगवार, मेयर उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल भी मौजूद रहीं।

इसके बाद धर्मेंद्र कश्यप ने भी जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक बिथरी डॉ. राघवेंद्र शर्मा, फरीदपुर विधायक प्रो. श्याम बिहारी के साथ आकर दूसरा सेट दाखिल किया। धर्मेंद्र कश्यप के नामांकन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के भी आने का कार्यक्रम था लेकिन मैनपुरी में सभा के लिए वह लालफाटक रोड पर सभा को संबोधित करके वहीं से चले गए। भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन की वजह से कलेक्ट्रेट पर सोमवार को पूरे दिन काफी गहमागहमी रही। कलेक्ट्रेट के अंदर और बाहर भारी तादाद पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। नामांकन जुलूस में आए भाजपा समर्थकों को दो सौ मीटर पहले ही बैरिकेडिंग पर रोक दिया गया।

मंत्री-विधायकों और समर्थकों को रोकने पर नोकझोंक

पुलिस ने कलेक्ट्रेट गेट के साथ बाहर सड़कों पर भी जबर्दस्त बैरिकेडिंग कर रखी थी। पुलिस ने नामांकन के लिए जाते समय पहले वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार को बैरियर पर रोका। इसके बाद मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा, नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्या और डॉ. विनोद पागरानी को भी रोक दिया गया। इस पर भाजपा समर्थकों की पुलिस से काफी नोकझोंक भी हुई और माहौल भी गरमा गया। कलेक्ट्रेट में प्रत्याशी समेत चार लोगों को ही जाने की अनुमति दी गई। उधर, बैरिकेडिंग की वजह से आम लोग पूरे दिन दिक्कतें झेलते रहे। अधिकृत लोगों को भी पुलिस ने बैरिकेडिंग पार कर अंदर नहीं जाने दिया।

विधायक एमपी आर्य और डीसी वर्मा को एसपी क्राइम ने अंदर जाने से रोक दिया।

धर्मेंद्र कश्यप पर टिप्पणी मामले में बसपा प्रत्याशी को नोटिस

आंवला, अमृत विचार : आंवला के बसपा प्रत्याशी सय्यद आबिद अली को भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर नोटिस जारी किया गया है। इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए 48 घंटों के अंदर जवाब मांगा गया है। बुधवार को सय्यद आबिद अली ने मनौना गांव में एक नुक्कड़ सभा के दौरान सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। इसका वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम ने जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी थी। अब रिटर्निंग अधिकारी ने बसपा प्रत्याशी को नोटिस जारी कर 48 घंटे में जवाब मांगा है। चेतावनी दी है कि जवाब संतोषजनक न हुआ तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। धर्मेंद्र कश्यप के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करने से कुछ ही दिन पहले आबिद ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम में उनके फिर चुनाव जीतने की भविष्यवाणी भी की थी।

सांसद ने भी तो कहा था- नसबंदी कर दूंगा

बरेली, अमृत विचार : बसपा प्रत्याशी सय्यद आबिद रजा ने सफाई दी है कि उन्होंने धर्मेंद्र कश्यप पर पहले हमला नहीं किया, उनकी बात का जवाब दिया था। आरोप लगाया कि धर्मेंद्र कश्यप ने नसबंदी करने की बात कही थी। वह डॉक्टर नहीं हैं। बगैर डॉक्टर की डिग्री कोई किसी की नसबंदी नहीं कर सकता। वह नगर पालिका के चेयरमैन हैं, इसीलिए उन्होंने कहा था कि धर्मेंद्र कश्यप बगैर नगर पालिका की अनुमति के उसकी भूमि पर कोई मीटिंग या रोड शो नहीं कर सकते। बसपा प्रत्याशी ने यह भी कहा कि वह बैठक वाले दिन तक प्रत्याशी ही नहीं थे तो आचार संहिता का उल्लंघन कैसे हो गया।

जनता का मंच

कितनी विश्वसनीयता रह गई है चुनाव घोषणा पत्रों की?

बरेली, अमृत विचार : चुनाव घोषणा पत्र का दर्जा शपथ पत्र से कम नहीं होता क्योंकि शपथ पत्र में किए गए वादों पर जनता अपना वोट देती है लेकिन एक चुनाव से दूसरे चुनाव के बीच कोई पार्टी कभी यह रिपोर्ट कार्ड तैयार नहीं करती कि उसने अपने कितने वादे पूरे किए हैं और बाकी वादे क्यों पूरे नहीं कर पाई। लोगों का मानना है कि घोषणा पत्र राजनीतिक दलों के लिए चुनाव में उतरने के लिए एक औपचारिकता ही रह गई है। उनमें किए गए वादों को वे गंभीरता से नहीं लेते।

राजनीति अब बहुत बदल चुकी है, उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। कोई भी राजनीतिक दल या नेता अपने लिए ही काम करता है, जनता के लिए नहीं। चुनाव के बाद वही वादे पूरे हो पाते हैं जिनमें कहीं न कहीं नेताओं का अपना भी फायदा होता है। बाकी भुला दिए जाते हैं। -**विनय कुमार अग्रवाल**, आलमगीरीगंज

राजनीतिक दल चुनाव में जनता को लुभाने वाले वादे करते हैं लेकिन इनमें से आधे ही वादे पूरे हो पाते हैं। महंगाई, बेरोजगारी और काला धन जैसे कुछ मुद्दे सर्वकालिक हैं जिन पर बड़े-बड़े वादे करने के बाद भी राजनीतिक दल सत्ता में आने के बाद कोई काम नहीं करते। - **शबीना खान**, खुशबू एन्क्लेव

चुनाव से पहले जारी होने वाले राजनीतिक दलों के घोषणा पत्र अब भरोसा करने लायक नहीं रह गए हैं। इन घोषणा पत्रों के ज्यादातर वादे पूरे नहीं होते हैं। पिछली बार के ही कई वादे अधूरे हैं। कालेधन पर रोक नहीं लगाई जा सकी। राजनीति से धर्म को भी अलग कर देना चाहिए। - **जुल्फिकार हुसैन**, सिटी स्टेशन

कुछ राजनीतिक दल हैं जो चुनाव घोषणा पत्र में किए गए वादों को गंभीरता से लेते हैं, ज्यादातर दल जीतने के बाद उन पर कोई काम नहीं करते हैं। कई वादों को थोड़ा-बहुत रद्दोबदल करके अगले चुनाव में फिर अपने घोषणा पत्र में शामिल कर लिया जाता है। यह जनता के साथ धोखा है। - **हरिशंकर**, प्रेमनगर

चुनाव से पहले अपना घोषणा पत्र जारी करना प्रमुख राजनीतिक दलों की मजबूरी होती है लेकिन पिछले चुनावों का इतिहास देखें तो पता चलता है कि ज्यादातर वादे पूरे नहीं हुए हैं। पिछले कुछ समय में जनता इसको लेकर काफी सजग हुई है। उसे पता है कि किस राजनीतिक दल ने पिछले चुनाव में अपने घोषणा पत्र में क्या लिखा था और उसे कितना पूरा किया। प्रत्याशी हो या दल, अगर कोई अपने वादे नहीं पूरा करता तो जनता भी उसे नकार देती है। जनता का टूटा भरोसा ही सत्ता परिवर्तन का कारण बनता है। - **डॉ. वर्तिका शाह**, असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति शास्त्र प्रीति रूरल इंस्टीट्यूट भुता

नया नारा, सौ में 75 हमारा...25 में बंटवारा

धर्मेंद्र कश्यप की नामांकन सभा में बोले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद

बरेली, अमृत विचार : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने सोमवार को लालफाटक रोड पर एक बैंक्वेट हॉल में पार्टी प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में जनसभा संबोधित की। इस दौरान उन्होंने ''सौ में 75 हमारा, 25 में बंटवारा'' का नारा देते हुए सपा को माफिया-दंगाइयों की पार्टी और कांग्रेस को भ्रष्टाचार की अम्मा बताया। बोले, बसपा इस चुनाव में कहीं दिख ही नहीं रही है।

डिप्टी सीएम ने भाजपा के संकल्प पत्र की प्रमुख बातें गिनाते हुए कांग्रेस पर 12 लाख करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया। भ्रष्टाचारियों पर अब तक हुई कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि यह तो अभी ट्रेलर है। असली पिक्चर चार जून के बाद दिखेगी। कहा, गर्मी में भी विपक्ष ठंडा पड़ा है। राहुल, अखिलेश और मायावती ने चुनाव से पहले ही हार मान ली है। सपा की साइकिल उड़कर सैफई चली गई है। कांग्रेस की पतली हालत का अंदाजा अरुणाचल प्रदेश से लगा सकते हैं। कहा, विपक्षियों के पास कोई नेता है न कोई नीति। नियत भी ठीक नहीं है। जब सरकार थी तो किसी की सुध नहीं लेते थे। 2014 में प्रदेश में 73 और 2019 में भाजपा को 64 सीटे मिली थीं। इस बार पार्टी सभी 80 सीटों पर जीतने जा रही है।

प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में बोलते डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या।

धर्मेंद्र कश्यप बोले- कोई एक पैसे का आरोप लगा दे तो वोट मांगने नहीं आऊंगा

भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि वह दस साल से सांसद हैं। अगर कोई एक पैसे का भी आरोप लगा दे तो चुनाव में वोट मांगने नहीं आएंगे। कहा, 1980 बाद से एक भी फैक्ट्री नहीं लगी थी, लेकिन अब फरीदपुर में फैक्ट्री लग रही है। सपा शासन में शाम छह बजते ही लूट, चोरी, डकैती शुरू हो जाती है। पहले यहां से शहर जाने में एक घंटा लगता था, लाल फाटक पुल बनने के बाद चार मिनट लगते हैं। सभा में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, राज्यसभा सांसद मिथलेश कठेरिया, विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, राजीव कुमार सिंह, प्रो. श्याम बिहारी लाल, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, आंवला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी अशोक भारतीय, संयोजक राणा प्रताप सिंह, बदायूं जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

डिप्टी सीएम ने बूथ अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों से कहा कि जोश कम नहीं होना चाहिए ताकि यूपी को दंगामुक्त और माफिया मुक्त प्रदेश बनाया जा सके। बोले, इस बार हर बूथ पिछले चुनाव से 370 वोट ज्यादा डलवाने हैं। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर और अनुच्छेद 370 का भी जिक्र किया।

भाजपा राष्ट्रवादी, सपा-बसपा लूटने वाली

छत्रपाल की नामांकन सभा में बोले मंत्री स्वतंत्रदेव का संबोधन

बरेली, अमृत विचार : बरेली से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार के नामांकन में पहुंचे जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मिशन कंपाउंड में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित है। विदेश में काम करने वाले युवाओं की भी सुरक्षा की पूरी गारंटी है। कांग्रेस सरकार में जम्मू में भारत माता की जय बोलना अपराध था। सपा सरकार में बिजली नहीं मिलती थी। रात में काम से घर लौटकर लोग दो रोटी खाकर सो जाते थे। घर में अंधेरा होने से पत्नी का चेहरा तक नहीं देख पाते थे। भाजपा ने हर घर में रोशनी का इंतजाम किया है।

जल शक्ति मंत्री ने कहा कि अगर कोई महिला रात को 12 बजे भी सोना पहनकर निकल तो रास्ते में उसके साथ कुछ नहीं हो सकता। बोले, श्रीराम मंदिर के निर्माण से बड़ा रोजगार सृजित हुआ है। भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है, हम देश के लिए काम करते है। सपा-बसपा जनता को लूटने वाली पार्टी है। स्वतंत्र देव ने कहा कि बरेली के कार्यकर्ता काफी मेहनती हैं। उन्होंने प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना को मंच पर खड़ा कर कार्यकर्ताओं के सम्मान में सिर झुकाने को कहा। सांसद संतोष गंगवार के सम्मान में जनसमूह से तालियां बजवाईं। लोकसभा क्षेत्र संयोजक राजकुमार शर्मा का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में जब भाजपा सरकार नहीं थी, तब भी राजकुमार का जलवा बरेली में था, वह उनके साथ युवा मोर्चा में काम कर चुके हैं। भले ही अब तक उन्हें कुछ मिला हो या नहीं लेकिन पूरे मनायोग से पार्टी के लिए काम कर रहे है।

प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार के समर्थन में जनसभा में बोलते जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

संतोष बोले- नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाएं

सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि जनता ने उन्हें बहुत स्नेह दिया है इसलिए वह आभारी हैं। बोले, पूरी सक्रियता से चुनाव प्रचार करने की जरूरत है। उनका आग्रह है कि नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए सभी पूरे मनोयोग के साथ जुटें।

छत्रपाल बोले- कार्यकर्ता मेरे प्रतिनिधि बनकर करें प्रचार

भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल सिंह ने कहा कि वह अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचने का प्रयास करेंगे मगर समय कम है। कार्यकर्ताओं से बोले, मेरे प्रतिनिधि बन कर सभी लोगों के पास जाएं। जीतने के बाद आप सभी खुद को छत्रपाल सिंह समझिएगा। सभा में वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. एमपी आर्या, डॉ. डीसी वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, डॉ.केएम अरोड़ा, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, पूर्व विधायक सुभाष पटेल, बहोरन लाल मौर्य, देवेंद्र सिंह, साधना मिश्रा, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. विनोद पागरानी आदि मौजूद रहे है।

आधी आबादी की आवाज...

महिलाओं को खुद तय करनी होगी अपनी भूमिका

लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता समान है। आधी आबादी को नेता और मतदाता दोनों रूप में अपनी भूमिका खुद तय करनी चाहिए। ज्यादा संख्या में चुनाव जीतकर महिलाओं का संसद में पहुंचना सकारात्मक बदलाव है। 27 साल इंतजार के बाद महिला आरक्षण बिल पारित होने से महिलाओं की राजनीतिक भूमिका में परिवर्तन आएगा। साक्षरता बढ़ने के बाद कुछ ग्रामीण महिलाएं भी अब सिर्फ घरवालों के कहने पर वोट नहीं डालतीं। बच्चों की पढ़ाई, खेतीबाड़ी और स्वास्थ्य के मुद्दों पर उनकी अपनी भी एक धारणा है। शहरी महिलाएं जागरूक हैं लेकिन राय देने में संकोच करती हैं क्योंकि राजनीति का अपने जीवन पर प्रभाव नहीं पड़ने देना चाहतीं। उन्हें मुद्दों पर अपनी बात रखनी चाहिए और अपनी बेटियों को भी इन मुद्दों पर बोलने की प्रेरणा देनी चाहिए। - **मनीषा मेहरा**, इनरव्हील क्लब बरेली साउथ

अगर मैं बन जाऊं प्रधानमंत्री

- जिला अस्पतालों में हर नेता के इलाज की अनिवार्यता ताकि उनकी हालत सुधरे।
- व्यापारियों के लिए नियम आसान कराएंगे।
- महंगाई को रोकने और रोजगार के लिए उत्पादन बढ़ाऊंगा।

चंद्रन सेठी, व्यापारी

- जनता की जरूरत के अनुसार वास्तविक विकास कराने पर जोर दूंगा।
- रोजगार सृजन की योजनाएं बनाऊंगा ताकि बेरोजगार न रहें।
- कड़े नियम ताकि किसी को धार्मिक-जातीय भेदभाव न झेलना पड़े।

शकील, ड्राइवर

- बेरोजगारी बहुत है, रोजगार सृजन को बढ़ावा दूंगा।
- बाहर के देशों से आयात निर्यात के लिए अच्छे रिश्ते बनाऊंगा।
- सुरक्षा-व्यापार के बढ़ावे के लिए दूसरे देशों से संबंध बनाऊंगा।

मोहम्मद इमरान, रेस्टोरेंट मालिक

- बेरोजगारी दूर करूंगा, देश के करोड़ों युवा बेरोजगारी झेल रहे हैं।
- गरीबों का जीवन आसान करने को महंगाई पर काबू करूंगा।
- सस्ती- अच्छी शिक्षा सुलभ कराऊंगा।

तबिश अहमद, सेल्समैन

धर्मेंद्र कश्यप के पास 3.43 करोड़ की संपत्ति, पर कार नहीं

बरेली, अमृत विचार : नामांकन के साथ दाखिल किए गए शपथपत्र के मुताबिक 1988 में जीबी पंत स्कूल रम्पुरिया फरीदपुर से 10वीं पास आंवला के भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप की कुल संपत्ति 3.43 करोड़ की है। हालांकि उनके पास कोई कार नहीं है। सांसद ने अपने आय का स्रोत वेतन, ब्याज और भत्ता और पत्नी सरोज की आय का स्रोत किराया बताया है। कोई आपराधिक मामला भी दर्ज नहीं है। वह सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर सक्रिय रहते हैं। धर्मेंद्र की 2018-19 में वार्षिक आय 11 लाख 47 हजार 100 रुपये थी और 2022-23 में 11 लाख 31 हजार 770 रुपये। पत्नी की वार्षिक आय 2018-19 में 5 लाख 43 हजार 480 रुपये थी और 2022-23 में छह लाख 99 हजार 450 रुपये। सांसद, उनकी पत्नी और बेटियों पर कोई कर्ज नहीं है।

करीब 25 लाख का सोना

गहनों के शौकीन सांसद के पास 6 लाख 13 हजार 800 रुपये और पत्नी सरोज के पास 18 लाख 41 हजार का सोना है। बेटियों के पास भी सोना है।

कैश, बैंक खाते और जीवन बीमा

धर्मेंद्र के पास 42,112, पत्नी के पास 8,820, बेटी मोनी के पास 2,19,140, कीर्ति के पास 74,400 रुपये कैश है। धर्मेंद्र के चार खाते हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा के एक खाते में 10 हजार, दूसरे में 19138, तीसरे में 27602 रुपये हैं। एक खाता खाली है। एसबीआई के खाते में 13 लाख 24 हजार 394 रुपये हैं। पत्नी के खाते में 7,375 रुपये हैं। बेटी मोनी के खातों में 6,67,388 और 74154, कीर्ति के एक खाते में 11,764 और दूसरे में 680 रुपये हैं। धर्मेंद्र के पांच जीवन बीमा हैं। पत्नी के दो और बेटी कीर्ति का एक बीमा है। मोनी का बीमा नहीं है।

पत्नी के साथ धर्मेंद्र कश्यप की 1.94 करोड़ की संयुक्त संपत्ति

सांसद के पास कांधरपुर के अलावा और जगह भी कृषि योग्य भूमि है। पत्नी के साथ संयुक्त रूप से प्लाट भी है। जीडीए के 81 लाख कीमत के दो फ्लैट हैं। इन सबकी कुल कीमत 1,94,24,700 रुपये है।

पत्नी-बेटियों के पास निजी संपत्ति भी

पत्नी सरोज कश्यप 66 लाख 23 हजार 766 की मालकिन हैं। बेटी मोनी की संपत्ति 89 लाख 42 हजार 225 है। दूसरी बेटी कीर्ति के पास 20 लाख 61 हजार की संपत्ति की है।

छत्रपाल लाखों के कर्जदार, हत्या की कोशिश समेत कई केस भी

बरेली, अमृत विचार : बरेली सीट से भाजपा प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार की शैक्षिक योग्यता एमए बीएड है और वह करीब चार करोड़ 62 लाख की संपत्ति के मालिक हैं। नामांकन के साथ दिए गए शपथ पत्र के मुताबिक उनके पास तीन करोड़ 99 लाख 90 हजार की अचल संपत्ति और 62 लाख 63 हजार रुपये की चल संपत्ति है। उन्होंने अपने आय का स्रोत पेंशन, कृषि और व्यापार बताया है। सेवानिवृत्त शिक्षक छत्रपाल पर वर्ष 2012 और 2013 में थाना बहेड़ी में बलवा, हत्या की कोशिश, मारपीट के तीन केस दर्ज हैं। आचार संहिता उल्लंघन का भी मामला है। एक मामला एमपीएमएलए कोर्ट में है। छत्रपाल के पास एक लग्जरी कार है, जिसकी कीमत 15.46 लाख है। दमखोदा इंडस्ट्रीज में 50 फीसदी की भागीदारी है। वह सोशल मीडिया पर भी सक्रिय हैं।

पांच साल में बढ़ गई आय

शपथ पत्र के मुताबिक छत्रपाल सिंह की वार्षिक आय 2018-19 में 10 लाख 76 हजार 16 रुपये थी जो पांच साल में बढ़कर 13 लाख 70 हजार 130 रुपये हो गई है।

परिवार की आय का जिक्र नहीं

भाजपा प्रत्याशी ने अपने शपथ पत्र में पत्नी, बेटी शताक्षी गंगवार और सुहानी गंगवार की आय का जिक्र नहीं किया है।

पत्नी के पास कैश न बीमा गहने भी नहीं

शपथपत्र के मुताबिक छत्रपाल सिंह की पत्नी के पास कोई नकदी नहीं है। उनका जीवन बीमा भी नहीं है और न ही उनके पास गहने हैं। पत्नी के पास जमीन है या नहीं, शपथ पत्र में इसका भी हवाला नहीं दिया गया है।

बेटियों के पास लाखों का सोना, बैंक बैलेंस भी

छत्रपाल के पास 1.60 लाख, बेटी शताक्षी के पास 20 हजार और सुहानी के पास 18 हजार रुपये की नकदी है। छत्रपाल सिंह और उनकी दोनों बेटियों के पास बैंक बैलेंस भी है। दोनों बेटियों के पास नौ लाख का सोना है। बेटी शताक्षी के पास 11.93 लाख और सुहानी के पास 14.32 लाख की जमीन है। इनके पास दमखोदा, पिपरानानगर में खेती योग्य जमीन भी है। जीडीए में एक प्लॉट है। वह सात लाख 44 हजार रुपये के बैंक के कर्जदार भी हैं।

सपा के प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन और नीरज मौर्य आज पर्चा दाखिल करेंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: इंडिया गठबंधन की ओर बरेली के सपा प्रत्याशी प्रवीण सिंह ऐरन और आंवला के प्रत्याशी नीरज मौर्य मंगलवार को नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन जुलूस में सपा और कांग्रेस के कई नेताओं के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाने की तैयारी की जा रही है। सोमवार को भाजपा के बरेली और आंवला के प्रत्याशी की ओर से नामांकन दाखिल किए गए, अब मंगलवार को सपा के दोनों प्रत्याशी कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल करेंगे। पार्टी के मुताबिक प्रवीण सिंह ऐरन और नीरज मौर्य के समर्थन में सुबह 10 बजे नेहरू युवा केंद्र पर विशाल जनसभा होगी, जिसे सपा और कांग्रेस के प्रमुख नेता संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे दोनों प्रत्याशी नामांकन कराने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे।

प्रवीन सिंह ऐरन।

नीरज मौर्य।

- नेहरू युवा केंद्र में नामांकन सभा के बाद नामांकन कराने कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे दोनों प्रत्याशी

ऐसे निकाले गए डॉ. पागरानी

पुलिस और डॉ. विनोद पागरानी के बीच कलेक्ट्रेट गेट पर धक्कामुक्की हो गई।

बसपा प्रत्याशी बोले- नामांकन कराने आया था, घुसने नहीं दिया, अब कल कराऊंगा

बरेली, अमृत विचार : बरेली से बसपा प्रत्याशी मास्टर छोटेलाल गंगवार भी सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। कलेक्ट्रेट के बाहर उन्होंने बताया कि वह नामांकन दाखिल करने आए थे लेकिन उन्हें कलेक्ट्रेट में घुसने नहीं दिया गया। अब वह मंगलवार को नामांकन कराएंगे। बसपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने बताया कि छोटेलाल गंगवार मंगलवार सुबह 9 बजे प्रेमनगर स्थित धर्मकांटे से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कलेक्ट्रेट पर आकर नामांकन करेंगे। आंवला के बसपा उम्मीदवार सयय्द आबिद अली ने बताया कि वह 18 अप्रैल को दोपहर एक बजे नामांकन करेंगे।

अस्पताल में लगा दिए बैरियर, भटके मरीज

सड़क निर्माण के लिए ओपीडी का रास्ता बंद करने से बढ़ गईं दिक्कतें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिला अस्पताल में सीवर लाइन मरम्मत के साथ नई सड़क डाली जा रही है। रास्ते पर बैरियर लगा दिए गए हैं। इस वजह से मरीजों को ओपीडी भवन तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। सोमवार को कुतुबखाना रोड पर जाम झेलने के बाद जब मरीज अस्पताल पहुंचे तो उन्हें परेशानी से जूझना पड़ा।

अस्पताल में पांच महीने से सीवर लाइन की मरम्मत का कार्य चल रहा है, जो अभी तक पूरा नहीं हो सका है।इस कारण पहले से ही मरीजों को आवाजाही में सुविधा हो रही थी, लेकिन रास्ते में बैरियर लगाए जाने मुसीबत और बढ़ गई।

जिला अस्पताल से ओपीडी भवन जाने वाला रास्ता किया बंद ।

मरीज बोले- रात में निर्माण कार्य होता तो नहीं होती परेशानी

अस्पताल पहुंचे कई मरीजों का कहना था कि यदि रात में सड़क निर्माण कार्य कराया जाता तो रोगियों को आवाजाही में परेशानी नहीं होती। कुछ मरीजों ने अस्पताल प्रशासन से शिकायत करते हुए कहा कि मार्ग बंद होने से समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है।

न करा सके जांचें, न मिला समय पर इलाज

सड़क निर्माण के चलते ओपीडी भवन के सामने और पैथोलॉजी लैब को जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया। मरीज जांच कराने के साथ ओपीडी में पहुंचने के लिए घंटों मार्ग खुलने का इंतजार करते रहे। कई मरीज जांच नहीं करा सके। कुछ को इलाज भी समय पर नहीं मिल पाया।

सीवर लाइन मरम्मत के दौरान अस्पताल की सड़क जर्जर हो गई थी, जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने पर जलभराव की समस्या भी निजात मिल जाएगी। -डॉ. अलका शर्मा, एडीएसआईसी, जिला अस्पताल

रेलवे का एक और स्पेशल ट्रेन चलाने का एलान

- 6 मई से गुवाहटी से जम्मूतवी के बीच चलेगी ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रेलवे ने सोमवार को एक और स्पेशल ट्रेन को चलाने का एलान किया। ट्रेन गुवाहटी से जम्मूतवी के बीच चलेगी। रेलवे अब तक कई स्पेशल ट्रेनें चलाने का एलान कर चुका है लेकिन मौजूदा समय में चल रही ट्रेनों में जगह नहीं मिल रही है।

मुरादाबाद रेल मंडल के सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि ट्रेन संख्या 05656 गुवाहाटी-जम्मूतवी 6 मई से एक जुलाई के बीच प्रत्येक सोमवार को 20:30 बजे चलकर तीसरे दिन बुधवार को तड़के 03:37 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 05655 जम्मूतवी-गुवाहाटी स्पेशल ट्रेन 9 मई से 4 जुलाई के बीच प्रत्येक गुरुवार को जम्मूतवी से सुबह 10 बजे चलकर देर रात 23:07 बजे बरेली जंक्शन पहुंचेगी।

मुंबई के लिए भी चलेगी ट्रेन

इज्जतनगर रेल मंडल प्रशासन ने काठगोदाम से मुंबई जाने वाली स्पेशल ट्रेन चलाने का सोमवार को नोटिफिकेशन जारी किया। 09075 मुंबई सेंट्रल काठगोदाम स्पेशल ट्रेन 24 अप्रैल से 26 जून के बीच प्रत्येक बुधवार को मुंबई सेंट्रल से चलेगी और अगले दिन 10:45 बजे बरेली जंक्शन, 11:03 बजे बरेली सिटी, 11:23 बजे इज्जतनगर स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में 09076 काठगोदाम मुंबई सेंट्रल 25 अप्रैल से 27 जून के बीच प्रत्येक गुरुवार को काठगोदाम से चलकर इज्जतनगर 20:03 बजे, बरेली सिटी 20:21 बजे, बरेली जंक्शन 20:42 बजे पहुंचेगी।

अवध असम एक्सप्रेस में सीट के लिए भिड़े यात्री

बरेली, अमृत विचार : अवध असम एक्सप्रेस में सोमवार को सीट को लेकर यात्री आपस में भिड़ गए। बरेली जंक्शन पर ट्रेन पहुंची तो आरपीएफ ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत किया। ट्रेन के स्लीपर और जनरल कोच की स्थिति एक जैसी थी। ट्रेन में चढ़ने को लेकर आपस में लोगों की कहासुनी हो गई, जबकि एसी कोचों बर्थ पाने के लिए यात्री टीटीई के पीछे-पीछे भागते दिखाई दिए।

यात्रियों की प्यास बुझाने के दावे हवाई, टोटियों से पानी न आने का वीडियो वायरल

बरेली, अमृत विचार : रेल प्रशासन गर्मी के मौसम में यात्रियों की प्यास बुझाने के पर्याप्त इंतजाम करने का दावा कर रहा है, लेकिन सच्चाई इससे जुदा है। बरेली जंक्शन पर पेयजल संकट बना हुआ है। टंकी की टोटियों से पानी न आने का वीडियो वायरल हो रहा है। दो दिन पहले मोटर खराब होने की बात सामने आई है। हालांकि अफसर सोमवार से पानी की सप्लाई बहाल होने की बात कह रहे हैं। वायरल वीडियो बरेली जंक्शन के प्लेटफार्म एक का बताया जा रहा है। किसी यात्री ने रविवार को वीडियो बनाकर वायरल किया था। बताते हैं कि शनिवार और रविवार को पूरे स्टेशन पर पानी की आपूर्ति बाधित रही। रेल अधिकारियों के मुताबिक पानी आपूर्ति की जिम्मेदारी इंजीनियरिंग विभाग की है। स्टेशन अधीक्षक भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पानी की मोटर खराब हो गई थी। जिसको ठीक कराने के लिए मेमो इंजीनियरिंग विभाग को दिया गया था। पूरी तरह पानी प्रेशर नहीं आ रहा था। मोटर ठीक करा दी गई है।

पांच गुना बढ़ी रेल नीर की खपत

गर्मी का मौसम आते ही बरेली जंक्शन पर रेल नीर की खपत बढ़ गई है। आम तौर पर 1200 बोतल प्रतिदिन बिक रही थीं, वहीं अब करीब 6000 बोतल प्रतिदिन बिक रही हैं। पांच गुना रेल नीर की खपत बढ़ गई है।

आधार संशोधन : एक ही बार जन्मतिथि में हो सकता है बदलाव

बरेली, अमृत विचार : डाक विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जा रही आधार सुविधा में लाभार्थी सिर्फ एक बार ही लिंग और जन्मतिथि में बदलाव कर सकते हैं। इस संबंध में डाककर्मी आधार संशोधन करने से पहले लोगों को इसकी जानकारी दे रहे हैं। जनसंपर्क अधिकारी एसपी शर्मा ने बताया कि आधार के लिए प्रवेश प्रक्रिया के चलते अधिक संख्या में बच्चे अभिभावक के साथ पहुंच रहे हैं। सभी नियमों को लाभार्थियों को आधार संशोधन से पहले बताया जा रहा है।

स्टाफ ने एम्बुलेंस में कराया सुरक्षित प्रसव

बरेली, अमृत विचार : सरकारी एंबुलेंस में सोमवार को महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया। सीएचसी भमोरा क्षेत्र के गांव केमुआ निवासी की आशा ने गर्भवती महिला दीपमाला पत्नी कृष्ण कुमार के प्रसव पीड़ा होने पर 108 एंबुलेंस बुलाई। एंबुलेंस से दीपमाला को घर से सीएचसी ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में हालत गंभीर हो गई। इस पर इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन सुबोध कुमार ने पायलट अनुज कुमार को सड़क के किनारे एंबुलेंस रोकने को कहा। एंबुलेंस में ही काफी देर से फंसे हुए बच्चे को नाल से काट कर अलग किया। आशा ने बताया महिला के प्लेसेंटा बहुत देर से फंसा हुआ था। इसके बाद महिला को सीएचसी भमोरा में भर्ती कराया, जहां स्टाफ नर्स ने मां और बच्चे को सुरक्षित और स्वस्थ बताया।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक

नवजात शिशुओं में खतरनाक लक्षण

1. शिशु का किन्हाना या कराहना
2. शिशु का दूध का कम पीना या न पी पाना
3. दूध पीने पर ओंछू या फंदा लगना
4. सांस की गति प्रति मिनट 60 या उससे अधिक होना
5. छाती के निचले भाग में गड्ढे पड़ना
6. सांस के साथ नथूने फूलना
7. नाल से या कान से मवाद आना, आंख से कीचड़ आना, त्वचा में फोड़े-फुंसी होना
8. शिशु की सांस का अनियमित होना या सांस रोकना
9. तलुआ (AF) फूलना
10. शिशु का सुस्त या बेहोश हो जाना (शिशु द्वारा हाथ पैर का कम चलाना)
11. खून की कमी से शिशु का सफेद होना
12. आक्सीजन की कमी से शिशु का नीला पड़ना
13. शिशु के शरीर का रंग स्लेटी व त्वचा का सख्त होना
14. शिशु के नाल, उल्टी या टट्टी में खून आना
15. नवजात शिशुओं में पीलिया
- 24 घंटे के अन्दर
- 14 दिन के बाद भी
- हथेली व तलुवे का भी पीला होना
- Bilirubin का 20 से अधिक होना
16. शिशु को दौरे पड़ना
17. शिशु को बुखार या तापमान का कम होना
18. पेट फूलना व टट्टी, पेशाब का न आना
19. शिशु को 24 घण्टे के बाद भी पेशाब व टट्टी न होना
20. लगातार व हरे रंग की उल्टियां होना व मुँह से झाग आना
21. शिशु का सफेद मुंआ होना
22. शिशु का सात दिन के बाद भी वजन न बढ़ना
23. शिशु का बहुत अधिक रोना

(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस.
(आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
- चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
- बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
- बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
- महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
- बवासीर, फिशर
- मानसिक रोग (डिप्रेशन)
- चेहरे के कील, मुहांसे
- मिर्गी
- माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
- ब्लड प्रेशर, शुगर
- सियाटिका का दर्द
- मानसिक दुर्बलता
- मोटापा
- पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
- साइनस
- टॉसिल का बढ़ जाना
- थायराइड
- जोड़ों का दर्द
- गुप्त रोग

पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

ओम शान्ति हॉस्पिटल

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
- कान का बहना, कम सुनाई देना
- चक्कर आना
- सिर में दर्द
- नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना
- नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना
- सोते समय खर्राटे आना
- आवाज का बैठ जाना
- मुंह न खुलना
- चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना
- खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले
- गले में गाँठें

नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
- कान के पर्दे में छेद
- नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी
- गले में टांसिल
- मुँह में कैंसर
- गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ
- लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन
- नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी
- गले में मांस के कारण बैठी आवाज
- आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन

दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
- दाँतों का डिजिटल X-Ray
- दाँतों की नस का इलाज (RCT)
- अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling)
- दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना
- फिक्स दाँत (Bridges)
- बत्तीसी बनाना (Complete Denture)
- बिना दर्द के दाँत निकालना
- लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing)
- हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant)
- टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment)
- बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज

विभाग :-
- नाक, कान, गला रोग
- दन्त रोग
- हड्डी व जोड़ रोग
- चर्म रोग
- जनरल फिजीशियन

24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- घबराहट, छाती में दर्द या भारीपन, सांस फूलना, पैरों में सूजन, हाई ब्लडप्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, डाइबिटीज (शुगर), सीने या पेट में जलन या दर्द, हार्ट अटैक, हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली

NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

PRIME HOSPITAL
प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
- मेडिसिन विभाग
- सर्जरी विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति विभाग
- मानसिक रोग विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- न्यूरो विभाग
- बाल रोग विभाग

आयुष्मान योजना के तहत फ्री ऑपरेशन व इलाज
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान एम.डी.
7302532226, 9758044442

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक-
शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353

अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. पुनीत सरपाल (वरिष्ठ चिकित्सक)
डॉ. सोनम सरपाल (चिकित्सक)
समय-प्रातः 9 बजे से सायं 7 बजे तक
विशेषज्ञ
कैंसर, गुर्दे रोग, पथरी, बांझपन, हाईड्रोसीफलस, चर्म रोग
PILES, FISSURE, FISTULA, AVN, PANCREAS, ITP
Since 1978
सरपाल होम्योपैथी
ए-92, आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के पास, एकता नगर, बरेली
9837318170, 6397009532

डॉ. प्रियम सरपाल
youtube channel : www.youtube.com/user/drPunitSarpal/Videos

जज को नहीं जाने दिया कोर्ट, बोले- आदेश तो आदेश है इंस्पेक्टर समेत चार पुलिसकर्मियों का होगा निलंबन

चुनाव आयोग को भेजी संस्तुति, परिचय देने के बावजूद नहीं माने पुलिस वाले तो एसएसपी को किया फोन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट के पास लोकसभा चुनाव ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों ने सिविल जज जूनियर डिवीजन आकाश गुप्ता की कार रोक दी। जज के परिचय देने के बाद भी पुलिसकर्मियों ने कार जाने नहीं दी तो जज ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को फोन कर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई के आदेश दिए। एसएसपी ने एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की संस्तुति कर चुनाव आयोग को रिपोर्ट भेज दी है। इस मामले में वहां मौजूद एसपी क्राइम मुकेश कुमार सिंह की भी लापरवाही भी सामने आई है।

लोकसभा चुनाव के नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट में एसपी समेत ढाई सौ पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। सोमवार को भी उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच रहे थे। इसी दौरान करीब एक बजे स्टेशन रोड से कलेक्ट्रेट की तरफ सिविल जज जूनियर डिवीजन आकाश गुप्ता अपनी कार से कोर्ट के लिए जा रहे थे। वहां पर बैरिकेडिंग कर लोगों और वाहनों को रोका जा रहा था। अपराध शाखा में तैनात निरीक्षक श्रवण कुमार सिंह, मीरगंज थाने में तैनात दरोगा सूरज पाल सिंह, फतेहगंज पश्चिमी के सिपाही विष्णु कुमार और लेखपाल सागर ने जज की गाड़ी को रोक दिया। जज की गाड़ी पर स्टीकर लगा हुआ था, इसके अलावा उन्होंने अपना परिचय भी दिया। आरोप है कि इसके बावजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। जिस पर उन्होंने तुरंत एसएसपी को फोन कर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आदेश दिया। एसएसपी ने जांच कराई तो सभी की ड्यूटी में लापरवाही पाई गई। जिसके बाद सभी को निलंबित करने के लिए चुनाव आयोग को संस्तुति भेज दी है।

कलेक्ट्रेट के पास जज की कार रोकते पुलिसकर्मी।

हिमाकत : तीन बार आईकार्ड दिखाया लेकिन एक नहीं सुनी

बताया जा रहा है कि जज कार खुद चला रहे थे। जब पुलिस ने उन्हें रोका तो उन्होंने कहा कि वह कोर्ट में जा रहे हैं। इस पर पुलिस कर्मियों ने इशारा कर कहा कि दूसरी तरफ से जाइए। इस पर जज ने कहा कि आपके जो वरिष्ठ अधिकारी हैं उनको बता दें। दरोगा और सिपाहियों ने कहा है कि जो आदेश है वह सबके लिए आदेश है। इस दौरान इंस्पेक्टर भी पहुंचे और उन्होंने भी इशारा कर दिया की घूम कर जाओ। जज ने तीन बार अपना आईकार्ड भी दिखाया लेकिन पुलिसकर्मी नहीं मानें।

एक इंस्पेक्टर समेत चार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी में लापरवाही पाई गई है। चारों को निलंबित करने के लिए संस्तुति कर चुनाव आयोग को रिपोर्ट भेज दी है।
-घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

लोगों की भी पुलिस से हुई नोकझोंक : नामांकन के दौरान कचहरी के लिए आने-जाने वाले लोगों को भी रोका गया। इस दौरान पुलिस और लोगों के बीच भी तीखी नोकझोंक चलती रही। हालांकि विवाद बढ़ने पर कोई न कोई अधिकारी आकर समझा लोगों को शांत कर देते। एक मंत्री के साथ भी पुलिस की नोकझोंक हुई हालांकि एक सीओ ने आकर मामला किसी तरह से संभाला।

बैरिकेडिंग से कलेक्ट्रेट के सभी रास्तों पर आवाजाही रुकी तो बदायूं रोड पर काफी देर जाम भी लगा रहा।

सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य ने चुनाव कार्यालयों का किया उद्घाटन

आंवला, अमृत विचार : सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। सोमवार को उन्होंने फरीदपुर में बीसलपुर रोड, देवचरा में बल्लिया रोड के साथ दातागंज और बिथरी विधानसभा क्षेत्र में भी अपने चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने अधिवक्ताओं के चैंबर पर जाकर उनसे वोट मांगे। कहा, क्षेत्र में 10 साल में कोई काम नहीं हुआ है और आंवला की जनता को कोरे आश्वासन दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें जर्जर हाल में हैं। युवाओं के लिए रोजगार के साधन नहीं है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही इन सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उनके साथ पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव, महिपाल सिंह यादव, आंवला लोकसभा क्षेत्र के चुनाव प्रभारी शुभलेश यादव, जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष बलराम यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख आदेश यादव गुड्डू, सत्येंद्र श्रीवास्तव, रमेश यादव ,पीयूष वर्मा, जुल्फिकार भाई, कैप्टन अर्जुन सिंह, सतीश कुमार, महिपाल सिंह, आशीष, अवनीश यादव, हिरदेश यादव आदि मौजूद थे।

रिछा के पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद भाजपा में शामिल

बरेली/देवरनियां, अमृत विचार : रिछा के पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद सपा छोड़कर सोमवार को अपने भाई डॉ. मोबीन के साथ भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले रिछा के ही तनवीर अहमद उर्फ काला बच्चा भाजपा में शामिल हुए थे। सपा में रहते हुए कभी मुलायम सिंह यादव से अच्छे रिश्ते रखने वाले डॉ. मोबीन और उनके भाई पूर्व चेयरमैन अब्दुल वहीद का भाजपा में शामिल होना सपा के लिए झटका माना जा रहा है। दोनों तमाम समर्थकों के साथ पिछले दिनों मुख्यमंत्री की सभा में भी पहुंचे थे।

सपा के पूर्व पार्षद डॉ. रविंद्र यादव भाजपा में शामिल

बरेली, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व पार्षद डॉ. रविन्द्र कुमार यादव लल्ले भाजपा में शामिल हो गए। उन्हें जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को भाजपा की सदस्यता दिलाई। रविन्द्र दो बार कैंट विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी सदस्य और नगर निगम के सभासद रहे। वह पूर्व राज्यसभा सांसद वीरपाल सिंह यादव के करीबी हैं और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी में भी उनके साथ रहे।

चेंज ओवर के समय विधानसभा अध्यक्षों से भी मिलें राष्ट्रीय अध्यक्ष

बरेली, अमृत विचार : बरेली एयरपोर्ट पर चेंजओवर के समय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलने वाले नेताओं में विधानसभा अध्यक्षों के नाम भी शामिल कराने के लिए पत्र भेजा गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को भेजे पत्र में मीरगंज विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुरेश गंगवार ने कहा कि बरेली एयरपोर्ट पर चेंजओवर के समय और सभा के समय विधानसभा क्षेत्र अध्यक्षों को मिलने का समय दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभा के दौरान मंच पर जगह देने के लिए जिलाध्यक्ष को आदेश देने की बात कही गई है।

सपा को भोजीपुरा, कैंट और नवाबगंज से उम्मीद

- पिछले चुनाव में कम अंतर से हारी थी, विधायक भी जीते हैं पहले
- कई कार्यक्रम किए निर्धारित, ओबीसी नेताओं के दौरे भी होंगे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी बरेली संसदीय क्षेत्र के उन इलाकों में वोटरों को साधने पर ज्यादा जोर लगा रही है, जहां पिछले चुनावों में उसके विधायक रहे हैं या वह कम अंतर से पराजित हुई थी। इनमें भोजीपुरा, नवाबगंज और कैंट की विधानसभा सीट शामिल है। इसके अलावा मीरगंज में भी सपा पहले से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। इसके अलावा पार्टी ने पिछड़े वर्ग के स्टार प्रचारकों को भी बुलाने की रणनीति बनाई है।

सपा ने अब तक के चुनाव प्रचार में भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा ताकत झोंकी है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां पांच हजार वोटों के अंतर से भाजपा आगे निकल गईथी। बसपा से गठबंधन होने के बाद भी सपा पिछड़ गई थी। सपा अब तक इस क्षेत्र की धौराटांडा नगर पंचायत के साथ एक दर्जन से ज्यादा गांवों का दौरा और सभाएं कर चुकी है। सपा को इसलिए भी यहां से ज्यादा उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव 2022 में सपा चुनाव जीती और शहजिल इस्लाम विधायक बने।

लोकसभा चुनाव 2019 में में सपा-बसपा गठबंधन प्रत्याशी को मीरगंज विधानसभा क्षेत्र में लगभग 74 हजार और भाजपा प्रत्याशी को 1.16 लाख वोट मिले थे। दोनों के वोटों का अंतर करीब 47 हजार रहा था। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी सपा यहां से हार गई। लेकिन इसके बावजूद इस लोकसभा चुनाव में उसे यहां पहले से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इस क्षेत्र में भी सपा नेताओं ने कई दौरे किए हैं। 17 अप्रैल के बाद दोबारा इस क्षेत्र में कई कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं।

नवाबगंज में भी 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा हारी थी। सपा को लगभग 45 हजार वोट ही मिले थे। इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने यहां जीत दर्ज की। नवाबगंज में प्रभाव रखने वाले सपा नेता भगवत सरन गंगवार इस बार पीलीभीत के प्रत्याशी हैं। लेकिन फिर भी भाजपा में चल रही उथलपुथल की वजह से सपा को इस बार यहां थोड़ी बेहतरी की उम्मीद है। इस क्षेत्र में भी पार्टी ने कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है।

शहर और कैंट विधानसभा क्षेत्र में भी सपा पिछले चुनाव में हारी थी। विधानसभा चुनाव 2022 में शहर सीट पर पार्टी को 95 हजार 981 वोट मिले थे। कैंट क्षेत्र में भी सपा कम अंतर से हारी थी। पार्टी के लोकसभा समन्वयक संजीव यादव ने बताया कि चुनाव में पार्टी नेताओं के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। पार्टी में पिछड़ा वर्ग के यादव, कश्यप और मौर्य बिरादरी के कई नेता हैं। उनके कार्यक्रम तय करने के लिए मुख्यालय पत्र भेजा गया है। जल्द कार्यक्रम तय हो जाएंगे।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा. शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार मालियों की पुलिया बरेली

9837023223

सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

ओवरलोड : गर्मी ठीक से शुरू भी नहीं हुई डेढ़ महीने में फुंक गए 279 ट्रांसफार्मर

करोड़ों के काम कराने के बाद भी ओवरलोडिंग दूर नहीं कर पाए अफसर

- ग्रामीण इलाकों में ज्यादा संकट हर रोज फुंक रहे हैं ट्रांसफार्मर
- मई और जून में गर्मी बढ़ने पर संकट और बढ़ने की आशंका

आसिफ अंसारी, बरेली

अमृत विचार : ओवरलोड के कारण गर्मी की शुरुआत में ही ट्रांसफार्मर फुंकने शुरू हो गए हैं। गर्मी में बिजली संकट से निपटने की विभागीय तैयारियों की पोल खुल गई है। आंकड़े भी इसकी हकीकत बयां कर रहे हैं। डेढ़ महीने में 279 ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं। शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में अधिक ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। मई और जून में तापमान बढ़ा तो लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ेगा।

गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति मिले, इसके लिए पावर कारपोरेशन ने जिले में 800 करोड़ रुपये के काम मंजूर किए गए थे। बिजली विभाग के अफसरों को आरडीएसएस, नगर निकाय और समर प्लान के तहत ओवरलोड ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के साथ जर्जर तार बदलने को कहा गया था, लेकिन अधिकारी अभी तक काम पूरा नहीं कर सके हैं, जिसका असर दिखने लगा है। ट्रांसफार्मर फुंकने शुरू हो गए हैं। मार्च में शहर में 11 और देहात में 158 ट्रांसफार्मर फुंक गए। अप्रैल में अब तक शहर में दो और ग्रामीण क्षेत्र में 108 ट्रांसफार्मर जल और फुंक चुके हैं।

आंवला में ज्यादा क्षमता का ट्रांसफार्मर लगाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

स्टॉक में रहते हैं 400 ट्रांसफार्मर : वर्कशाप के जेई अमर ने बताया कि हर रोज बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद आ रहे हैं। वर्कशाप में हमेशा 400 ट्रांसफार्मर स्टॉक में रहते हैं। फुंका ट्रांसफार्मर आने के 8 घंटे में बदलकर दूसरा ट्रांसफार्मर दे दिया जाता है।

पावर कारपोरेशन के चेयरमैन आज आ रहे भ्रमण के लिए

पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल मंगलवार को जिले में भ्रमण के लिए आ रहे हैं। वह यहां रात्रि विश्राम करेंगे। बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। चेयरमैन का कार्यक्रम आते ही अधिकारी तैयारी में जुट गए हैं।

फरवरी में काम पूरे करने के दिए थे निर्देश

पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बिजली अधिकारियों को फरवरी माह में अनुरक्षण माह मनाकर बिजली सुधार के काम पूरे करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अप्रैल में भी काम पूरे नहीं हो सके हैं। लाइन की मरम्मत व अन्य कार्य के लिए शहर से लेकर देहात तक में हर रोज घंटों बिजली कटौती की जा रही है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

देहरादून और चंडीगढ़ रूट पर बस में भेज रहे सिर्फ एक ड्राइवर

बरेली, अमृत विचार : रोडवेज के अधिकारी देहरादून और चंडीगढ़ के लंबे रूट पर बसों में सिर्फ एक ही ड्राइवर भेज रहे हैं। ऐसे में हादसे का डर बना रहता है, जबकि तीन सौ किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर दो ड्राइव भेजने का नियम है लेकिन अधिकारी नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। बरेली रीजन के सेवा प्रबंधक धनजी राम से शिकायत की गई कि बरेली से चंडीगढ, जयपुर और देहरादून जाने वाली बसों में एक ही ड्राइवर भेजा जा रहा है। इस मामले में सेवा प्रबंधक ने बताया कि लंबे रूट पर दो ड्राइवर ही भेजे जा रहे हैं अगर एक ड्राइवर भेजने का कोई मामला है तो जांच कराई जाएगी।

ओपीडी में गर्मी से जूझ रहे हैं बीमार

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में मरीजों को गर्मी से बचाने के इंतजाम नाकाफी हैं। सोमवार को डॉक्टरों के कक्ष के बाहर लंबी लाइनें लगी थीं, लेकिन ओपीडी परिसर में सिर्फ दो पंखे चल रहे थे। गर्मी से मरीज बेहाल दिखे।

रविवार को अवकाश के चलते सोमवार को अस्पताल में मरीजों की भीड़ रही। एक हजार से अधिक रोगी ओपीडी में पहुंचे। इनमें अधिकांश रोगी बुखार और डायरिया से ग्रसित थे। वहीं, पैथोलॉजी लैब में सिर्फ एक पंखा लगा है। लैब प्रबंधन कई बार एडीएसआईसी को पत्र देकर एसी लगवाने की मांग कर चुका है, लेकिन इस ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में गर्मी में परेशान मरीज। ● अमृत विचार

डायरिया का प्रकोप, बच्चा वार्ड होने लगा फुल

गर्मी के चलते बच्चे डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल का बच्चा वार्ड मरीजों से फुल होने लगा है। सोमवार को दोपहर एक बजे तक वार्ड में 22 बच्चे भर्ती मिले, जिसमें सबसे अधिक बच्चे डायरिया से ग्रसित थे। सीएमओ कार्यालय में सोमवार को दिव्यांग शिविर में प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बड़ी संख्या में दिव्यांग यहां पहुंचे, लेकिन उनके बैठने का कोई इंतजाम नहीं था। न ही यहां रैंप बनी हुई है। इस वजह से दिव्यांग परेशान होते रहे। शिकायत के बाद भी अफसरों का ध्यान इस ओर नहीं है।

डॉ. अमन रस्तोगी

BAMS, MD Consultant Physician

- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।

लाईफ लाइन क्लीनिक

कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली मो. 6398965384

गुप्त रोगी मिलें

डा. मौर्य

जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन

बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग (4 वर्षीय डिग्री कोर्स) शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग (2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम. (3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम. (2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अवधेश पाल बने पुराने रोडवेज के शाखा अध्यक्ष

बरेली, अमृत विचार : पुराने बस अड्डे पर सोमवार को यूपी रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन के बैनर तले रुहेलखंड डिपो का चुनाव क्षेत्रीय अध्यक्ष राम कुमार उपाध्याय और क्षेत्रीय मंत्री रविन्द्र पांडे की अध्यक्षता में कराया गया। जिसमें निर्विरोध अवधेश पाल को शाखा अध्यक्ष और प्रकाश तिवारी को शाखा मंत्री और प्रशांत चतुर्वेदी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर राजेश शर्मा, राकेश कुमार निगम, अफसार अहमद, साहिल अली, बृजेश, अफजाल अहमद, राजवीर, राम बहादुर मौजूद रहे।

सात साल से तैनात नर्सिंग स्टाफ की मांगी सूचना

बरेली, अमृत विचार : शासन ने जिला महिला अस्पताल में सात साल से तैनात नर्सिंग स्टाफ की सूचना मांगी है। स्टाफ का दूसरी जगह स्थानांतरण किया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल में ऐसे नर्सिंग स्टाफ की संख्या आठ है।

पेंशनर्स ने मनाया ईद मिलन समारोह

बरेली, अमृत विचार : विदयुत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार को विदयुत निरीक्षण भवन में ईद मिलन समारोह आयोजित किया। पेंशनर्स ने गले मिलकर एक दूसरे का ईद की मुबारकबाद दी। ओडी यादव, ओमदेव बरतरिया, राधे श्याम, केके महेशवरी,अमजद अली, एसएस आदिल, गिरीश श्रीवास्तव, वाहिद अली, अयूब खां, जीके अग्रवाल, यामीन अहमद, अथरउद्दीन और मोहम्मद मियां मौजूद रहे।

विश्व कला दिवस पर कैनवस पर बिखरे रंग



बरेली, अमृत विचार : कला भारतीय सोसाइटी यूपी और चित्रकार संघ ने सोमवार को संस्था कार्यालय पर विश्व प्रसिद्ध चित्रकार लिओनार्दो द विंची के जन्म दिन को विश्व कला दिवस के रूप में मनाया। इस दौरान चित्रकारों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया और कैनवस पर रंग उकेरे। वरिष्ठ चित्रकार डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने बताया कि चित्रकारों को एकजुट कर जल्द बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कला भारती समिति के सचिव डॉ. अजय रघुवंशी ने आभार जताया। पुष्पा गौतम, ज्योति रानी, अल्का श्रीवास्तव, रिचा गुप्ता, राजाराम, तरुण, निपुण सिंह, गीता मौजूद रहीं।

डाककर्मी मतदान के प्रति करेंगे जागरूक

बरेली, अमृत विचार : घरों में डाक लेकर पहुंचने वाले डाकिए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। डाक निदेशालय ने इस संबंध में डाक विभाग को निर्देश दिए हैं। जिलों में मतदाता जागरूकता रथों को रवाना किया जाएगा। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के कर्मियों का भी सहयोग लिया जाएगा। कर्मी गांवों में चल रहे डाक विभाग की तमाम योजनाओं के साथ मतदाता जागरूकता शिविर लगाएंगे। जनसंपर्क अधिकारी एसपी शर्मा ने बताया कि शिविर में खासतौर पर बुजुर्ग और पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को विशेष रूप से जागरूक किया जाएगा। वहीं, डाकघर में प्रत्येक पत्र पर मतदान जागरूकता स्टांप लगाया जा रहा है।

एक नजर

1.20 करोड़ लेने के बाद नहीं कराया बैनामा

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर थाना क्षेत्र में दबंगों ने एक युवक से एक करोड़ 20 लाख रुपये लेने के बाद जमीन का बैनामा नहीं कराया। जब युवक ने विरोध किया तो तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। युवक ने एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान से शिकायत की। एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। राजेन्द्र नगर निवासी हरखेच सिंह ओबराय ने बताया कि उन्होंने करनाल के गांव पिधीलिया निवासी दो भाइयों से जमीन का एग्रीमेंट 70 लाख रुपये में किया था। दोनों की जमीन रहपुरा जागीर में है। दोनों बैनामे की तारीख पर टाल मटोल करने लगे। इसके बाद थाने में बैठकर समझौता हुआ, जिसमें 50 लाख रुपये जमीन खरीदने के बढ़ाए गए। उन्होंने दोनों भाइयों को एक करोड़ 20 लाख रुपये दिए। दोनों ने तय तिथि 15 अप्रैल पर भी बैनामा नहीं कराया।

फ्लैट बिकवाने के नाम पर 3.69 लाख रुपये ठगे

बरेली, अमृत विचार : हरियाणा के गुरुग्राम के ठग ने विदेश में रह रहे युवक से उसका फ्लैट बिकवाने के नाम पर 3.69 लाख रुपये की ठगी कर ली। युवक के पिता की शिकायत पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सनसिटी विस्तार निवासी वीरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि उनका बेटा अनुराग विदेश में रहता है। अनुराग का ट्यूलिप व्हाइट अपार्टमेंट सेक्टर 69 सोहना रोड गुरुग्राम में फ्लैट है। अनुराग ने विक्टोरिया टॉवर के सामने स्थित कार्यालय के मालिक श्रीपाल से फ्लैट बिकवाने के लिए बात की। श्रीपाल ने फ्लैट के दस्तावेज तैयार कराने के नाम पर अनुराग से बरेली में 3.69 लाख रुपये ले लिए। फ्लैट न बिकने पर अनुराग ने रुपये मांगे तो आरोपी ने फोन पर जान से मारने की धमकी दी।

दबंगों ने मकान पर कब्जा करने की कोशिश की

बरेली, अमृत विचार : भोजीपुरा क्षेत्र में दबंग ने एक महिला के मकान पर कब्जा करने की कोशिश की। विरोध पर उसके साथ मारपीट कर घर में तोड़फोड़ की। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव अभयपुर कैम्प नगरिया निवासी पूजा यादव ने बताया कि वह परिवार के साथ मकान में रहती हैं। गांव के ही दामोदर से उनका मुकदमा चल रहा है। वह लगातार के मकान कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। आरोप है कि रविवार को दामोदर ने घर में अकेला पाकर अपने दस अज्ञात साथियों के साथ धावा बोल दिया। उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए घर में तोड़ फोड़ कर मारपीट की।

मांस से भरी पिकअप ने महिला को मारी टक्कर, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

भोजीपुरा में हादसा, मंदिर से लौट रही थी महिला, ग्रामीणों ने जमकर किया हंगामा

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

अमृत विचार : भोजीपुरा थाना क्षेत्र में मंदिर से पूजा कर लौट रही महिला को मांस से भरी पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। नाराज ग्रामीणों ने हंगामा कर सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस ने लोगों को हल्का बल इस्तेमाल कर खदेड़ दिया। पुलिस ने पिकअप के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव कुआं मकरूका निवासी धर्मपाल उर्फ पप्पू की पत्नी जावित्री देवी सोमवार सुबह सात बजे शिव मंदिर से पूजा कर घर लौट रही थी। रास्ते में बरेली की ओर से आ रही पिकअप ने जावित्री को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पिकअप को घेर लिया। बाद ग्रामीणों ने पिकअप को घेर लिया। लोगों ने देखा कि पिकअप में मांस भरा हुआ था। ग्रामीणों की सूचना पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला उपाध्यक्ष विवेक गंगवार भी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद लोगों ने सड़क पर जाम लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने काफी देर तक सभी को समझाया मगर लोग मानने को तैयार नहीं थे। लोगों ने नवरात्रि में खुले में मांस ले जाने का विरोध किया। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया और पिकअप को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने पशु चिकित्सक की टीम बुलाकर मांस का सैंपल भरवाया। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना भोजीपुरा प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया कि पिकअप में भैंस का पांच क्विंटल मांस था। जहां से मांस खरीदा गया था, उसके बिल भी थे। फिर भी मांस का सैंपल भरवाया गया है।

हादसे में महिला के घायल होने के बाद मौके पर एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

- पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, चालक के खिलाफ रिपोर्ट

विश्वविद्यालय जा रही बीफार्मा की छात्रा से छेड़छाड़

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय जा रही बीफार्मा की छात्रा के साथ सोमवार युवकों ने डोहरा चौराहे पर छेड़छाड़ की। छात्रा ने रुहेलखंड पुलिस चौकी में शिकायत की। छात्रा से छेड़छाड़ पर छात्रों ने हंगामा भी किया। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपी को तलाश कर रही है। छात्रा ने बताया कि वह सुबह नौ बजे विश्वविद्यालय जा रही थी। डोहरा चौराहा के पास वहां से जा रहे बाइक सवार युवक ने अश्लील कमेंट किया। जवाब न देने पर वह अश्लील इशारे करने लगा। इस पर छात्रा नाराज होकर आरोपी की ओर बढ़ी तो वह बाइक से भाग गया। चौकी इंचार्ज विपिन कुमार ने बताया कि छात्रा ने तहरीर नहीं दी है।

- घटना के विरोध में छात्रों ने किया हंगामा

पिता ने किया धर्मपरिवर्तन तो बेटे ने खुदकुशी कर ली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र के आजाद नगर में एक युवक ने पिता के धर्म परिवर्तन करने से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक के परिजनों ने एक मौलाना पर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है।

पुलिस के अनुसार आजाद नगर निवासी श्री कृष्णा (25) के पिता हरिशंकर एक बैंक में नौकरी करते हैं। कृष्णा भी प्राइवेट नौकरी करता था। परिजनों ने बताया कि उनके घर एजाज नगर गौटिया के रहने वाले एक मौलाना आता था। उसने हरिशंकर का धर्म परिवर्तन करा दिया। हरिशंकर चोरी छिपे नमाज अदा करते थे। इसकी जानकारी कृष्णा को हुई तो उसने विरोध किया, जिस पर घर में विवाद शुरू हो गया। परेशान होकर 13 अप्रैल की देर रात श्री कृष्णा ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

परिजनों ने तबीयत बिगड़ने पर उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

- परिजनों ने एक मौलाना पर धर्म परिवर्तन करने का लगाया आरोप

श्री कृष्णा का फाइल फोटो

सेटेलाइट तिराहे से युवक का कार से अपहरण, रास्ते में फेंका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रक के कागजात बनवाने के बहाने फोन कर बुलाया था

अमृत विचार : सेटेलाइट तिराहे से कार सवार तीन बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर लिया। कार में बिठा कर तमंचे की बट से उसके सिर में वार कर दिया और फिर चलती कार से नीचे फेंक दिया। युवक ने बारादरी पुलिस से शिकायत की है।

फाईक एन्क्लेव निवासी वाजिद हुसैन ने बताया कि वह आरटीओ कार्यालय के बाहर काम करते हैं। उनके नंबर पर 13 अप्रैल को एक फोन आया। फोन करने वाले ने बताया कि वह एक ट्रक के कागजात तैयार कराना चाहता है। जिस पर वह दोपहर में सेटेलाइट तिराहे पर मिलने पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान युवक उन्हें आगे कार खड़ी होने की बात कहकर ले गया। जहां पर पहले से कार में बैठे दो साथियों ने उसका अपहरण कर कार में बिठा लिया। नरियावल की तरफ सुनसान जगह पर ले जाकर उनके सिर पर तमंचे की बट से हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद चलती कार से नीचे फेंक दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शादी का झांसा देकर किशोरी से किया दुष्कर्म

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र में युवक ने किशोरी के साथ शादी का झांसा देकर चार साल तक दुष्कर्म किया। शादी का दबाव बनाने पर युवक ने किशोरी और परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। किशोरी की मां ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

महिला के मुताबिक चार साल से उनके घर पर पड़ोसी युवक का आना जाना है। आरोपी उनकी 16 साल की बेटी को प्रेम प्रसंग में फंसाकर दुष्कर्म कर रहा है। नौ अप्रैल को जब वह बेटी को लेकर आरोपी के घर पहुंची तो युवक, उसके दो भाइयों व भाभी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने और किशोरी के अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दी। बारादरी पुलिस से शिकायत की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

भोजनालय से पकड़े अवैध वेंडर, गंदगी मिलने पर लगाया जुर्माना

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन के फूड स्टॉलों पर रविवार देर रात भी आरपीएफ और वाणिज्य विभाग की टीमों ने छापा मारा। भोजनालय में दो अवैध वेंडर मिले। इसके अलावा दूसरे स्टॉलों पर ऐसे वेंडर काम करते मिले जिनका लाइसेंस खत्म हो गया था। भोजनालय और स्टालों पर गंदगी मिलने पर जुर्माना लगाया गया। आरपीएफ ने छह वेंडरों के खिलाफ रेलवे एक्ट में कार्रवाई की। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर वाणिज्य विभाग और आरपीएफ की टीमें चेकिंग कर रही हैं। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, सीएमएआई राकेश कुमार सिंह और सीएचआई सलाउद्दीन ने रविवार देर रात प्लेटफार्म नंबर एक पर फूड स्टॉल चेक किये तो तीन स्टॉलों पर गंदगी मिलने पर सात सौ रुपये का जुर्माना लगाया गया। अधिकतर स्टॉलों पर रूटीन बिलिंग का लेखा जोखा नहीं मिला। इसके अलावा सूची में शामिल वस्तुओं से अधिक खानपान की वस्तुएं मिलीं। भोजनालय में टीम पहुंची तो रसोई में गंदगी मिली और दो बाहरी लोग काम कर रहे थे। भोजनालय में गंदगी मिलने पर 500 रुपये का जुर्माना डाला गया।

महेशपुरा के पास घुमाव बन रहा हादसे की वजह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रविवार को ट्रेन से कटकर दो बच्चों की हुई थी मौत
- आरपीएफ ने रेलवे ट्रैक के आसपास नहीं घूमने की हिदायत दी

अमृत विचार: सीबीगंज में महेशपुरा और मिलक रोठा के बीच पतंग लूटने की कोशिश में दो बच्चों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। आरपीएफ के मुताबिक हादसे वाली जगह पर घुमाव था। हादसे के बाद रेल प्रशासन सख्त हो गया है। आरपीएफ ने सोमवार को रेलवे ट्रैक के पास घूमने वालों को भगाया और लोगों को जागरूक भी किया। रेल प्रशासन ने भी सख्त निर्देश दिए हैं कि घुमाव और फाटकों पर हार्न बजाकर ही ट्रेन पास कराएं।

महेशपुरा गांव के पास रविवार शाम पतंग लूटने की कोशिश में मिलक रोठा के 12 वर्षीय फैज अहमद और महेशपुरा के आठ वर्षीय साजिद की राज्यरानी एक्सप्रेस से कटकर मौत हो गई थी। दोनों बच्चे ओएचई लाइन में फंसा मांझा निकाल रहे थे तभी ट्रेन आ गई थी।

इस हादसे के बाद सोमवार को आरपीएफ बरेली जंक्शन और बरेली सिटी की टीमों ने कैंट, सीबीगंज, किला और एयरफोर्स के आसपास ट्रैक को चेक किया। कई जगह कपड़े सूख रहे थे तो कहीं लोग टहल रहे थे। लोगों को हिदायत दी गई कि अगली बार यहां टहलते मिले तो रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लोगों से ट्रेनों पर पत्थर नहीं फेंकने की अपील की गई।

हादसे के बाद भी पतंगबाजी जारी, रोकथाम नहीं

सीबीगंज, अमृत विचार : सीबीगंज में पतंग लूटने के दौरान दो बच्चों की मौत के बाद भी पतंगबाजी पर लगाम नहीं लग पा रही है। सोमवार को क्षेत्र में पतंगबाजी होती रही। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद दोनों बच्चों के शव परिजनों को सौंप दिए गए। गमगीन माहौल में शवों का सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। गांव महेशपुरा के रहने वाले आठ वर्षीय साजिद और थाना कैंट क्षेत्र के 12 वर्षीय फैज रविवार को पतंग लूटने के दौरान रेलवे ट्रैक पर आ गए थे। इस दौरान दोनों इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आ गए थे। हादसे में दोनों की मौत हो गई थी।

हादसे का इलाका बनाता जा रहा है सीबीगंज

सीबीगंज के परसाखेड़ा के लेकर किला तक हादसे का प्वाइंट बनाता जा रहा है। सप्ताह में दो-तीन लोगों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो रही है। बताया जाता है कि महेशपुरा, रौठा व किला के आसपास बड़ी संख्या में पतंग उड़ती हैं। अक्सर बच्चे कटी पतंग लूटने के प्रयास में दौड़ते हुए रेलवे लाइन पर आ जाते हैं। इस वजह से कई बार हादसे हो चुके हैं, लेकिन रोकथाम को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। वहीं, कई बार शराब के नशे में भी लोग रेलवे लाइन पर आ जाते हैं। इससे वे हादसे का शिकार हो जाते हैं।

बिना टिकट यात्रा कराने वाला कंडक्टर जांच में दोषी

बरेली, अमृत विचार: बिना टिकट यात्रियों को रोडवेज बस में यात्रा कराने वाला कंडक्टर जांच में फंस गया है। अब कंडक्टर पर कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के मुख्यालय प्रवर्तन दल में तैनात सहायक यातायात निरीक्षक रवि प्रकाश ने अपनी टीम के साथ उत्तराखंड रूट पर बरेली रीजन के रुहेलखंड डिपो की बस को रोककर चेक किया था। बस को उत्तराखंड से चालक दीपक और परिचालक मनोज कुमार बरेली ला रहे थे। चेकिंग के दौरान बस में 37 यात्री मौजूद थे, जिसमें से सात यात्रियों के पास टिकट ही नहीं मिले थे। टीम ने रिपोर्ट आरएम को दी थी। मामले की जांच कर रहे एआरएम अरुण कुमार वाजपेई ने बताया कि जांच में बस कंडक्टर दोषी पाया गया है, उसके खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी।

कोटेदार को पीटने वाले चार युवकों पर रिपोर्ट

बहेड़ी, अमृत विचार : राशन को को लेकर हुए झगड़े में चार लोगों ने एक कोटेदार की पिटाई की थी। पुलिस ने चारों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लर है। ग्राम पिंदारी अशोक निवासी कोटेदार देवकीनंदन का कहना है कि 20 फरवरी को उसका राशन को लेकर झगड़ा हो गया, जिसके बाद रात में चार युवकों ने मारपीट की थी।

पार्ट टाइम नौकरी देने का झांसा देकर की ठगी

बरेली, अमृत विचार : साइबर ठगों ने युवती से पार्ट टाइम जॉब देने का झांसा देकर हजारों रुपये ठग लिए। युवती ने थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

त्रिविली एन्क्लेव निवासी कनक ने बताया कि उनके व्हाट्सएप पर 19 मार्च को एक मेसेज आया, जिसमें पार्ट टाइम जॉब करने का ऑफर दिया गया था। इस पर उन्होंने अपना खाता नंबर बता दिया। ठग ने उनसे कहा कि उन्हें फ्लिपकार्ट पर आने वाले उत्पाद को लाइक करके स्क्रीनशॉट भेजना होगा। उसने टेलीग्राम से भी जुड़ने को कहा। इसके बाद शनाया नाम की युवती ने टेलीग्राम पर गाइड किया। कुछ दिन बाद कुछ रुपये मिल गए, जिससे वह ठगों के झांसे में आ गई। अगले दिन उन्हें कुछ रुपये बढ़ाकर देने को कहा। उन्होंने भरोसा करके पांच हजार रुपये डाल दिए। इसके बाद दिए गए टॉस्क के 20 हजार रुपये भी जमा कर दिए। इसके बाद 60 हजार रुपये की मांग की। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने थाना इज्जतनगर में शिकायत की।

दोस्त के साथ कार लेकर गया युवक लापता

बरेली, अमृत विचार : पड़ोसी की कार मांग कर दोस्त के साथ गया युवक लापता हो गया। रविवार देर रात एक व्यक्ति ने कार मालिक को फोन कर कार और ड्राइवर के गायब होने की सूचना की लेकिन बाद में फोन बंद हो गया। ड्राइवर की पत्नी ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाना किला में शिकायती पत्र दिया है। चौधरी तालाब निवासी पुष्पा शर्मा ने बताया कि 14 अप्रैल को दोपहर करीब 12.30 बजे उनके पति रूप किशोर शर्मा पड़ोसी समर श्रीवास्तव की कार मांगकर ले गए थे। उनके साथ एयरफोर्स थाना इज्जतनगर का रहने वाला अखिल कुमार भी गया था। रात साढ़े आठ बजे तक रूप किशोर के मोबाइल पर बात हुई लेकिन उसके बाद फोन बंद हो गया। रात 1:30 बजे कार मालिक समर श्रीवास्तव के मोबाइल पर फोन आया और कहा कि वह कार और ड्राइवर की तलाश करें और इसके बाद फोन स्विच ऑफ हो गया। सोमवार को जब अखिल के घर पर गए तो वहां अखिल की मां ने बताया कि अखिल अभी बाहर गया है। पुष्पा ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाना किला में शिकायती पत्र देकर रूप किशोर को तलाश करने की मांग की है।

दबंगों ने गवाही देने पर दी जान से मारने की धमकी

बरेली, अमृत विचार : कोतवाली थाना क्षेत्र में वकील के चैंबर में दबंगों ने महिला को हत्या के मामले में गवाही देने से मना किया। जब महिला ने इन्कार किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला जेठ के साथ कोर्ट में गवाही देने गई थी। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नवाबगंज के बिजोरिया गांव की लक्ष्मी ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में अरविंद, अंकित और शिवम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। अब इसमें गवाही हो रही है। वह कुछ दिन पहले गवाही देने के लिए कोर्ट में अपने जेठ रमेशचंद्र के साथ पहुंची थीं। गवाही न होने पर अगली तारीख मिल गई। तारीख बताने के लिए वह वकील की सीट पर पहुंची तो वहीं पर अरविंद, शिवम और अंकित पहुंच गए। तीनों गवाही न देने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने आरोपी अंकित, शिवम व अरविंद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

यूसीसी जबरन थोपने की कोशिश की तो मुसलमान विरोध करने को मजबूर होगा : शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता यानी यूसीसी सीधे तौर पर शरीयत में दखलअंदाजी है। मुसलमान किसी भी ऐसे कानून को मानने के लिए तैयार नहीं है, जिससे शरीयत को किसी भी तरह नुकसान पहुंच रहा हो, अगर यूसीसी जबरन थोपने की कोशिश की गई तो मुसलमान पूरी ताकत के साथ विरोध करने को मजबूर होगा। इसलिए केंद्र सरकार ऐसा कोई कानून न लाए, जिससे देश का माहौल खराब होने का खतरा हो। अगर यूसीसी में शरीयत, कुरान व हदीस के उसूलों का ख्याल रखा जाएगा तो मुसलमान विरोध नहीं करेंगे।

तपेश्वरनाथ मंदिर में आग बुझाने के तरीके बताए

बरेली, अमृत विचार : नागरिक सुरक्षा कोर ने अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत तपेश्वरनाथ मंदिर परिसर में आग बुझाने के तरीके बताए। मुख्य प्रशिक्षक प्रशांत ने बताया कि कैसे गैस सिलेंडर, लकड़ी और कोयले की आग पर तुरंत काबू पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हादसा होने पर घबराएं नहीं बल्कि उसका बताए गए तरीकों से निवारण करें। उन्होंने कई लोगों से आग भी बुझवाई। अंत में सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि डिप्टी चीफ वार्डन दिनेश कटियार, डिविजनल वार्डन दिनेश यादव, मनोज कुमार, रामरती पाल, मो. उस्मान नियाज, राजेन्द्र मोहन गर्ग, ऐश बरन मौर्या, जफरबेग, स्वदेश कुमारी, अनिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Admission Open 2024-25
योगा सिखायें स्वस्थ रहें
COURSE OFFERED
PGDYN
Post Graduate Diploma in Yoga and Naturopathy
Course Duration : 1 year
योग्यता : स्नातक
Contact : 8755922339
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India
Email : ramchorg@gmail.com

School Education
ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact : 7906732664, 8445507002

MEDHAVI PUBLIC SCHOOL
(A English Medium School Based on C.B.S.E. Pattern)
Play Group to VIIIth ADMISSION OPEN
Features & Facility ●Decorated and Beautiful Play Group Class ●Highly Qualified Teaching Staff ●Colourful and Airy Classrooms ●RO Drinking Water ●Regular Health Check-Up ●Computer Lab, Library
MES Colony, 100 Fita Road, Delapeer By Pass, Bareilly
Mob.: 9412260961, 7505542291

बासुबरल सरस्वती विहार
सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, बरेली (सी.बी.एस.ई. दिल्ली से सम्बद्ध)
संकाय-गणित, विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी माध्यम अंग्रेजी)
प्रवेश प्रारम्भ I to XIIth सत्र 2024-25
शीघ्र करें! सीमित स्थान उपलब्ध।
विशेषताएं : ● 06 एकड़ का प्रदूषण मुक्त विद्यालय परिसर ● सामान्य शुल्क उच्चतम नैतिक मूल्य ● स्मार्ट कक्षाएं ● डिजिटाइजेशन द्वारा विद्यालय संचालन ● सी.सी.टी.वी. से सुरक्षित विद्यालय प्रांगण ● छात्र/छात्राओं का फीडबैक अभिभावक को आनलाइन उपलब्ध ● परिवहन सुविधा उपलब्ध ● खेलकूद क्रिया कलापों से अग्रणी
नोट : ● पाल्य का प्रवेश योग्यता/प्रवेश परीक्षा पर आधारित होगा ● नवीन सत्र 1 अप्रैल 2024 से प्रारम्भ ● नियमित शिक्षण कार्य प्रारम्भ अत: शीघ्र करें ● प्रोस्पेक्टस/प्रवेश पत्र विद्यालय में उपलब्ध है
अपना घर परिसर, बीसलपुर रोड, बरेली पिन-243006
मो. : 7983035601, 8791688082, 8869098082

माँ सरस्वती विद्या मंदिर
9, गोपाल नगर, त्रिमूर्ति भवन, संजय नगर, बरेली
कक्षा N.C. से कक्षा आठ तक
विशेषताएं :-
● विद्यालय का विश्वास क्वालिटी में क्वांटिटी में नहीं।
● योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा अध्यापन।
● इंग्लिश स्पीकिंग पर विशेष ध्यान।
● समय-समय पर प्रतियोगिताएं।
● कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान।
सीमित सीटें
प्रवेश प्रारम्भ
M.: 9411007501, 8410361612, 9105307525

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र रिजवान को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अफसर जहाँ पत्नी बरक्तुल्ला निवासी मोहल्ला हबीबुल्ला खां शुमाली, पो. व तह. बीसलपुर, जिला पीलीभीत।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र विमल कुमार को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **झांझन लाल पुत्र दिलीप कश्यप निवासी ग्राम माधौटांडा, थाना माधौटांडा, जिला पीलीभीत।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र संतोष सिंह व उसकी पत्नी सिहू को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **वीर सिंह पुत्र श्री चंचल सिंह निवासी ग्राम बढ़ा दुनका, थाना व तहसील अमरिया जिला पीलीभीत।**

सूचना
मैं ज्योति गोयल पुत्री स्व. हरिओम गुप्ता व ऊषा गुप्ता निवासी 170, कर्मचारी नगर, बरेली अपने सगे भाई आकाश गुप्ता जी उर्फ विक्की पुत्र स्व. हरिओम गुप्ता एवं रवीना गुप्ता पत्नी आकाश गुप्ता, दोनों के गलत आचरण/व्यवहार के कारण अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। वर्तमान व भविष्य में इन दोनों के द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी व वह दोनों स्वयं अपने कृत्य के लिए जिम्मेदार होंगे।

सार्वजनिक सूचना
सुशील कुमार शुक्ला प्रत्याशी 26 पीलीभीत -बहेड़ी लोकसभा के विरूद्ध एक अपराधिक मुकदमा धारा 323, 504, 506 आईपीसी सि. ज.जू.डि. न्यायालय पीलीभीत में लम्बित है।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सार-संक्षेप

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति छात्राओं को जागरूक किया

बरेली, अमृत विचार : इनर व्हील बरेली साउथ ग्लोरी क्लब की ओर से सोमवार को रामभरोसे लाल गर्ल्स इंटर कॉलेज में मानसिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन हुआ। अतिथि वक्ता एवं पेरेंटिंग कोच मेघा मेहरोत्रा ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। इस मौके पर पेरेंटिंग कोच को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. मीना जैन, डॉ. नीलू मिश्रा, क्लब प्रेसीडेंट मोनी कक्कड़ ,अर्चना बब्बर व वंदिता शर्मा मौजूद रहीं।

चुनाव के कारण 19 अप्रैल और 7 मई को जजी में अवकाश

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के चलते 19 अप्रैल और 7 मई को जनपद न्यायालय में अवकाश रहेगा। इस संबंध में हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती ने जिला जज एवं प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट को आदेश भेजा है। बार एसोसिएशन सचिव वीरेंद्र पाल ध्यानी ने बताया कि इस बाबत अधिवक्ताओं को अवगत करा दिया है। वहीं, अष्टमी पर अधिवक्ता और वादकारियों के न्यायालय में असमर्थ रहने पर सहयोग के लिए जिला जज को पत्र दिया है।

अधिवक्ता परिषद ने मनाया समरसता दिवस

बरेली , अमृत विचार : अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद जनपद न्यायालय इकाई ने कचहरी पर डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया। अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल ने बताया कि मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज हरित और मुख्य वक्ता गिरीश चंद्र पांडेय रहे। वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके द्वारा निर्मित संविधान के दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा विधि एवं न्याय ब्रज क्षेत्र आलोक प्रधान, सचिन सिंह, लवलेश पाठक, रजत मोहन, आयुषी सक्सेना, वीरेंद्र पटेल, सीपी गोस्वामी, अंकित पाल आदि मौजूद रहे।

एंटी करप्शन कोर्ट के जज को दी विदाई

बरेली, अमृत विचार : एंटी करप्शन कोर्ट के जज प्रण विजय सिंह का तबादला होने पर शासकीय अधिवक्ताओं ने उन्हें गुलदस्ता और स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी। सरकारी वकील पंकज कुमार ने बताया कि स्पेशल जज प्रण विजय सिंह का तबादला बाराबंकी हो गया है। संतोष सिंह, अवधेश कुमार शर्मा, संतोष श्रीवास्तव, सौरभ तिवारी आदि शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।

डीआरएम कार्यालय में मनाई आंबेडकर जयंती

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर मंडल के कार्मिक विभाग ने सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय इज्जतनगर के सभाकक्ष में हुए कार्यक्रम में डीआरएम रेखा यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल सहित शाखा अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों और रेल कर्मचारियों ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। डीआरएम ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला।

शिक्षकों ने स्कूल का समय बदलने की मांग की

बरेली, अमृत विचार : यूपी प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने वेतन निर्धारण और भीषण गर्मी में स्कूल के समय में परिवर्तन की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान ने बताया कि साल 2015 में उच्च प्राथमिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के पदों पर पदोन्नति हुई थी लेकिन उन्हें पद के अनुसार वेतन का भुगतान नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि इन दिनों भीषण गर्मी के कारण बच्चों को स्कूल से वापस जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के अधिकतर स्कूलों में पंखे आदि की व्यवस्थाएं भी नहीं और बिजली की समस्या भी निरंतर बनीं हुई है। इसके अलावा तमाम बीमारियों का खतरा भी गर्मी के कारण बढ़ गया है। इस मौके पर जिला मंत्री शिव स्वरूप शर्मा, अजरार हुसैन आगा, प्रमोद गंगवार ,विनोद वर्मा, ,मो. हसन ,चंद्रसेन दिवाकर, विशेष गंगवार आदि लोग उपस्थित रहे ।

भजन कीर्तन कर देवी का किया गुणगान

बरेली,अमृत विचार : श्री सनातन धर्म मंदिर में मां कालरात्रि की विशेष पूजा की गई। इस मौके पर मुख्य पुजारी नरेश मिश्रा ने कहा कि मां कालरात्रि नकारात्मक, तामसी और राक्षसी प्रवृत्तियों का नाश कर भक्तों को अभय प्रदान करती हैं। इस मौके पर महिलाओं ने भजन कीर्तन कर माता रानी का गुणगान किया। प्रेमलता अरोड़ा, मीणा,चंचल अरोड़ा, भावना मौजूद रहीं।

बीएड छात्र के पास पकड़ी नकल सामग्री

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में सोमवार को तृतीय पाली में बीएड छात्र को नकल करते पकड़ा गया। उसके पास से हाथ से लिखी हुई नकल के दो पेज मिले। सचल दल ने उसका यूएफएम कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है। बरेली कॉलेज में लगातार परीक्षा के दौरान छात्र नकल करते पकड़े जा रहे हैं।

रिश्वत मांगने का आरोप, प्रधान समेत चार पर रिपोर्ट का आदेश

फरीदपुर के गांव गोपालपुर के अमर सिंह ने कोर्ट में दी थी अर्जी

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : फरीदपुर की ग्राम पंचायत की जमीन पर निर्माण कराने का आरोप लगाकर एक लाख रुपये रिश्वत मांगने के मामले में आरोपी गांव गोपालपुर की प्रधान रजनीशा देवी, प्रधान के पति रमन पाल, लेखपाल मनोज सक्सेना और राजस्व निरीक्षक महेश सागर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने फरीदपुर थाना पुलिस को दिया है।

ग्राम गोपालपुर निवासी अमर सिंह ने कोर्ट में अर्जी देकर बताया कि उसने भाइयों के साथ मिलकर एक बीघा जमीन गांव के प्रेमपाल व उसके परिजनों से खरीदी थी। बैनामा 13 फरवरी 2023 को माता प्रेमा के नाम कराया था।

इसके बाद जमीन पर मकान कार्य शुरू कर दिया। आरोप है कि 28 मई 2023 को प्रधान के पति और लेखपाल आए। बोले, तुम लोग ग्राम पंचायत की जगह पर निर्माण करवा रहे हो। एक लाख रुपये हमें दो नहीं तो तुम्हारा निर्माण नहीं होने देंगे। 30 मई को आरोपी तीन-चार ट्रैक्टर और गांव के लोगों को लेकर मकान पर आए और निर्माण को ट्रैक्टरों से ध्वस्त कर दिया। विरोध करने पर जेल भिजवाने की धमकी दी।

छेड़खानी के आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

बरेली, अमृत विचार : घर में घुसकर नाबालिग बहनों के साथ छेड़खानी करने के आरोपी शेरगढ़ हौंसपुरा निवासी सुरेन्द्र की अग्रिम जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट अभिषेक कुमार चतुर्वेदी ने खारिज कर दी। पीड़िताओं के पिता ने थाना शेरगढ़ में तहरीर देकर बताया कि आरोपी स्कूल जाते समय उसकी नाबालिग बेटियों का पीछा करते थे। पीड़िताओं ने बयान दिया कि 16 अगस्त 2023 को पिता घर पर नहीं थे। इसी बीच आरोपी घर में घुस आया छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर मां के कान पर तमंचा रख दिया और पिता को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

बीईओ जूनियर शिक्षक पर स्कूल का प्रभार लेने का बना रहे दबाव

बरेली, अमृत विचार : यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भोजीपुरा के बीईओ पर जूनियर शिक्षक पर स्कूल का चार्ज लेने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में बीएस को पत्र दिया है।

सोमवार को बीएसए दफ्तर पहुंचे एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि बीईओ नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। उनका आरोप है कि बीईओ सैदपुर प्यारेलाल क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्कूल के जूनियर शिक्षक पर स्कूल का प्रभार लेने का दबाव बना रहे हैं। मामले में बीईओ शशांक शुक्ला का कहना है कि जो शिक्षक स्थानांतरित होकर आए हैं, वे नियमानुसार वरिष्ठता का दावा नहीं कर सकते हैं। लिहाजा, स्कूल का प्रभार नियमों के अनुसार वरिष्ठ शिक्षक को ही दिया गया है।

बीडीए में संपत्ति की फाइलों का हो रहा डिजिटलीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक क्लिक पर संपत्ति का ब्योरा मिल जाएगा

अमृत विचार : बीडीए ने संपत्तियों की फाइल का डिजिटलीकरण शुरू कर दिया है। ऐसे में किसी भी संपत्ति का ब्योरा एक क्लिक में मिल जाएगा और फाइलों को तलाशने में समय भी नहीं लगेगा।

बीडीए में भूंखड, आवास और बहुमंजिला अपार्टमेंट समेत कई हजार संपत्तियां हैं। करगैना, एकता नगर और टिबरीनाथ आवासीय कॉलोनियां है। इसके अलावा रामगंगा नगर में गंगा, नर्मदा, ब्रह्मपुत्र, अलकनंदा, कावेरी, आदि सेक्टर में सात हजार भूखंड हैं। इसके अलावा ग्रेटर बरेली में सात सौ भूखंड निकाले जा चुके हैं। अभी यहां विस्तार किया जा रहा है। इसके अलावा बदायूं रोड पर नाथ धाम टाउनशिप विकसित की

जा रही है। परसाखेड़ा में भी प्राधिकरण उद्यमियों के लिए योजना लाने की तैयारी कर रहा है।

इसका सर्वे भी हो चुका है। प्राधिकरण में लगातार योजनाएं आने से संपत्तियां भी बढ़ रही हैं। इनका रखरखाव फाइलों में लंबे समय तक करने में कठिनाई हो रही है। इससे बचने के लिए संपत्तियों का डिजिटलीकरण शुरू हो गया है। अब तक 50 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो चुका है।

घिस रहे हैं दांत तो तुरंत लें चिकित्सक की सलाह

- इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति कर रहा जागरूक

बरेली, अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेस की ओर से ओरल हेल्थ माह के तहत बच्चों के मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत ने बताया कि दांत घिसना एक प्रकार का दंत रोग है।

अधिकांश लोग शायद समय-समय पर नींद के दौरान दांत पीसते और मिचते हैं। कभी-कभार दांत पीसना, जिसे चिकित्सकीय भाषा में ब्रुक्सिज्म कहा जाता है, आमतौर पर नुकसान नहीं पहुंचाता है, लेकिन जब दांत पीसना नियमित रूप से होता है तो दांत क्षतिग्रस्त हो सकते हैं और अन्य जटिलताएं पैदा हो सकती हैं।

यदि दांत घिस गए हैं तो वे काफी छोटे दिखाई दे सकते हैं। जैसे-जैसे सुरक्षात्मक इनेमल घिसता जाता है दांत अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। घिसे दांत कमजोर होते हैं।

अगर दांतों में ऐसी कोई दिक्कत है तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। इसमें किसी तरह की अनदेखी न करें।

आज से तीन दिन चलेंगी तेज हवाएं

बरेली, अमृत विचार : दिन में बादल छाए रहने से लोगों को सोमवार को गर्मी से कुछ राहत मिली। मौसम विभाग ने मंगलवार से तीन दिन तक तेज हवाएं चलने का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञानी के अनुसार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का असर जिले में दिखाई दिया। जिले में अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 35.4 और न्यूनतम तापमान 0.9 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 22.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में एक मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी तीन दिन 18-20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का पूर्वानुमान है।

माध्यमिक शिक्षा : विद्यालयों में छात्रों को पढ़ाया जाएगा नैतिकता का पाठ

बरेली, अमृत विचार : नया सवेरा कार्यक्रम के तहत माध्यमिक स्कूलों में डिजिटल ज्ञान के साथ छात्रों को संस्कार और नैतिक शिक्षा के मूल्यों का पाठ भी पढ़ाया जाएगा। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा परिषद ने एकेडमिक कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार नए सत्र में शैक्षिक गतिविधियां होंगी। इस बाबत जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं।

कैलेंडर के अनुसार जिले के सभी स्कूलों में डिजिटल ज्ञान और डिजिटल लिट्रेसी को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

स्कूलों में तैयार कराई जाएगी लाइब्रेरी

कैलेंडर के अनुसार जिले के सभी स्कूलों में लाइब्रेरी स्थापित कराई जाएगी। छात्रों की रूचि के अनुसार ई बुक्स की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। गीत, संगीत, चित्रकला, रंगोली, नाटक आदि की विधाओं को विकसित करने के लिए विशेष कैंप का आयोजन कराया जाएगा।

- हफ्ते में दो दिन कराई जाएंगी गणित और विज्ञान संबंधी गतिविधियां

छात्रों की ईमेल आईडी तैयार कर उसके उपयोग के बारे में भी बताया जाएगा। स्कूलों में विभागीय अधिकारी छात्रों को अपना करियर संवारने के बारे में मार्गदर्शन करेंगे। प्रेरक प्रसंगों के जरिए उनमें देशभक्ति, अनुशासन, सदाचार आदि की सीख देंगे। नए शिक्षण सत्र में प्रार्थना के लिए 15 मिनट का समय तय कर दिया गया है। गणित और विज्ञान से संबंधित गतिविधियां सप्ताह में दो दिन कराई जाएंगी।

> एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार सभी स्कूलों में गतिविधियां कराई जानी हैं। इसके लिए सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को पत्र जारी कर निर्देश दिए गए हैं। **देवकी सिंह,** डीआईओएस

बरेली, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के सातवें दिन सोमवार को मंदिरों में मां कालरात्रि की पूजा की गई। देवी दर्शन के लिए दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। नेकपुर में ललिता देवी मंदिर, शहामतगंज में काली माता मंदिर, श्री मनोकामना वैष्णो धाम मंदिर, नौदेवी मंदिर आदि में माता का विशेष श्रृंगार किया गया। सुरेश शर्मा नगर निवासी ज्योतिषाचार्य पं. रमाकांत दीक्षित ने बताया कि चैत्र शुक्ल की अष्टमी मंगलवार को दोपहर 12.11 बजे से शुरू होगी और 16 अप्रैल को दोपहर 01.23 बजे समाप्त होगी।

शिक्षकों का वेतन निर्धारण कर बांटे पत्र

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में सोमवार को कुलसचिव सुनीता यादव ने नौ शिक्षकों का वेतन निर्धारण कर पत्र सौंपे। प्रोन्नति के बाद भी नौ महीने तक वेतन निर्धारण न होने से नाराज शिक्षकों को कुलसचिव अजय कृष्ण यादव का घेराव किया था। इसके बाद कुलपति प्रो. केपी सिंह ने अजय कृष्ण यादव को काम से हटाकर उप कुलसचिव सुनीता यादव को अतिरिक्त प्रभार दिया था। जिन शिक्षकों का वेतन निर्धारण हुआ है उनमें चीफ प्रॉक्टर प्रो. एके सिंह, प्रो. मदन लाल, प्रो. यतेंद्र कुमार, प्रो. योगराज, प्रो. अनिल सिंह आदि शामिल हैं।

एफएसडीए की टीमों ने 12 स्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए

बरेली, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र पर मिलावटखोरी पर लगाम कसने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग अभियान चला रहा है। सोमवार को विभाग की टीमों ने 12 स्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए।

जिला अभिहीत अधिकारी अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि मौर्या डेयरी संजय नगर होली चैराहा से दूध, बांके बिहारी डिपार्टमेंटल स्टोर दुर्गा चौक बदायूं रोड से रामदाना, राधे कृष्णा डेयरी मढ़ीनाथ रोड से मिश्रित दूध, गुलाब नगर में मोहम्म्द फैजान के प्रतिष्ठान से दही, जतिन मल्टी प्वाइंट सुर्खा से मूंगफली दाना, मुकुट बिहारी किराना स्टोर कोहाड़ापीर, गुरुकृपा जनरल स्टोर डेलापीर और रईया नगला मीरगंज से कुट्टू का आटा, बालाजी स्वीट्स हाउस ग्रेटर ग्रीन पार्क कॉलोनी से साबुदाना, गट्टूमल शॉप आईवीआरआई रोड से मिक्स नमकीन, राजपूत किराना स्टोर गांव किशनपुर उड़ला जागीर से जोयस मैंगो ड्रिंक ब्रांड, चुरई दलपतपुर मीरगंज फरीदयाद स्पेलर से सरसों के तेल का नमूना लिया। सभी नमूनों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में मई में शुरू होगा एडवांस स्विमिंग पूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : स्पोर्ट्स स्टेडियम में कोच की तैनाती नहीं होने से एडवांस स्विमिंग पूल नहीं चल रहा है। इससे खिलाड़ियों को ज्यादा दिक्कत हो रही है। अधिकारी मई में पूल शुरू करने की योजना बना रहे हैं। खिलाड़ियों को जीवन रक्षक की निगरानी में प्रवेश दिया जाएगा।

स्टेडियम में तैराक खिलाड़ियों के लिए दो पूल लर्निंग और एडवांस संचालित किया जा रहा है। इनमें लर्निंग पूल में वर्तमान में सौ से अधिक लोग अभ्यास करने आते हैं, इनमें शौकिया लोग भी शामिल हैं। लर्निंग पूल में अधिक संख्या में होने पर खिलाड़ियों को बैकफ्लिप, फ्रंटफ्लिफ, फ्रीस्टाइल करने में समस्या आ रही है। इसको देखते हुए अधिकारियों ने एडवांस पूल में अभ्यास करने की कार्ययोजना बनाई गई है। आरएसओ जितेंद्र यादव ने बताया कि अभी कार्ययोजना बनाई जा रही है। मई में एडवांस पूल शुरू हो सकता है।

रैली के जरिए दिया स्वच्छता का संदेश

बरेली, अमृत विचार : स्वच्छता पखवाड़े के तहत 21वीं वाहिनी एनसीसी बरेली के कैडेटों ने सोमवार को शहर में स्वच्छता रैली निकाली। प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल संजय नायर ने बरेली कॉलेज स्थित वाहिनी परिसर में हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली विकास भवन, कंपनी बाग चौराहा, आनंद आश्रम होते हुए बरेली कॉलेज के पूर्वी गेट से होकर वाहिनी परिसर में आकर समाप्त हुई। इस दौरान कैडेटों ने लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। 70 एनसीसी कैडेटों ने रैली में प्रतिभाग किया। डॉ. अंचल अहेरी, लेफ्टिनेंट अश्वनी कुमार वाजपेयी, धर्मेंद्र कुमार, सूबेदार सुरेंद्र सिंह, सूबेदार दिनेश चंद्र, हवलदार सुभाष यादव, हवलदार लक्ष्मण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

बरेली कॉलेज में स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी।

सोशल मीडिया के लीगल पैराडाइम पर शोध प्रस्तुत किया

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विधि विभाग के सेमिनार हाल में शोध छात्र अभिषेक कुमार शर्मा की प्री-एचडी मौखिकी परीक्षा हुई। अभिषेक ने लीगल पैराडाइम ऑफ सोशल मीडिया : ए क्रिटिकल स्टडी शीर्षक पर शोध प्रस्तुत किया। परीक्षा के दौरान बाह्य परीक्षक गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्रो. सुभाष चंद्र गुप्ता रहे। शोधार्थी ने सोशल मीडिया पर कंप्रहेंसिव विधि बनाने और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट के प्रावधानों को और अधिक क्लियर बनाए जाने का सुझाव दिया। छात्र ने प्रो. हरवंश दीक्षित के निर्देशन में शोध पूरा किया। विधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. अमित सिंह, कामिनी विश्वकर्मा, डॉ. शहनाज अख्तर आदि मौजूद रहे।

27 तक जमा करनी होगी हज यात्रा की तीसरी किस्त

बरेली, अमृत विचार : हज पर जाने वालों के लिए 27 अप्रैल तक तीसरी किस्त जमा करनी होगी। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सदस्य डॉ. सैयद एहतेशामुल हुदा ने बताया कि लखनऊ एयरपोर्ट से जाने वाले आजमीन को तीसरी किस्त के रूप में 87300 और दिल्ली एयरपोर्ट से जाने वालों को 78300 रुपये देने होंगे। जिन लोगों ने पहली दो किस्तों के रुपये जमा कर दिए हैं, वे लोग शेष धनराशि हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई के खातों में जमा करा सकते हैं। इसके अलावा हज कमेटी की वेबसाइट पर भी ऑनलाइन शेष धनराशि जमा की जा सकती है।

सेंट फ्रांसिस, विद्या वर्ल्ड सेमीफाइनल में

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। इसमें सेंट फ्रांसिस कान्वेंट की टीम 18 रन से पुलिस लाइन पीएसी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची। जबकि विद्या वर्ल्ड ने बेदी इंटरनेशनल स्कूल को 181 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

तीसरा क्वार्टर फाइनल सेंट फ्रांसिस कान्वेंट और पुलिस लाइन पीएसी के बीच हुआ। सेंट फ्रांसिस की टीम ने 18 ओवर में 107 रन बनाए। पुलिस लाइन पीएसी की टीम 15.1 ओवर में 89 रन पर सिमट गई। चौथा क्वार्टर फाइनल विद्या वर्ल्ड और बेदी इंटरनेशनल स्कूल के बीच हुआ। विद्या वर्ल्ड की टीम ने 253 रन का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी बेदी इंटरनेशनल की टीम 16.5 ओवर में 54 रन ही बना पाई। वहीं, मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट के दोनों सेमी फाइनल मैच मंगलवार को खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल मैच मिशन एकेडमी और सेंट फ्रांसिस, दूसरा सेमी फाइनल मैच डीपीएस और विद्या वर्ल्ड के बीच होगा।

खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथिगण। ● अमृत विचार

- पंचम श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट

चित्रकला में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बरेली, अमृत विचार : विश्व कला दिवस पर भारत विकास परिषद की ओर से सोमवार को जीवनधारा पुनर्वास एवं अनुसंधान संस्थान में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। जिला संयोजक संजय नेगी, प्रांत अध्यक्ष संजीव जॉली, संदीप अग्रवाल, मनिंदर जीत कौर, विपिन गर्ग आदि मौजूद रहे।

- प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया

रोहिलखंड डेंटल कॉलेज में सीबीसीटी मशीन का उद्घाटन

बरेली, अमृत विचार : रोहिलखंड डेंटल कॉलेज में सोमवार को वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. एके गोयल ने सीबीसीटी मशीन का उद्घाटन किया। इस आधुनिक मशीन से दांतों और चेहरे की 3 डी इमेज ली जा सकेगी। इससे दंत चिकित्सक मरीजों के जबड़े की जटिल समस्याओं के बारे में जानकारी के साथ ही उचित इलाज दे सकेंगे।

कॉलेज के ओरल मेडिसिन एवं रेडियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष अग्रवाल ने बताया कि मरीजों में डेंटल इंप्लांट के लिए इस मशीन द्वारा दी गई जानकारी बहुत ही लाभदायक है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सत्यजीत नायक ने बताया कि कॉलेज में डेंटल इंप्लांट अब और भी सटीकता से लगाए जा सकेंगे। इस दौरान बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल ने डॉ. एके गोयल का अभिनंदन शॉल ओढ़ाकर किया। इस मौके पर कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं दीं। संचालन प्रशासनिक अधिकारी सीएस कांडपाल ने किया। डॉ. नितिन उपाध्याय, डॉ. सौम्या जीवी, डॉ. अंकित राठौर, डॉ. ज्योति बिष्ट और समस्त परास्नातक छात्रों के साथ बरेली इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद रहे।

रोहिलखंड डेंटल कॉलेज में सीबीसीटी मशीन का किया गया उद्घाटन ।

- अत्याधुनिक मशीन से दांतों और चेहरे की 3 डी इमेज ली जा सकेगी

एक नजर

प्रधानपति पर सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप

नवाबगंज, अमृत विचार : कस्बे से सटी ग्राम पंचायत रिछोला किफायतुल्ला के प्रधानपति और उसके साझीदार पर ग्राम पंचायत के एक व्यक्ति ने सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए एक शिकायती पत्र एसडीएम को देकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक, लेखपाल को पुलिस के साथ जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए है। रिछोला किफायतुल्ला निवासी वसीम अहमद का आरोप है कि हडवार (मुर्दा जानवर फेंकने का स्थल) से सटकर प्रधान पति और उसके साझेदार की भूमि है, जिसका रास्ता उत्तर की ओर है, लेकिन ये लोग हाईवे से जुड़ने के लिए हडवार की ओर रास्ता निकाल रहे हैं। एसडीएम ने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

घर में घुसकर महिला से की छेड़खानी

नवाबगंज, अमृत विचार : कस्बे की एक तलाक शुदा महिला पर मोहल्ले के कुछ लोग गलत निगाह रखते, उस पर फब्तियां कसने के साथ ही उसके साथ अश्लीलता करते है। रविवार को मोहल्ले के कुछ लोग उसके घर में घुस गए और छेड़खानी की। महिला ने विरोध किया तो उस पर ईंट -पत्थर बरसाए। पीड़िता ने नवाबगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की की मांग की, पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

बंटवारे के विवाद में दंपती को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

देवरनियां, अमृत विचार : रिछा के मोहल्ला गोटिया वार्ड नंबर 8 निवासी मो. आरिफ ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके भाई तस्लीम अहमद उसकी पत्नी नाजिश बी और मोहम्मद अरशद उसे संपत्ति में हिस्सा नहीं दे रहे हैं। जब-जब वह अपना हिस्सा उनसे मांगता हैं तो वह उसे गालियां देते हुए लड़ाई- झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। 13 अप्रैल को जब उसकी पत्नी ने बंटवारे के लिए कहा तो वे लोग गालियां देते हुए पीटा। पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी को पड़ोसियों ने बचाया।

तलाक के बाद महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : एक महिला ने तलाक के बाद ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट कराई। इसके बाद ससुरालियों ने भी धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। क्षेत्र के ठिरिया निजाबत खां निवासी आशना बेगम ने बताया कि उनके बेटे साहेब खान का निकाह 10 फरवरी 2021 को ठिरिया निजाबत का हरी मस्जिद निवासी जाकिया खानम पुत्री मेहताब के साथ हुआ था। शादी के बाद बहु ने एक बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि शादी के बाद से उसका चाल चलन ठीक नहीं था। उनका बेटा विदेश में नौकरी करता है। उनकी बहू ने बेटे पर तलाक का दबाव बनाया। तलाक न देने पर मायके वालों के साथ मिलकर परेशान करने लगी। 5 दिसंबर 2022 को रिश्तेदारों की मौजूदगी तलाकनामा लिखा गया। 7 लाख नकद बहु को नकद दे दिए। 3.5 लाख के चेक दिए गए। इसके बाद बहू ने चेक क्लियर होने से पहले ही रिपोर्ट करा दी।

एक ही रात में चार दुकानों के तोड़े ताले

क्षेत्र में ताबड़तोड़ हो रही चोरियों से व्यापारियों में दहशत, चोरों पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, रिठौरा

अमृत विचार: कस्बे में एक माह से चोरी की घटनाओं में इजाफा होने से व्यापारियों में पुलिस की कार्यशैली से आक्रोश है। रविवार रात चार दुकानों के ताले तोड़कर चोर दो स्थान से नकदी समेत सामान समेट ले गए, पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

सुपर इलेक्ट्रॉनिक शॉप का ताला तोड़कर एक बड़ी पानी की मोटर, बीस पंखे की मोटरें, बीस किलो कॉपर का तार, लगभग पचास हजार रुपये का सामान चुरा ले गए। चोर सीसीटीवी में कैद हो गए। वहीं आलम इलेक्ट्रॉनिक के शटर को भी खोल दिया गया, तब तक परिजन जाग गए और चोर फरार हो गए। विजय किराना स्टोर के भी शटर के ताले काटकर चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले ही पड़ोसी मंदिर के पुजारी जाग गए, चोर हड़बड़ी में बाहर निकला तो पुजारी ने उसे पकड़ लिया। लेकिन चोर ने किसी तरह उनसे छुड़ाकर फरार हो गया। चोर भुमसेन मंदिर से दानपात्र चुरा ले गए। एक माह पहले मोबाइल व्यापारी सचिन गुप्ता के घर से हुई चोरी का आज तक पुलिस सुराग नहीं लगा सकी है। सोमवार को नूर मियां ने रिठौरा चौकी पर चोरी की लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। वहीं लगातार बढ़ रहीं चोरी की घटनाओं से व्यापारी दहशत में हैं।

शादी वाले घर से चोर नकदी और जेवर समेट ले गए



शेरगढ़ ,अमृत विचार : कस्बे के मोहल्ला शिव मंदिर स्थित एक मकान से चोर डेढ़ लाख की नकदी समेत लाखों के आभूषण चुरा ले गए। मोहल्ला शिव मंदिर निवासी बाबूराम की बेटी का 22 अप्रैल को विवाह है ,घर में विवाह की तैयारियां चल रही हैं। रविवार रात चोर छत के सहारे घर में घुस गए बाइक खरीदने को रखी डेढ़ लाख की नकदी, लाखों रुपये जेवर समेट ले गए। आहट होने पर बाबूराम की बेटी की नींद खुल गई, उसने शोर मचाने का प्रयास किया, लेकिन चोर धक्का देकर फरार हो गए। पीड़ित चोरी की लिखित और नामजद सूचना थाना में दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की ओर से चोरी की नामजद तहरीर दी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि दोनों परिवारों के बीच पूर्व से ही विवाद चल रहा है।

ताला तोड़कर नकदी जेवर ले गए चोर

भमोरा, अमृत विचार : भमोरा के एक किसान के घर रविवार देर शाम चोरों ने संदूक का ताला तोड़कर 80 हजार नकदी के साथ लाखों के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। ग्राम नौगंवा ठाकुरान निवासी पप्पू ने बताया कि रविवार को वह और उसका परिवार सुबह गेहूं काटने गए थे, देर शाम पत्नी प्रेमवती को जल्दी घर भेज दिया, जिससे वह खाना बना ले। उसने देखा कि कमरे में रखें संदूक का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान अस्त व्यस्त था। सूचना पर परिवार वाले घर पहुंचे और डायल 112 को फोन कर घटना की जानकारी दी। पप्पू की मां रानी ने बताया की घर के पिछले दरवाजे से घुसे चोरों ने घर में रखे 80 हजार रुपये नकद के साथ लाखों के जेवर चुरा ले गए।

दवा लेने गई महिला से दबंगों ने की छेड़खानी

भोजीपुरा, अमृत विचार : एक महिला अपने बच्चे को लेकर दवा लेने गई थी, दबंगों ने रास्ते में घेरकर उससे छेड़खानी की,विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। पीड़िता ने भोजीपुरा थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि वह सोमवार को दवा लेने गांव घंघोरा- घंघोरी में डॉक्टर के यहां जा रही थी।रंजिशन गांव अंबरपुर के चार लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया और बुरी तरह पिटाई कर दी।आरोप है कि महिला के साथ छेड़खानी भी की और कानों के कुंडल भी लूट कर ले गए।तभी एक अनजान राहगीर ने हमलावरों को ललकारा तभी हमलावर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र में वर्णित तथ्यों की जांच कराई जा रही है। जांच आरोप सही पाए गए तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

खतरों भरा सफर

देवरनियां : बरेली-नैनीताल हाईवे पर बहेड़ी और बरेली के बीच बड़ी संख्या में डग्गामार वाहन दौड़ रहे हैं। यातायात नियमों के विपरीत सवारियों को भरा जाता है, मगर रास्ते में पड़ने वाले थाने और चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों की शायद नजर नहीं पड़ती, इसलिए ये बेधड़क चल रहे हैं। इन वाहनों में अंदर तो सीट से ज्यादा बैठाया ही जाता है बाहर भी लटकाया जाता है। यह वाहन चालक कभी भी बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं।

बाजार में खड़ी कार बनी आग का गोला

बहेड़ी, अमृत विचार : साप्ताहिक बाजार के निकट खड़ी एक कार में आग लग गई, सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार जल चुकी थी।

घटना रविवार रात करीब 2.15 बजे की है। स्थानीय लोगों ने कार में आग लगी देखी तो मोहल्ला बाजार निवासी कार मालिक अखलाक को जानकारी दी। सूचना पर फायर स्टेशन प्रभारी योगेश कुमार मौके पर पहुंचे, और आग को बुझाया, उन्होंने बताया कि चलती कार में लगना समझ में आता है पर खड़ी कार में आग किस तरह लगी, यह रहस्य है। जिस जगह कार खड़ी थी उसके आसपास बिजली का तार भी नहीं है और ट्रांसफर भी दूरी पर था। कार एक दशक से भी पुरानी बताई जाती है। उन्होंने कहा कि पूछताछ के लिए कार मालिक को सोमवार को बुलाया गया था लेकिन वह नहीं पहुंचा।

नकली जेवर गिरवी रखने वाला गिरोह सक्रिय, चार पकड़े

संवाददाता, शीशगढ़

अमृत विचार : बहेड़ी में नकली जेवर गिरवी रखकर ठगी करने वाले गैंग ने शीशगढ़ के मानपुर में एक ज्वेलर्स को ठगने की कोशिश की। दुकानदार की सक्रियता के चलते गैंग पकड़ा गया। जिसमें दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं।

गांव मानपुर में जागेन्द्र सिंह उर्फ जग्गी की बनइया मोड़ पर सर्राफा की दुकान है। उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर को लगभग 1 बजे उसकी दुकान पर दो महिलाएं दो पुरुषों के साथ दो कंगन सोने के बताकर गिरवी रखने आई थी। जांच में गहने नकली निकले तो उसने गिरवी रखने से मना कर दिया। दुकानदार ने नकली गिरोह का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो देखकर बहेड़ी के ज्वेलर्स ने गिरोह को पहचान कर मानपुर के दुकानदार से गिरोह को रोके रखने का आग्रह किया। दरअसल बहेड़ी के एक ज्वेलर्स से गिरोह दो चूड़ियां गिरवी रखकर 75 हजार रुपये की ठगी करके लाया था, जिसे उसने पहुंचकर पकड़ लिया। पकड़ा गया गिरोह खुद को मुरादाबाद का बता रहा है।

19 दिन बाद लूट की रिपोर्ट

भमोरा, अमृत विचार : भमोरा पुलिस ने परिवार से लूट के मामले में19 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की हैं। बदायूं के उझानी थाना क्षेत्र के गांव संजरपुर निवासी अवधेश ने बताया कि 26 मार्च को परिवार के साथ जा रहे थे। बरेली -बदायूं मार्ग पर ग्राम सिरोही स्थित एक पेट्रोल पंप के समीप एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने बाइक कार के आगे लगाकर लूट की थी। भीड़ ने एक आरोपी को पकड़ लिया था, इस मामले में पुलिस ने 19 दिन बाद अवधेश की तहरीर पर लूट का मुकदमा दर्ज कर जांच करने की बात कही।

पुलिस के खिलाफ थाने के बाहर हंगामा

संवाददाता, आंवला

अमृत विचार : हिंदूवादी संगठनों ने मांस भरकर ले जा रही एक पिकअप को सोमवार शाम को पकड़ा, पुलिस से कार्रवाई करने को कहा तो उनसे अभद्रता की गई। इससे आक्रोशित विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारी थाने गेट पर बैठ गए और संबंधित पुलिस कर्मियों को हटाने की मांग करने लगे।

विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष दुर्गेश सक्सेना ने बताया कि वह पुरैना चौराहे पर थे तभी एक पिकअप आई उसमें नॉनवेज भरा था। उन्होंने वहां मौजूद पुलिस कर्मी से कार्रवाई करने को कहा तो उसने उनसे अभद्रता की। सूचना पर अन्य हिंदू संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे तो पुलिस उस गाड़ी को थाने ले आई। पदाधिकारियों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई करने को कहा तो पुलिस ने पुनः अभद्रता की। बजरंग दल संयोजक आशीष हिंदू ने बताया

थाना गेट पर बैठकर प्रदर्शन करते संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- **मांस से भरी पिकअप पर कार्रवाई की मांग, अभद्रता का आरोप**

कि नवरात्रि में नॉनवेज का परिवहन खुलेआम हो रहा हैं। भारतीय बजरंग दल के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अमित शर्मा ने बताया कि पुलिस ने पकड़ी गई गाड़ी को छुपाकर खड़ी करने लगे। जिसका उन लोगों ने विरोध किया। इस पर एक दरोगा ने लठ्ठ बजाने की कहने लगे। थानाध्यक्ष ने दरोगा को डिप्रेशन में होने और किसी को भी गोली मार देने की बात कही। इसके बाद तीनों संगठनों के पदाधिकारी थाना गेट पर बैठकर प्रदर्शन करने लगे, और हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। पदाधिकारी पुलिसकर्मियों को हटाने और कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं। खबर लिखे जाने तक हिंदूवादी संगठन थाना गेट पर प्रदर्शन कर रहे थे। वहीं इस मामले में सीओ आंवला नीलेश मिश्र का कहना है कि कोई मामला ही नहीं है। बगैर किसी बात के तूल दिया जा रहा है। पशु चिकित्सक आंवला जितेन्द्र मलिक ने बताया कि मीट में मुर्गे के अवशेष हैं। पंख और पंजे दो दिन पुराने है। प्रभारी निरीक्षक वीरेश कुमार ने बताया कि रामपुर के दो लोग मछली पालते हैं। वह मीट का अवशेष मछलियों के लिए ले जा रहे थे। अभद्र व्यवहार की बात निराधार है।

बिजली के लटकते तारों से हादसे की आशंका

संवाददाता, बिशारतगंज

अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के अलीगंज-रमपुरा मार्ग से बेहटा बुजुर्ग गांव को जाने वाले रोड पर गांव के पास बने नलकूप संख्या 70 एजी के पास बिजली अधिकारियों की लापरवाही के चलते रोड को क्रॉस करती हाईटेंशन लाइन के तार काफी लटक गए हैं। इससे भारी वाहन तारों को छू लेते हैं।

इस समय गेहूं की कटाई चल रही है, ऐसे में भूसा की ट्रॉली भी नहीं निकल पा रही है, जिससे किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पुरानी लाइन से करीब 1 मीटर ऊपर किसानों के ट्यूबलों को दी जाने वाली बिजली की लाइन भी गुजार दी गई है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसे लेकर सोमवार को ग्रामीण नत्थू लाल, प्रेमपाल, सूरजपाल, देवेंद्र, मोहनलाल, एहसान खान, आदि ने फोन से सूचित कर एसडीओ अलीगंज सत्येंद्र कुमार को मामले से अवगत कराया है। एसडीओ अलीगंज सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच कर अतिशीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

लटकते तारों को दिखाता ग्रामीण।

घर में खींचकर किशोरी से की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

आंवला, अमृत विचार : डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती कार्यक्रम से लौट रही एक किशोरी को गांव के ही युवक ने जबरन अपने घर में खींचकर छेड़खानी की आरोप है कि युवक ने उसे अलमारी में बंद कर दिया था। किशोरी के पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। किशोरी के पिता ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती कार्यक्रम से घर लौट रही थी। रास्ते में गांव के ही रामरतन ने उसकी बेटी को अपने घर में खींच लिया और अलमारी में बंद करके छेड़खानी की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की हैं।

बहू के मायके वालों ने वृद्ध को किया घायल

संवाददाता, शीशगढ़

अमृत विचार : पति के डांटने से नाराज महिला ने फोन कर मायके वालों को बुला लिया, उन लोगों ने घर में घुसकर लाठी डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया, इससे बुजुर्ग घायल हो गए।

आरोप है कि महिला रविवार को छत पर खड़े होकर किसी अंजान से फोन पर अश्लील बातें कर रहीं थी। शक होने पर पति ने उससे उस व्यक्ति के बारे में पूछताछ की तो उसने कुछ नहीं बताया। इस पर पति ने उसे डांट दिया। इससे नाराज महिला ने फोन कर मायके से मां

- **पति के डांट से नाराज महिला ने मायके वालों को बुलाकर कराई ससुरालियों से मारपीट, रिपोर्ट**

रिहाना, भाई अफसार,आसिफ और राशिद निवासी मोहल्ला तकिया थाना शीशगढ़ को बुला लिया। आते ही मायके वालों ने लाठी -डंडे से हमला कर दिया। हमले में बुजुर्ग जलील अहमद घायल हो गए। शोर शराबा होने पर पड़ोसियों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित बुजुर्ग की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

खेत से ट्रेक्टर निकालने के विरोध पर पीटा

बहेड़ी, अमृत विचार : एक किसान के खेत से जबरन कंपाइन और ट्रैक्टर निकालने का विरोध करने पर दबंग ने किसान की पिटाई कर दी। साथ ही गोली मार देने को धमकाया, जिसकी वीडियो वायरल हो रही हैं। वीडियो में दबंग हाथ में तमंचा लिए अपशब्दों का प्रयोग करते दिख रहा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कहा कि गांव का ही एक दबंग जबरन उसके खेत से होकर कंपाइन और ट्रैक्टर निकालता है जिससे उसकी फसल का नुकसान हो रहा है।

पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

बहेड़ी : लोकसभा चुनाव के मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए एसपी देहात उत्तरी मुकेश चंद मिश्र की अगुवाई में अर्ध सैनिक बल ने नगर में फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च की शुरुआत कोतवाली परिसर से हुई, जो विभिन्न क्षेत्रों से गुजरी। इस दौरान एसपी देहात ने लोगों बिना डरे मतदान करने का संदेश दिया।

रामनवमी का मेला आज से कल निकलेगी राम बरात

भोजीपुरा , अमृत विचार : धौराटांडा में 60 वर्षों से लग रहा प्राचीन रामनवमी मेला इस बार मंगलवार से शुरू होकर 22 अप्रैल तक चलेगा। इस मेले की परंपरा पूर्व कैबिनेट मंत्री राममूर्ति लाल गुप्ता ने शुरू की थी तभी से लगातार लग रहा है। मेले में रोज रामलीला का मंचन होता है इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के पंडाल और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इस मेले की व्यवस्थाएं श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के अध्यक्ष देवमूर्ति देखते हैं। 17 अप्रैल को राम बरात निकाली जाएगी, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल रहेंगे। यह जानकारी साहू ठाकुर दास इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आदेश तिवारी ने दी है मेले को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी अपनी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त करने में लगा हुआ है।

सड़क हादसे में दो लोगों की मौत के मामले में रिपोर्ट

मीरगंज, अमृत विचार : सड़क हादसे में दो लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक युवक के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।थाना शाही के गांव परतापुर निवासी पप्पू ने बताया कि 25 मार्च को शाम 8 :00 बजे गांव हैदरगंज भट्ठे के पास खड़े होकर उसका बेटा हरीश अपने दोस्त सुमित और रोहित से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान शीशगढ़ की ओर से आए एक टेंपो चालक ने तीनों को टक्कर मार दी, जिससे सभी घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान हरीश की 28 मार्च को मौत हो गई,जबकि 30 मार्च को रोहित की मौत हो गई और घायल सुमित का इलाज चल रहा है। इलाज में व्यस्त होने के चलते पीड़ित रिपोर्ट नहीं करा सका। अब उसने थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी सतीश कुमार नैन ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात टेंपो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सार-संक्षेप

पोलिंग बूथ के पास धंसी पुलिया, नहीं कराई मरम्मत

नवाबगंज , अमृत विचार : नवाबगंज - बरखेड़ा मार्ग पर ग्राम दलेलनगर में पुलिया धंस गई है। गांव के पोलिंग बूथ से मात्र 100 मीटर की दूरी पर बनी पुलिया को ठीक कराने की सुध अफसरों ने नहीं ली है। जबकि भदपुरा क्षेत्र के सभी गांवों को जाने वाला यही मुख्य मार्ग भी है। लोनिवि ने मात्र लाल कपड़े की झंडी लगाकर अपना दायित्व पूरा कर दिया है। अब सवाल ये है कि इसे ठीक कौन कराएगा, चुनाव सरपर है और इसी रोड से अधिकारियों की गाड़ियां दौड़ेंगी।

आओ हम सभी मिलकर मतदान करें

मीरगंज, अमृत विचार : ग्रामीणों को मतदान का संदेश देने के लिए ग्राम पंचायत सैजना की ओर से प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इसके लिए ग्राम प्रधान सोमपाल गंगवार, सचिव कुलदीप आदि के सहयोग से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र पर वॉल पेंटिंग कराई गई। जिसमें मतदान करने के लिए प्रेरित करने वाले नारे और चित्रकारी की जा रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार और सीडीओ जग प्रवेश ने बताया कि सरकार की मंशा है कि इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत अधिक रहे, दिव्यांगों के लिए सहूलियत दी गई है।

तस्कर की तलाश में आई रामपुर पुलिस, खाली हाथ लौटी

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : एसओजी टीम ने फतहेगंज पश्चिमी के स्मैक तस्कर को पकड़कर रामपुर के केमरी पुलिस को सौंप दिया। केमरी पुलिस ने स्मैक तस्कर की निशानदेही पर गांव सोरहा में दबिश दी, लेकिन स्मैक का सौदागर दबिश की भनक लगते ही फरार हो गया। एसओजी टीम ने रविवार देर रात फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला सराय निवासी अनीस मंसूरी को बरेली हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। उसके पास स्मैक की खेप भी बरामद की है। टीम ने उसे रामपुर के थाना केमरी में दाखिल किया है। पूछताछ में अनीस ने कस्बे के मोहल्ला सराय निवासी मुजीब की स्मैक बताई है। सोमवार करीब 10 बजे केमरी पुलिस टीम अनीस मंसूरी को लेकर आई।टीम ने अनीस की निशानदेही पर पहले कस्बा और फिर गांव सोरहा में दबिश दी है। लेकिन भनक लगने से मुजीब फरार हो गया।

आपात स्थिति में आग से बचाव को किया जागरूक

बहेड़ी, अमृत विचार : गर्मी का मौसम शुरू होते आग से होने वाली घटनाओं में वृद्धि हो जाती है। इसी के मद्देनजर सोमवार को अग्नि सुरक्षा सेवा सप्ताह के तहत फायर स्टेशन प्रभारी योगेश कुमार की अगुवाई में अग्नि शमनवीरों ने तहसील, नगरपालिका, खंड विकास कार्यालय तथा स्थानीय डाक घर में अधिकारियों और कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। सरकारी दफ्तरों में कैसे और किन स्थितियों में आगजनी हो जाने की आशंका रहती है, इसे विस्तार से बताया गया। फायर स्टेशन प्रभारी ने प्रायोगिक तौर पर दिखा कर सभी को आश्वस्त किया। साथ ही कार्यालयों में अग्नि सुरक्षा से बचाव के उपकरण लगाने और समय समय पर उन्हें चेक करते रहने की अपील भी की।

सिरौली पुलिस ने टीम के साथ वाहनों को किया चेक

सिरौली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सिरौली पुलिस ने सोमवार को एफएसटी और एसएसटी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग की गई। इंस्पेक्टर लव सिरोही ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव तक नियमित रूप से वाहनों की चेकिंग होती रहेगी, ताकि चुनाव में नकदी और शराब का अवैध इस्तेमाल नहीं हो सकें।

स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों ने निकाली रैली

बिशारतगंज, अमृत विचार : स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कस्बे के प्राथमिक विद्यालय प्रथम के मास्टर विनोद शर्मा के नेतृत्व में छात्रों के साथ स्कूल चलो, संचारी रोग और मतदान अवश्य करो के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान शिक्षक रश्मि पाल, शायमा खानम, प्रवेश कुमारी, अखिलेश गुप्ता, अंकित सिंह, नीलम कुमारी,भावना, अंजलि बिष्ट आदि मौजूद रहीं।

सीएचसी में आंखों के डॉक्टर नहीं होने से परेशानी

शेरगढ़,अमृत विचार : शेरगढ़ सीएचसी में आंखों के डॉक्टर नहीं होने से नेत्र रोगियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं रोजाना बड़ी संख्या में नेत्र रोगी इलाज कराने सीएचसी पहुंचते हैं, सुविधा नहीं होने पर बगैर इलाज के ही लौटना पड़ा है। परेशान लोग बरेली न जाकर प्राइवेट डॉक्टरों को दिखाते है जो बगैर उचित जांच के लोगों का इलाज कर रहे है। शेरगढ़ कस्बे में बड़ी संख्या में आप्टिकल सेंटर खुले हुए हैं जहां अप्रशिक्षित लोग आंखों की जांच कर चश्मा पहना देते हैं। ग्रामीणों ने कई बार सीएचसी में नेत्र चिकित्सक की मांग की है लेकिन समस्या समाधान नहीं हो पा रहा है। सोमवार को कई नेत्र रोगी इलाज कराने पहुंचे लेकिन उन्हें लौटना पड़ा।

महारास और रुक्मिणी से जुड़ा प्रसंग सुनाया

बरेली, अमृत विचार : शांतिजन मिशन ट्रस्ट की ओर से सोमवार को रिछा स्थित श्री राधा हृदय बिहारी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ। इस दौरान कथा व्यास पं. गोपाल कृष्ण मिश्रा ने महारास और रुक्मिणी से जुड़ा प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि प्रभु जिस पर कृपा करते हैं, उसी को महारास में प्रवेश मिलता है। कथा व्यास ने सभी को संकल्प दिलाते हुए कहा कि कभी किसी के द्वारा किसी बेटी को न सताया जाए। भजनों की धुन पर श्रद्धालु थिकरते रहे। ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रजनीश सक्सेना, सुभाष शर्मा, दीपक जोशी, मनु शर्मा, सुनील गुप्ता, अरुण वर्मा, राजीव पांडे ,चंद्रपाल सिंह,कप्तान सिंह, अमित, सीता राम सिंह, श्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

स्कूलों का समय बदलने की मांग

फतेहगंज पूर्वी , अमृत विचार : प्राथमिक शिक्षक संघ ने सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रमोशन करने और अधिक गर्मी होने के कारण स्कूलों का समय परिवर्तन के लिए एक ज्ञापन सौंपा, बीएसए ने संघ को आश्वासन दिया है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री मुकेश चौहान के नेतृत्व में शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह को ज्ञापन देकर अपनी मांगे रखी। ज्ञापन देने वालों में मुकेश सिंह चौहान ,शिव स्वरूप शर्मा, अजरार हुसैन आगा ,प्रमोद गंगवार ,सुनील शुक्ला, कामरान खान, मनोज मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन-बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्मनियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें, क्योंकि आत्मा ही हमारी हितैषी और आत्मा ही हमारी शत्रु है।

संपादकीय

वैश्विक जगत में चिंता

दुनिया पहले से ही दो बड़े युद्ध के संकट को झेल रही है। ऐसे में ईरान के इजराइल पर हमले ने वैश्विक जगत में चिंता बढ़ा दी है। भारत ने भी इस मुद्दे पर गहरी चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इजराइल ने ब्रिटेन, फ्रांस से ईरान पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। ईरान ने हाल में कम से कम नौ मिसाइलों से इजराइल के दो हवाईअड्डों पर हमला किया है। हमले में बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि शनिवार की रात, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इजराइली क्षेत्र पर अपने पहले सीधे हमले में इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी थीं। ईरान ने यह हमला गत एक अप्रैल को दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर इजराइल के हवाई हमले के जवाब में किया था। संयुक्त राष्ट्र में इजराइल के स्थायी प्रतिनिधि गिलाद एर्दान ने कहा कि उनके पास ईरान के हालिया हमले का जवाब देने का कानूनी अधिकार है क्योंकि उसने (ईरान) ने 'हर लाल रेखा' को पार कर लिया है। उधर खाड़ी के देश युद्ध के विस्तार को लेकर खासे चिंतित हैं और अमेरिका को युद्ध से दूरी बनाए रखने को लेकर चेता रहे हैं। आशंका यह भी जताई जा रही है कि यदि इजराइल जवाबी कार्रवाई करता है तो युद्ध का विस्तार बड़े इलाके में हो सकता है।

हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के जी-7 देशों के नेताओं से हुई बातचीत के बाद इस संकट से निपटने में कूटनीतिक तेजी आई है। जो बाइडन ने जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से भी फोन पर अलग से बातचीत की। इन बातचीत में अमेरिकी नेतृत्व ने क्षेत्र में तनाव बढ़ने से रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया तथा इजराइल की रक्षा के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दोहराया। दरअसल युद्ध को टाला नहीं गया तो इसका दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल सकता है। गौरतलब है कि भारत के दोनों ही देशों से अच्छे संबंध हैं। यही कारण है कि इजराइल पर ईरान का हमला होते ही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दोनों पक्षों से बातचीत की। ईरान में चार हजार और इजराइल में 18.5 हजार भारतीय रहते हैं। युद्ध के फैलने की आशंका के मद्देनजर दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की वहां से निकासी चिंता का कारण है। इसलिए भारत का रुख स्पष्ट है। वह तनाव कम करने के लिए हर संभव कोशिश करेगा। युद्ध से दुनिया गहरे आर्थिक संकट की चपेट में आ सकती है। इसलिए दोनों देशों को संयम बरतते हुए कूटनीति का रास्ता अपनाना चाहिए।

एआई और फ्लेवर्स ने देशज साहित्य-शोध में बढ़ाई रुचि



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं।

भारत के अंग्रेजी लेखकों को अपने लेखन को जारी रखने या एनालिटिकल शोध हेतु विषय नहीं मिल रहे। आरके नारायण, मुलकरा आनंद और खुशवंत सिंह तो जाने-माने नाम हैं। इनसे पहले के बहुत-से नाम 'कलकत्ता रिव्यु' और 'द इंडियन रिव्यु' नामक पत्रिकाओं से मिलते हैं। कुछ नाम 'द जर्नल ऑफ़ द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल' और 'इंडियन एंटीक्वेरी' से भी लिए जा सकते हैं। नई पीढ़ी बहुत बढ़िया लिख रही है और बहुत से ऐसे नाम जो आम प्रचलन में नहीं हैं। अंग्रेजी लिट्रेचर के जर्नल्स में से नोट किये जा सकते हैं।

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें। साहित्य के एक विद्यार्थी के मन में जो बात एक फिजिसिस्ट या फिजियोलॉजिस्ट एवं एक इनफार्मेशन साइंटिस्ट डालकर उसे एकदम से नया नज़रिया दे सकता है,वह सिर्फ लिट्रेचर ही जानने वाला प्रोफेसर नहीं कर सकता। इसीलिए अंतर्विद्यावर्ती दृष्टि लेकर अध्ययन अधिक किए जाने को आजकल बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि शोध कार्य एक सशक्त, नए ज्ञान-सृजन की एक्सरसाइज में तब्दील हो जाए और प्रयास एवं संसाधन व्यर्थ होने बचें। ये भविष्यमयी बनें।

नए किस्म के इस शोध प्रोटोकॉल से वाकफियत न होने में शोधकर्ताओं के सुपरवाइजर्स और सुपरविज़न की परंपरिक पद्धति की बड़ी भूमिका नज़र आने के अलावा एक और पावरफुल इन्फ्लुएंस सक्रियता अभी तक बनी हुई है। वह है हमारे आचार्यगण की ब्रिटिश, अमेरिकन और फ्रेंच लिट्रेरी क्रिटिसिज्म की ओर गाइडेंस के लिए देखने की और ता-उम्र इस आदत पाल कर काम करने की। बावजूद इसके, इन आचार्य गणमें से कुछ तो जरूर ऐसे हैं जो भारत की विशाल लोकवार्ता निधि के बारे में अंग्रेजी भाषा में सूक्ष्म मूल्यांकन (क्रिटिकल एप्रेज़ल) करते हुए इसे विश्व पटल पर ला रहे हैं। ब्रिटिश इंडिया में ब्रिटिश इंडोलॉजिस्ट्स और स्कॉलर्स की लोकवार्ता (इंडिक स्टडीज) में बेहद रुचि होने के कारण ही ऐसा संभव

भारत के सबाल्टर्न समुदायों की लोकभाषाओं और वर्नाक्युलार-देवनागरी हिंदी और तमिल आदि, में उपलब्ध लोकवार्ता निधि से नई पीढ़ी अधिक वाकिफ नहीं दिखती, फिर भी शोधकार्य करने के लिए रुझान दिखलाई दे रहे हैं। रुझान को अमली जामा पहनाने के लिए यह जरूरी है कि शोधकर्ता अनेक बहुविषयक विद्वज्जनों से पहले विमर्श करें।

हुआ कि भारत के हरेक कोने में रहने वाले समुदायों की लोकवार्ता (फोकलोर) का दस्तावेजीकरण हो गया। भारतीय लोगों की लोकवार्ता निधि की विविधता और विशालता चकित करती है और इससे भी अधिक आनंदमयी अहसास यह कि इसके अधिकतर प्रोविंशियल लैंग्वेजेज और लोकभाषाओं में होने के वजह से लिंगविस्टिक फ्लेवर में अर्थात 'रस' और 'भाव' की वजह से यह अद्भुत संरचना वाली भी है। इसमें पद्यात्मक शैली-रूप की अधिकता है,लेकिन अध्ययन के समय यह ध्यान रखना अनिवार्य है कि हमारे आदि-मनीषियों ने गद्य को भी पद्य माना है। फिर भी बहुत कुछ बचा रहा जिसका कलेक्शन और प्रस्तुतिकरण सन 1960 के बाद तक जारी रहा।

हरियाणा में असंकलित वार्ता, यथा लोककथा और लोकगीत, का संग्रह आचार्य भीम सिंह मलिक ने अपने छात्रों से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 1970 और 1980-आदि दशक के दौरान करवाया और चालीस वर्ष पहले लोकवार्ता के प्रतिनिधि प्रकाशन 'संभावना' के प्रथमांक का प्रकाशन भी जिसमें आचार्य मलिक के नेतृत्व में आचार्य राजेन्द्र रंजन चतुर्वेदी की अपूर्व साहित्यिक सूझ से संपन्न किया गया। इसके लिए सामग्री के संकलन और संपादन में अपूर्व योगदान के कारण हरियाणा वासी दोनों के आभारी हैं। पिछले पांच दशक की साहित्य शोध प्रवृत्तियों के मद्देनज़र कह सकते हैं कि अंग्रेजी भाषा के साहित्य शोधक अब अंतर्मुखी होकर लोकवार्ता में डिस्कशन और कमेन्ट्री में मनुष्य चिंतन की केंद्र से सीमाओं पर ले जाकर, आधुनिक साहित्यिक-टूल्स के मद्देनज़र अनेक ऐसे पक्ष को उजागर करते रहे हैं जिनके बारे में पहले से आभास न था।

मैंने देखा कि करीब प्रत्येक पचास वर्ष के अंतराल से साहित्यिक कृतियों को नए फ्रेम के भीतर लाकर देखा-परखा जाने लगा है। नए शोधकर्ता अब ब्रिटिश या इंडियन आर्काइवल निधि की ओर रुख न करके इन्टरनेट से ही लोकवार्ता पर अध्ययन सामग्री प्राप्त करते हैं। सिर्फ फील्ड वर्क के लिए लोकवार्ता की जन्मभूमि पर आकर लोक में वर्तमान ट्रेंड्स को जानना चाहते हैं। इन्टरनेट के आने से लोकवार्ता या फोकलोर अध्ययन को 'ग्लोबल पर्सपेक्टिव' भी प्राप्त हुआ है। इसमें एक बड़ी कमी मुझे इसलिए महसूस हो रही है संस्कृत लिट्रेचर के हमारे आचार्यों ने बहुत पहले साहित्य कृतियों की साहित्यिक और लिंगविस्टिक समीक्षा की जो बेहतरीन पद्धति विकसित की थी उसे ग्लोबल एंड इंटरनेशनल फ्रेम में अभी तक फिट नहीं किया गया है। कुछ मामलों में अध्येताओं के बीच 'दिस्कोर्ड' हो सकता है लेकिन आगे जाकर आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस (एआई) के नए टूल्स शोध-समीक्षा हेतु विकसित कर लिए जाएं तो आश्चर्य नहीं। शोध के लिए चुने जाने वाले अधिकतर विषय चूंकि यूनिवर्सल अपील के होते हैं इसलिए इन्हें बरते जाने के समय भाषांतर और लिंग्विस्टिक्स का ध्यान नहीं रखा जाएगा तो तत्व-समीक्षा नहीं हो पाएगी। अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अमेरिकन और ब्रिटिश अध्येताओं की नज़र से लोकवार्ता की समीक्षा के लिए नए नैरेटिव का जिस तरह से सृजन हुआ, इसमें उन द्वारा प्रयुक्त मुहावरा और सिंटेक्स की संरचना ने ऐसे फ्लेवर्स की उत्पत्ति को संभव बनाया जो अज्ञात थे। इस काम के लिए भविष्य में एआई टूल्स को अधिक कारगर तरीके से विकसित किए जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि इस पूत के पांव कैसे पसरेंगे इसका अनुमान मैंने अभी कुछ महीना से अनुभव करना शुरू किया है। फोकलोर का कंटेंट हालांकि नहीं बदलता लेकिन प्रत्येक नए समीक्षात्मक अंदाज़ से निर्मित किए गए एक 'मिरर इमेज' को 'रेडिकली डिजाईन्ड' फ्रेम्स में फिट किए जाने से दृष्टिकोण जरूर बदलता है। इसकी जरूरत भी है। को-पायलट और चैट-जीपीटी को पहले मैं बकवास समझता था। यह आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस टूल है और इस द्वारा सूचना का न केवल कलेक्शन करने और इसे इच्छित भाषा में बदलने की न केवल 'ऑटो-कैपबिलिटी' है बल्कि इन्टरनेट पर सर्च के बाद नमूदार हुए टेक्स्ट में से अगर बिना पढ़े कुछ पूछना-ढूंढना है तब इसे भी यह 'सेलेक्टिव' आधार पर ढूंढकर ठीक सूचना देने में सक्षम है।

दुनिया में कहीं भी स्थापित चुनींदा 'सर्वर्स' में सूचना आधार की विशालता और वर्ल्ड-वाइड इन्टरनेट- हाइवेज पर लोकवार्ता के संग्रहों तक हमारी एक्सेस बनाकर प्रकाश की गति से काम करते हुए संदेशों का ट्रांसपोर्टेशन ही पर्याप्त नहीं है बल्कि को-पायलट और चैट-जीपीटी की क्षमता का आकलन भी अपरिहार्य बनता नज़र आता है। ऐसे में जर्मन चिन्तक वाल्ते बेंजामिन की सन 1935 में प्रकाशित हुई किताब के छहों अध्यायों के सभी 46 निबंधों में से विशेष तौर से 'द वर्क ऑफ़ आर्ट इन द एज ऑफ़ इट्स टेक्निकल रिप्रोड्यूसिबिलिटी' निबंध और 'स्क्रिप्ट, इमेज और 'स्क्रिप्ट-इमेज' अध्याय के निबंधों का मुझे स्मरण हो रहा है जिसमें पिछले लिट्रेचर को नए युग के अनुसार ढालने की प्रक्रिया की शुरुआत होने और इसे एक फैक्ट्रीनुमा प्रोडक्शन हाउस में तब्दील कर देने की इच्छा पर चर्चा की गई है। मैन्युअल मॉड से शिफ्ट होकर एआई मॉड में आंशिक तौर से प्रवेश करने में भी मुझे ख़तरा नज़र आता है। लगता है इंटरप्रिटेशन ऑफ़ डेटा एंड स्टेटिस्टिकल वेलिडेशन हेतु मशीन इंटेलिजेंस का इस्तेमाल होने जैसा नया काम वास्तव में अधिक सृजनात्मक छवि पेश करने में मानवीय क्षमता का मुकाबला नहीं कर पाएगा और एक तरह की साहित्यिक अशांति को भी जन्म दे सकता है। विद्वानों का कहना है कि मनुष्य की कुदरती, विश्लेषणात्मक प्रतिभा का व्यक्तिगत दखल बनाए रखना जरूरी होगा। मानवीय प्रतिभा के इस्तेमाल की अनिवार्यता को नतीजे के अंतिम दौर में पहुंचने से पहले ही जागृत करना जरूरी होगा। सभ्यताओं के ही नहीं बल्कि मानव समुदायों के अस्तित्व को बचाए रखने की यह अंतिम शर्त होगी। विदेशी शोधकर्ता और इंडोलॉजिस्ट्स की रुचि इंडियन फोकलोर स्टडीज में बढ़ी है। विद्वज्जन विशिष्ट मनोभाव के कारण साहित्यिक विधा में मूल्यांकन कर पाते हैं। लिट्रेचर में 'इनटेंजीबल फैक्टर्स' जैसे कि भावप्र धानता और अलंकार, की मौजूदगी को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सूंघ कर अगर एनालिसिस के लिए पकड़ न पाए तो भी एआई एक आधारभूमि तैयार करती है, बशर्ते विद्वज्जन इसमें से पक्षपात के तत्वों की पहचान करने और इन्हें निष्प्रभावी करने में सक्षम हैं।

प्रसंगवश

धर्म और तिकड़म का समन्वय

देश को तो एक मुश्त ही आगे बढ़ना होगा, कुछ लोगों की आर्थिक प्रगति से काम नहीं चलेगा। हम खुश हो लेते हैं कि हम चौथी आर्थिक ताकत बन गए या तीसरी बन गए,पर सत्यता यह है कि इसमें आपकी जनसंख्या का भी कमाल है। इतनी बड़ी जनसंख्या वाले देश को तो कुछ देशों के मुकाबले कुल जीडीपी के लिहाज से उनसे आगे निकलना ही है,पर असली परीक्षा पर व्यक्ति जीडीपी की है। उसके लिए बहुत प्रयास की जरूरत है। इंग्लैंड,जर्मनी और जापान पर व्यक्ति जीडीपी में वे हमसे कई गुना आगे हैं,वे पूर्ण विकसित हैं। आज हमें अपने देश में साफ-साफ दिखायी देता है कि तमाम भारतीय एक तरफ अध्यात्म की बात करते हैं, पूजा स्थल खूब जाते है,पर वहीं निम्न भौतिक स्वार्थों में आकंठ डूबे है? देश में धर्म और तिकड़म का अद्भुत समन्वय दिखता है। उदाहरण के लिए आइए देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की बात करें।

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

देश के मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कभी कपड़ों और दवाओं के उत्पादन में,उनके निर्यात में हम काफी आगे थे,पर कपड़ों में ज्यादातर आर्डर अब बांग्लादेश को मिल रहे हैं। बीच में मैं उज्बेकिस्तान गया था,पता चला हमारे यहां निर्मित दवाओं को खाकर वहां कुछ बच्चे मर गए। भारत की तमाम विख्यात दवा कंपनियों की दवाइयों मानक पर खरी नहीं उतर रही हैं। पिछले दिनों विदेश से आई मेरी बेटी को एंटीबायोटिक की जरूरत पड़ी,एक अच्छी कंपनी की दवा ली,कोई सुधार नहीं हुआ,फिर केमिस्ट ने कहा कि आप मेरे कहने से वही दवा एक साधारण कंपनी की ले जाइए,बेटी तत्काल उससे ठीक हो गई। मतलब हम दवाओं के उत्पादन में अपनी भौतिक आकांक्षा के कारण लाखों जिंदगियों से खेल रहे हैं। देश के विकास के लिए जरूरी मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर अब नीचे जा रहा है,इनका निर्यात घट रहा है। मतलब साफ है,पहले हम अपना स्वार्थ छोड़े,आर्डर के पूरी सदिच्छा से तैयार कराकर निर्यात करें,क्वालिटी से समझौता न करें वरना हम पिछड़ते ही जाएंगे। हमारे सपने कभी पूरे नहीं होंगे। हमारी अनैतिक आकांक्षाओं का खामियाजा देश को उठाना पड़ रहा है। एक तो लाल फीताशाही के कारण वैसे ही उत्पादन कीमत काफी ज्यादा हो जाती है, ऊपर से हमारी बेईमान सोच।

जीवन से कटी हमारी शिक्षा

आजादी के बाद हमारे शासकों ने शिक्षा के स्वरूप को बदलने की दिशा में थोड़ा भी काम नहीं किया। उसी शिक्षा में इन शासकों का भी हित था जिसमें अंग्रेजों का हित था। इसलिए पूरी की पूरी अंग्रेजी शिक्षा आत्मसात कर ली गई और धीरे-धीरे सभी दलों ने अपना गुलाम अंधभक्त तैयार कर लिया।

पढ़े-लिखे लोगों के भीतर चिंतन-शक्ति और रचनात्मकता का ह्रास होता चला गया। अन्य विषयों को छोड़कर यहां मैं हिंदी साहित्य के अध्यापन पर विचार करूंगा। जिस तरह से विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई हो रही है,उससे बहुत अधिक नुकसान हुआ है। छात्रों की कल्पनाशीलता,संवेदनशीलता और रचनात्मकता पर कुठाराघात हुआ है। किसी भी विषय की पढ़ाई तभी सही मानी जाएगी,जब उस विषय का उद्देश्य पूरा होता हो। साहित्य का उद्देश्य क्या है? कहा जाता है कि साहित्य हमारे भावों का परिष्कार करता है। हमारे सौंदर्य बोध को निखारता है। हमारी कल्पना-शक्ति को जगाता है। हमें संवेदनशील बनाता है। हमारे भीतर छिपी मनुष्यता को उभारता है,इत्यादि। प्रश्न है कि क्या हमारे अध्ययन-अध्यापन से साहित्य का यह उद्देश्य पूरा हुआ? मेरे देखे तो इसका उल्टा ही हुआ।

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया। प्रेम की जगह घृणा ने ले ली। वीरता के स्थान पर कायरता आ गई। सत्य का स्थान झूठ ने ले लिया। लोग अपने छोटे परिवार और अपने में ही सिमटते चले गए। धन, पद और यश की दौड़ में मनुष्यता भूलते

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हिंदी विभाग में भयंकर ईर्ष्या, द्वेष और कटुता देखी गई। जात-पात और संप्रदाय से ग्रस्त लोग आपस में झगड़ रहे हैं। स्वाभिमान की जगह खुशामदी स्वभाव आ गया।

चले गए। इन सबके पीछे हमारी पढ़ाई और परीक्षा की पद्धति है। मैं सीधे-सीधे एक सवाल करना चाहता हूं। क्या हिंदुस्तान के किसी भी विश्वविद्यालय में एक भी ऐसा हिंदी विभाग है,जहां छात्रों की सृजनशीलता पर अंक हो? क्या कोई विद्यार्थी उपन्यास, कहानी, कविता, नाटक आदि लिखकर एमए पास कर सकता है? उत्तर है नहीं। आपको दूसरों की रचनाएं पढ़नी होंगी। उन्हीं पर विचार रखने होंगे। क्या यह छात्रों की रचनात्मकता को मारने वाली पद्धति नहीं है?

अगर साहित्य का उद्देश्य भावों का परिष्कार है तो यह देखना चाहिए कि जीवन के व्यवहार में हमारे भाव परिष्कृत हुए या नहीं,लेकिन ऐसा नहीं देखकर हम लिखित परीक्षा लेते हैं कि अमुक कविता के भाव स्पष्ट करें या उसकी समीक्षा करें। दूसरों के भावों की हम समीक्षा करते हैं,लेकिन अपने भावों का पता ही नहीं। जीवन प्रतिदिन कोई नया प्रश्न खड़ा करता है,उससे जूझने और उसका समाधान निकालने का कोई प्रशिक्षण हमारी शिक्षा में नहीं है। हम तो घिसे-पिटे पुराने प्रश्नों पर ही विचार करते रहते हैं। जैसे-तुलसीदास की नारी-भावना पर प्रकाश डालें। हमारे घर,समाज और देश में नारी की क्या स्थिति है और उसे कैसे बेहतर बना सकते हैं, इस पर कोई विचार नहीं।

कबीर दास की विद्रोह-भावना को अपने शब्दों में लिखें,लेकिन हमारी विद्रोह भावना मरती जा रही है,इसकी चिंता शिक्षा को नहीं है। विद्यापति भक्त कवि थे या श्रृंगारिक? विद्यापति चाहे जो हों। सवाल है कि हम क्या हैं? विद्यापति सहज श्रृंगार के अद्वितीय कवि हैं। सवाल तो यह उठना चाहिए था कि करीब आठ सौ वर्ष पहले विद्यापति श्रृंगार को लेकर जितने सहज थे,उतने असहज हम कैसे हो गए? विद्यापति सही थे या हम सही हैं? अगर हम सही हैं तो उसका प्रमाण क्या है? नारियों के साथ छेड़खानी,बलात्कार? मीरा की भक्ति भावना पर प्रकाश डालें। क्या हमारा जन्म इसीलिए हुआ है कि जिंदगी भर दूसरों की भक्ति पर चर्चा करते रहें और अपने भीतर कैसे भक्ति पैदा हो,इसका ख्याल तक न रह जाए?

'उर्वशी' में दिनकर ने पुरूरवा के द्वंद्व का सफल चित्रण किया है,इसे अपने शब्दों में लिखें। हो सकता है,हमारा द्वंद्व कुछ अलग हो। उससे हम कैसे बाहर निकलें,यह सिखाने वाला कोई नहीं। द्वंद्व में रहना दुख है,उससे बाहर निकलने का रास्ता क्या हो सकता है,इससे किसी को मतलब नहीं। इस तरह पूरी की पूरी हमारी शिक्षा ने हमें जीवन से काटकर अपाहिज बना दिया है और हमने दो टकिए की नौकरी पर लाखों के जीवन की बलि चढ़ा दी है। वह सरकारी नौकरी भी मात्र डेढ़-दो प्रतिशत को मिलती है। बाकी अठानवे प्रतिशत किस हाल में हैं,इसकी खबर लेने वाला कोई नहीं।

सोशल फोरम

करे कोई और भरे कोई

करे कोई और भरे कोई। यह कथन सत्य के कितना निकट है,इसका निर्णय आप पर छोड़ रहा हूं। कल चन्द्रशेखर की दुकान चाय पीने पहुंचा तो उन्होंने एक प्रश्न दाग दिया। उनका स्वाभाविक प्रश्न था कि एक नया साल संवत्सर प्रतिपदा से शुरू हो गया तो एक कल वैशाखी से शुरू हुआ ऐसा क्यों है?

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जब तक मैं युधिष्ठिर प्रवृत्त संवत के बीते वर्ष की चर्चा शुरू कर ही रहा था। बीच में एक विद्वान और शिक्षित सज्जन कूद पड़े और बोले कि यह सब पंडितों का किया हुआ है। शुरुआत की लाइन पर आ जाइए कि करे कोई।

हस्तिनापुर के राजा युधिष्ठिर ने,उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने,शालेय धारा के शालिवाहन सम्राट ने, चित्रकूट के शासक विजयाभिनंदन ने,नागार्जुन ने,भृगुकच्छन के राजा बलि ने अपने शासन काल में अलग-अलग पंचांग प्रारंभ करवाए और अलग-अलग दिनों को नया वर्ष का आरंभ मनाया गया। बेचारे पंडित तो निरीह थे आज भी हैं,उनका तो प्रयास यही रहा कि समस्त भारतीय पंचांग का समावेश कर इसे राष्ट्रीय स्वरूप दिया जाए। यहां तक कि इस्लामिक कलेंडर जो मुहर्रम की पहली तारीख से शुरू होता है को (इस बार आठ जुलाई से हिजरी 1446) भी भारतीय पंचांग में स्थान दिया गया है। ग्रेगेरियन कैलेंडर तो है ही,जो पहली जनवरी से शुरू होता है और आज का समाज इसे नया साल मानकर अरबों लीटर शराब पी जाता है। बेचारे पंडितों ने केवल इन पर्वों को पूजा पाठ और सात्विक मार्ग के अनुसरण की याद दिलाने के प्राथमिकता देने का प्रयास किया है।

मेरे एक मित्र सेना के उच्च पद से रिटायर हैं,मेरे गोल्फ कोर्स के गुरु भी हैं। उनके साथ केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की यात्राएं की गई हैं। एक बार चर्चा के दौरान भारत को गुलाम बनवाने में अपने ही लोगों के लोगों की भूमिका पर बात शुरू हो पड़ी। स्वाभाविक था कि जयचंद, मानसिंह जैसे अनेक क्षत्रिय राजाओं के पारस्परिक विद्वेष और अच्छी कन्याओं के वरण के लिए भयानक खून-खराबा से लेकर विदेशी आक्रमणकारी को बुलाने के इतिहास का जिक्र हो गया। मैंने उनसे पूछा कि क्या इस प्रकार का कोई कृत्य किसी गरीब ब्राह्मण के नाम दर्ज है? वह तो अपने पांडित्य का मुखड़ा लगाकर भिक्षावृत्ति ही करता रहा।

-फेसबुक वॉल से

बंगाली समाज के सकारात्मक पहलू

स्वामी विवेकानंद वस्तुतः बंगाली जाति के निर्माताओं में एक हैं,उनकी बेहतरीन उक्ति है- 'दरिद्र,पददलित तथा अज्ञ लोग तुम्हारे ईश्वर बनें।' गरीबों के पक्ष में इतनी बड़ी बात पहली कभी इतनी दृढ़ता के साथ कही नहीं गई। बंगाली जाति का आधुनिककाल में सबसे बड़ा योगदान यह है कि उसने धर्म और ईश्वर को मानवीय बनाया। पहले धर्म और ईश्वर वायवीय थे। दरिद्रों से प्रेम करना सिखाया। अभिजन की भाषा और जनभाषा में भेद खत्म करके अभिजन की भाषा को जन-जन की भाषा बनाया। व्यक्तित्व विकास को सामाजिक विकास का मूलाधार बनाया। बंगाली जाति पहली जाति है जिसने हिंदू धर्म को अस्पृश्यता की दलदल से बाहर निकाला।

बंगाली जाति के भाषा प्रेम और संस्कृति बोध का एक रोचक अनुभव बताता हूं। मैं एक बार मिनीबस से कहीं जा रहा था। मिनीबस में काफी भीड़ थी। अचानक देखा दो व्यक्ति आपस में गरमागरम बहस कर रहे हैं और एक-दूसरे के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं,प्रतिवाद कर रहे हैं। मैंने पता किया माजरा क्या है,पता चला,एक सज्जन ने अपने पास बैठे सज्जन को किसी पर पर "बोका" कहा, वे कुछ न बोले, बाद में इडियट कहा तो वे सज्जन भड़क गए और बोले इडियट केनो बोले छो,उस व्यक्ति ने कहा मैंने पहले "बोका" कहा तब आपको गुस्सा क्यों नहीं आया,उसे तो चुपचाप सहन कर गए अब इडियट कहने पर भड़क क्यों रहे हो? सारी मिनीबस इस उत्तेजना को देखकर हंस रही थी और मजा ले रही थी। मुझे बंगालियों को देखकर मन में ईर्ष्या होती



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भावुकता उनकी कमजोरी नहीं,शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है,लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

है 'स्व' की इतनी गहरी अनुभूति,मान-अपमान का इतना गंभीरबोध,भाषा के प्रयोग को लेकर सटीकपन। काश,मैं बंगाली होता। बंगाली जाति के दस गुण-बंगाली जाति के कई बेहतरीन गुण हैं जिनके कारण यह जाति मुझे बहुत प्रिय है। पहला गुण है,उत्सवधर्मिता और आनंद भाव। ये लोग उत्सव के दिन उत्सव भाव में रहते हैं। हर परिवार में विशिष्ट खाना बनेगा। आज आप कहीं भी जाइए पहला वैशाख की मीठी-मीठी गंध पाएंगे। नए कपड़े और स्वादिष्ट भोजन। क्या कहने हैं,सारा राज्य छुट्टी के मूड में। बंगाली जाति का दूसरा बड़ा गुण है सामूहिकता। उत्सव का दिन और सामूहिक खान-पान। कई दिन हैं जिनमें यह जाति सामूहिक भोज करती है। जैसे पहला वैशाख पर जगह-जगह विभिन्न कॉलोनी में रहने वाले मिलकर एक साथ खाते पीते हैं,नाचते-गाते हैं। लोकल बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का मौका भी मिलता है। बंगाली जाति का तीसरा गुण है-यह कभी बीच का रास्ता नहीं पकड़ता। जिस राह जाते हैं,उस पर दौड़ ही लगाते हैं,जिस भाव का अवलंबन करते हैं,उसका चरम दृष्टांत ही पेश करते हैं। बंगाली जाति का चौथा गुण है-गंभीर बात को गंभीर भाव से न सुनना। गंभीर बात को हंसकर उड़ा देना। बंगाली जाति का पांचवां गुण है-प्राइवेसी या निजता का सम्मान करना। बंगाली लोग एक-दूसरे की निजता को मानते हैं और सम्मान करते हैं। छठा गुण है वर्जनाओं से मुक्ति। आमतौर पर पश्चिम बंगाल में पुरानी वर्जनाओं का नामोनिशां नहीं मिलेगा। जाति-धर्म आदि की वर्जनाओं से यह जाति पूरी तरह मुक्त है। इसके कारण शरीर को भी इस जाति ने वर्जनाओं से मुक्त किया है। भारत में संपूर्ण राज्य को वर्जनाओं से मुक्त देखना हो तो बंगाल आएं और कुछ दिन गुजारें।

बंगाली जाति का सातवां गुण है मुक्त हृदय। वे मुक्तभाव से एप्रिसिएट करते हैं। वे एप्रिसिएशन कला में पारंगत हैं। मिलें और सुख लें। बंगाली जाति का आठवां गुण है कि उन्होंने गरीबी को देश का प्रधान एजेंडा बनाया। गरीबी को अपराध, नैतिकता,भाग्य,पूर्वजन्म आदि से मुक्त किया। बंगाली जाति का नौवां गुण है मित्रभाव। परिचय होते ही बातें करेंगे,मित्र हो जाएंगे। बातचीत होते ही मित्रता मान लेंगे। फिर दूसरे ही क्षण घर आने के लिए कहेंगे और फिर दिल खोलकर अपने हृदय की सारी बातें रख देंगे। बंगाली जाति का दसवां गुण है भावुकता। भावुकता उनकी कमजोरी नहीं,शक्ति है। इसका हृदय और कल्पनाशक्ति से गहरा संबंध है। निस्संदेह बुद्धि का स्थान ऊंचा है,लेकिन कल्पनाप्रियता के बिना आप शक्ति पैदा नहीं कर सकते।

देश को एक सूत्र में पिरोती रेल

विश्व इतिहास का सतत सर्वेक्षण बताता है कि रेल के आगमन ने इसके हर आयाम चाहे वह सामाजिक हो अथवा आर्थिक अथवा सांस्कृतिक सबको प्रभावित किया। भारत के संदर्भ में तो रेल राष्ट्र का आधार है जैसा कि पर्सिवल स्पीयर लिखते हैं कि "रेल भारत में वो कार्य करेगी,जो अकबर की उदारता और टीपू की तलवार न कर सकी। यह भारत को एक सूत्र में पिरो देगी"। यह कथन अक्षरशः सत्य भी हुआ। इसने विभिन्न प्रांतों,बोलियों के लोगों को एक सूत्र में पिरो दिया। भारत में पहली रेल 16 अप्रैल 1853 को बोरीबंदर से ठाणे स्टेशन के मध्य चली,तब इसे इक्कीस तोपों की सलामी तथा हजारों लोगों की करतल ध्वनि के मध्य चलाया गया। इसे खींचने वाले इंजन सुल्तान,सिंध तथा साहिब थे। रुहेलखंड रीजन में रेल के विस्तार की बात करें तो यह अनेक कंपनियों द्वारा पूरा किया गया। क्षेत्र की मुख्य लाइन जो बनारस-लखनऊ से गाजियाबाद तथा आगे दिल्ली तक जाती थी। अवध रुहेलखंड रेल द्वारा बिछाई गई। तब यह बरेली नहीं आती थी। इसका मार्ग चंदौसी होकर था। वर्ष 1888 में इसका एक एक्सटेंशन बरेली तक खोला गया तथा चंदौसी लाइन, तब चंदौसी कार्ड के रूप में जानी गई। बाद में बरेली से होकर निकलने वाली लाइन कम दूरी के कारण मुख्य लाइन हो गई। बरेली से रामपुर होते हुए मुरादाबाद लाइन वर्ष 1894 को खुली तथा वर्ष 1898 में दिल्ली इस लाइन से सीधा जुड़ गया। रेल का दूसरा विस्तार कुमायूं रुहेलखंड रेल का था। यह कंपनी 1882 में शुरू हुई। सर अलेक्जेंडर आईजेड इसके मुख्य अभियंता थे जिनकी महारथ रेल के पुल बनाने में थी। यह रेल की मीटर गेज प्रणाली थी तथा इसके अधीन रेल विस्तार 957

डॉ.विकास खुराना
शाहजहांपुर

रेल दिवस

मील था। प्रमुख लाइंस में भोजीपुरा-काठगोदाम, लालकुआं-काशीपुर, शाहजहांपुर-पीलीभीत, पीलीभीत-सीतापुर क्रमशः 1906,1907,1916,1906 एवं 1916 को खुल गई। बरेली से पीलीभीत होते हुए गोला स्टेट रेल का विस्तार नेपाल की सीमा के साथ-साथ बिहार तथा आगे बंगाल तक किया गया। इसकी एक शाखा अप्रैल 1895 में दुधवा तक खोली गई। रेल ने पूरे रुहेलखंड रीजन में व्यापक प्रभाव छोड़े। इसके आने से पहले जहां मात्र नदियां ही आवागमन का साधन थीं,रेल ने क्षेत्र के व्यवसाय और संस्कृति को उच्च शिखर तक पहुंचा दिया। जनपद शाहजहांपुर में भी रेल का विस्तार अत्यंत लाभकारी रहा जिसके कारण केरू जैसी विख्यात कंपनियां यहां लगीं जिसमें बनी रम,क्रिस्टल चीनी का निर्यात ब्रिटेन तक किया जाता था। आजकल जहां रेल के आमान (गेज) परिवर्तन का कार्य जारी है तथा परंपरागत सिग्नल्स तथा स्टेशन की घंटियों का प्रतिस्थापन किया जा रहा है। अनेक विदेशी यात्रियों जिनमें इयान मैनिंग प्रमुख है कि यात्रा वृत्तांत बीते दिनों की याद दिलवाते हैं।

धर्म दर्शन

मर्यादा और अनुकरणीय गुणों के स्वामी श्रीराम

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम भारतीय जनमानस में बसते हैं। इतिहास का कोई पृष्ठ नहीं जहां श्रीराम का प्रभाव न हो, समाज का कोई वर्ग नहीं,जो राम भक्ति से अछूता हो। यहां पिछले सहस्त्र वर्षों से आज तक जनता यदि किसी आदर्श शासनतंत्र को जानती है तो वो है रामराज्य। राम शक्ति की मर्यादा भी जानते हैं और अपनी शक्ति से दूसरे के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करते। इसीलिए राम मर्यादा पुरुषोत्तम कहे जाते हैं। श्रीराम सत्य में धर्म की मूर्ति के समान हैं।

'सत्ये धर्म इवा पर' भगवान श्रीराम को वाल्मीकि ने धर्म का मूर्त रूप कहा है- रामो विग्रहवान् धर्मः। धर्म तो निराकार है,किंतु यदि उसकी मूर्ति की कल्पना की जाए तो श्रीराम के समान वह मूर्ति होगी। इसी बात को यहां कहा गया है। वे सभी शास्त्रों के तत्व को जानने वाले। सर्वशास्त्रार्थ तत्वज्ञ वे श्रीराम सभी उत्कृष्ट गुणों से संपन्न हैं। स च सर्वगुणोपेत वैशेषिक दर्शन में 24 गुण माने गए हैं। सभी का समावेश श्रीराम में है। भगवान श्रीराम का धैर्य हिमालय के समान है,जिस प्रकार हिमालय कभी अपने स्थान से हिलता-डुलता नहीं है,उसी प्रकार भगवान श्रीराम कभी विचलित नहीं होते हैं। भगवान राम विषम परिस्थितियों में भी नीति सम्मत रहे। उन्होंने वेदों और मर्यादा का पालन करते हुए सुखी राज्य की स्थापना की। स्वयं की भावना व सुखों से समझौता कर न्याय और सत्य का साथ दिया। फिर चाहे राज्य त्यागने, बालि का वध करने, रावण का संहार करने या सीता को वन भेजने की बात ही क्यों न हो। भगवान श्रीराम संपूर्ण संसार को अपने वश में करने वाले हैं। भगवान राम का व्यक्तित्व भी अनुपम था। महर्षि वाल्मीकि ने उनके व्यक्तित्व का वर्णन करते हुए लिखा है, 'उनका चेहरा चंद्रमा के समान सौम्य, कांतिवाला, कोमल और सुंदर था। उनकी आंखें बड़ी और कमल के समान थीं। उनकी नाक उन्नत और चेहरे के अनुरूप सुडौल थी। उनके होंठों का रंग उगते हुए सूर्य की तरह रक्ताभ था। वह विद्वान, बुद्धिमान और अच्छे वक्ता थे। संपूर्ण विद्याओं में पारंगत और वेदों के ज्ञाता थे। शस्त्र विद्या में वे अपने पिता से भी आगे थे,उनकी स्मरण शक्ति अद्भुत थी। कोई कितना भी प्रयास कर ले,उन्हें कभी क्रोध नहीं आता था।' ये राम के आदर्श गुण ही हैं,जो सदियों से हमारी संस्कृति के नायक हैं। भगवान श्रीराम की प्रतिज्ञा सत्य होती है। उनकी प्रतिज्ञा है कि "सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते। अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम।।" अर्थात् जो कोई एक बार भी मेरी शरण में आ जाता है और याचना करता है कि मैं आपका हूं तो उसे मैं सभी प्राणियों के भय से मुक्ति दिलाता हूं। भगवान की यह प्रतिज्ञा सत्य है, इसलिए उन्हें सत्यसंधः कहा गया है।

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

शीलगुण निधान मर्यादा पुरुषोत्तम

चक्रवर्ती राजा दशरथ के महल (अयोध्या) में धरती का समस्त वैभव विद्यमान था। फिर भी वे मन ही मन निस्संतान होने के दुख में डूबे रहते थे। दंपति की सारी संपदा ढेले के समान है। यदि घर में बच्चों की किलकारी की मिसरी घुली गूंज न हो। थोड़ी कल्पना कीजिए,राजा दशरथ और तीनों माताओं को महल का वह ऐश्वर्य, सुख-भोग-विलास उनके मन से कितना उत्साहित कर पाता होगा।

मर्यादा मानवोत्तम श्रीराम ने पुत्ररूप में जन्म (अवतरण) लेकर इसी इक्ष्वाकु वंशी अयोध्या नरेश दथरथ के राजमहल के सूनेपन को किलकारियों से भर दिया। इस निमित्त के अनेक गूढ़ार्थ को ज्ञानीजन भलीभांति समझते हैं। चौथेपन में पुत्र-प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठि यज्ञ फलीभूत हुआ किया, किंतु श्रीहरि के विशायकाय रूप को देखकर कौशल्या का अचरज से भर जाना स्वाभाविक था। हे प्रभु! वात्सल्य-स्नेह की पूर्णता इसी में है कि आप मेरे गर्भ से जन्म लीजिए। मैं प्रसव पीड़ा के सुख के लिए वर्षों से तरस रही हूं। माता कौशल्या की मनौती पूरी हुई। नवजात शिशु रूप में रामलला चैत्र मास के शुक्ल पक्ष, तिथि नवमी पुनर्वसु नक्षत्र और कर्क लग्न की शुभ मुहूर्त बेला में श्रीराम सहित चारों भाइयों के जन्मते ही कौशल्या के अलावा कैकेयी और सुमित्रा की सूनी गोद भी भर गई। चैत्र नवरात्रि के पवित्र दिवस (नवमी) शक्ति उपासना-आराधना के विराम का भी होता है। यही दिवस प्रभु राम के जन्म का भी है। तीनों लोक सहित अयोध्या, इस जन्मोत्सव पर इस भांति आनंदमग्न हो गई जैसे वहां के प्रत्येक घर में राम पैदा हुए हों। राजा दशरथ ने आदेश दिया कि प्रत्येक पुरवासी के घर को महल जैसा सजा दिया जाए। पथ फूलों से पाट दिए जाए। राजा और रानियों ने तो नेकचार के रूप में हीरे-जवाहरात, माणिक, मोती बांटे। महल में मैय्या कौशल्या सहित दो अन्य माताएं क्रमशः कैकेई से धर्मधुरीण-भरत और सुमित्रा से साक्षात शेषनाग अवतार लक्ष्मण और शत्रुओं का दमन करने वाले सबसे छोटे और सबके दुलारे भैया शत्रुघ्न ने जन्म लिया था। श्रीराम सहित अनुजों के बालपन की अगणित बालसुलभ चेष्टाओं से दशरथ महल का कोना-कोना पुलकित हो गया।

संतोष कुमार तिवारी
शिक्षक, नैनीताल

गुरु वशिष्ठ से दीक्षित श्रीराम कालांतर में आज्ञाकारी, शांत स्वभाव,आजानुबाहु, विशाल वक्ष और धीरोदात्त नायक के समस्त गुणों से संपन्न चर्चा में तब आए, जब यज्ञ-रक्षा हेतु राम और लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ राजा जनक की पुत्री सीता के स्वयंवर (विवाह) में जनकपुर पहुंचे और शिव-पिनाक भंग कर सियावर रामचंद्र कहलाए। वे आजीवन पिता, पुत्र, पति, भाई, सखा व प्रजा सहित समस्त प्राणी मात्र के प्रति समदर्शी, समर्पित व उदारमना महापुरुष के रूप में जाने जाते रहे। जीवन को साक्षी भाव से तटस्थ मुद्रा में देखते हुए कर्तापन और उपलब्धि का श्रेय लेने की दौड़ से वे हमेशा दूर रहे। राम द्वारा शिव धनुष पिनाक के भंग हुआ,तब परशुराम के क्रोध से विचलित हुए बिना हाथ जोड़कर अपना परिचय देते हुए कहा मेरा दो अक्षर का नाम राम है और आप परशुराम। मुझे अपना सेवक मानकर आज्ञा दीजिए।

कैकेई के दो वरदान जिनमें स्वयं के लिए वनगमन का समाचार सुन श्रीराम मुस्काते हुए तैयार हो गए तथा सबसे पहले आशीर्वाद लेने माता कैकेई के ही पास पहुंचे। अपनी इन्हीं अगणित विशिष्टताओं के फलस्वरूप ही तो वे शीलगुण निधान मर्यादा पुरूषोत्तम कहलाते हैं।

यह रामनवमी (17 अप्रैल) कई दृष्टि से विशिष्ट हैं। आज पांच सौ वर्षों के अंतराल पर अयोध्या राजा विक्रमादित्य की अयोध्या नगरी के समान दिव्य-भव्य और नव्यता को प्राप्त हो गई है। राम मंदिर में बालरूप में श्रीराम (रामलला) विराज रहे हैं। उनकी एक झलक पाने के लिए प्रतिदिन देशभर से श्रद्धालु श्रीधाम अयोध्या पहुंच रहे हैं। अपने खोए हुए वैभव को पुनः प्राप्त कर आज अयोध्या नगरी की वीथियां मोगरा सदृश्य फूलों से पटी पड़ी हैं। रामजन्म पर गाए जाने वाले सुमंगल गीत सोहर की अनुगूंज चारो दिशाओं में विद्यमान हैं।

ब्रह्म का महत्व

ब्रह्म ह देवेभ्यो विजिग्ये। तस्य ह ब्रह्मणो विजये देवा अमहीयन्त।। 'ह' शब्द यहां इतिहास अर्थात् ऐसा कहा जाता है के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। कहते हैं कि ब्रह्म ने देवताओं के लिए देवासुर संग्राम में विजय प्राप्त की। ब्रह्म की इस विजय में देवता गण अपनी विजय मानकर स्वयं को गौरवान्वित अनुभव करने लगे। देवासुर संग्राम में परब्रह्म पुरुषोत्तम ने देवों पर कृपा करके उन्हें शक्ति प्रदान की थी जिससे देवताओं ने असुरों पर विजय पाई थी। इस विजय में देवता तो निमित्तमात्र थे,परंतु इस ओर देवताओं का ध्यान नहीं गया और वे अभिमान वश यह मानने लगे कि हमने ही अपने बल व पौरुष से असुरों को पराजित किया है।

तद्धैषां विजज्ञौ तेभ्यो ह प्रादुर्वभूव तन्न व्यजानत किमिदं यक्षमिति।। कहते हैं कि वह ब्रह्म देवताओं के इस अभिप्राय को जान गया और उनके सामने यक्ष के रूप में प्रकट हुआ। देवता लोग यह न जान सके कि यह भव्य मूर्ति कौन है? समस्त जीवों के मन एवं इंद्रियों के प्रेरक अंतर्यामी परमब्रह्म ने देवताओं के मिथ्याभिमान को जान लिया। उन्हें आशंका हुई कि कहीं असुरों के समान देवगण भी अपने मिथ्याभिमान के कारण पतन को न प्राप्त हो जाएं। अतः देवताओं पर कृपा करके उनका मिथ्याभिमान दूर करने के लिए अपनी योगमाया से अत्यंत अद्भुत रूप धारण करके वह परब्रह्म उन्हीं देवताओं के समक्ष यक्ष के रूप में प्रकट हुए। देवता यह नहीं जान सके कि यक्ष रूप में प्रकट यह महापुरुष कौन हैं। अग्नि,वायु, इन्द्र आदि देवता चकित हो उसे देखते रहे। जातवेदा अग्निदेव को सबसे अधिक बुद्धिमान जानकर देवताओं ने उन्हें यक्ष के पास भेजा। यक्ष ने अग्निदेव से पूछा,आप कौन हैं? आपकी विशेषता क्या है? अग्निदेव ने कहा कि वे जातवेदा हैं,किसी भी वस्तु को जला सकते हैं। तब यक्ष ने उनके सामने एक तिनका रख दिया और कहा कि इसे जलाओ। अग्निदेव अपनी पूरी ताकत लगाकर उस तिनके को जला न सके और लज्जित होकर वापस चले आए। तत्पश्चात वायुदेव उस यक्ष के पास गए। उनका परिचय पाकर यक्ष ने उसी तिनके को उनके सामने रख दिया और उसे उड़ाने को कहा,लेकिन अपनी पूरी शक्ति लगाने के बावजूद वायुदेव उस तिनके को हिला तक नहीं सके।

इसके बाद जब इन्द्र स्वयं उस यक्ष के पास गए तो इन्द्र को लज्जाजनक स्थिति से बचाने के लिए वह यक्ष वहीं अदृश्य हो गया। इन्द्र उस यक्ष के बारे में काफी देर तक सोचते रहे। इस बीच वहां एक देवी प्रकट हुईं। उन्होंने अपना परिचय उमा के रूप में दिया और बताया कि सर्वशक्तिमान ब्रह्म ही देवताओं का मिथ्याभिमान दूर करने के लिए यक्ष के रूप में प्रकट हुआ था। इतना कहकर वह देवी वहीं अंतर्ध्यान हो गईं। ब्रह्म का परिचय उसकी शक्ति है। शक्ति के बिना शक्तिमान कैसा? इकारांत 'इ' के बिना शिव शव हो जाता है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं मां ललिता

त्रिपुरसुंदरी मां ललिता जिसमें सृष्टि का सारा सौंदर्य समाहित है उनकी उपासना में श्रीचक्र की आराधना का विधान है। श्रीचक्र एक ऐसा विज्ञान है,जो बिंदु, त्रिकोण, वलय रेखा और दल के माध्यम से संपूर्ण ब्रह्मांड की सृष्टि,स्थिति और लय के साथ विग्रह और अनुग्रह की विवेचना प्रस्तुत करता है। मानव शरीर एक श्रीचक्र है,जो ब्रह्मांड में है,वही पिंड में है। श्रीचक्र के नौ आवरण मानव शारीर के नवद्वार हैं। मां भक्ति से पूर्ण साधक की गुरु की भांति संरक्षण भी करती है और जीवन को संतापों से मुक्त भी करती है।

मां ललिता की उपासना प्रेम, आनंद एवं सौंदर्य के नैसर्गिक भावों से परिपूर्ण रहती है। आसुरी तत्वों का विनाश मां क्रोध और ज्ञान द्वारा नहीं करती,बल्कि भक्ति की आह्लादिनी शक्ति द्वारा मधुर भाव से परिपूर्ण शुद्ध सात्विक रूप से आसुरी शक्ति को निष्क्रिय कर पराजित करती है। शक्ति संगम तंत्र में उल्लेख है कि "कदाचिदाद्या ललिता पुरुषा कृष्ण विग्रहा" अर्थात् किसी समय श्रीमां ललिता ने ही कृष्ण रूपी पुरुष का रूप धारण किया था। "ममैव पौरुषं रूपं गोपिका जन मोहनं" अर्थात् गोपियों के हृदय को मोहित करने वाला कृष्ण ललिता का ही रूप है। श्रीविद्या की साधना गोपी भाव से ही करना चाहिए।

श्रीमां ललिता त्रिपुरसुंदरी सुंदरतम मूल्यों की देवी हैं। शोभा, विलास, मधुरता, गंभीरता, स्थिरता, तेज, सौंदर्य और उदारता का गुण प्रदान करती हैं। तंत्र चूड़ामणि में कहा गया है कि बावन शक्तिपीठों में, प्रयाग भी एक प्रमुख शक्तिपीठ है,जहां सती की हस्तांगुल गिरी थी,"अन्गुल्यश्चैव हस्तस्य प्रयागे ललिता भव्"। संत प्रभुदत्त ब्रह्मचारी के अनुसार सती की हस्तांगुल यमुना तट पर गिरी जिससे महाकाली,महालक्ष्मी, महासरस्वती के समन्वित स्वरूप में राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां ललिता का प्रादुर्भाव हुआ। शक्तिपीठ का प्रमुख केंद्र कालिंदी तट मीरपुर में स्थित है।

वस्तुतः प्रयाग शाक्तक्षेत्र भी रहा है। प्रयागे तू ललिता के त्रिकोण में मां ललिता का एक बिंदु मीरापुर है। दूसरा बिंदु कल्याणी देवी हैं तो तीसरे बिंदु पर मां अलोप्शंकरी के रूप में विराजमान है। प्रयाग क्षेत्र में मां ललिता ही शांतादेवी के रूप में श्रृंगवेरपुर में विराजमान है तो ऐन्द्रीदेवी के रूप में सैदाबाद के समीप दुर्वासा ऋषि के आश्रम के समीप प्रतिष्ठित हैं। मां ललिता इमलियन देवी के रूप में यमुना के किनारे वास करती हैं तो खेमामाई के रूप में नगर में तथा मांडवी देवी के रूप में मांडा में निवास करती हैं।

मां ललिता ही संपूर्ण जगत की ईश्वरी हैं,विश्व ऊर्जा के रूप में विचरण करने वाली, संपूर्ण प्राणियों के के शरीर में जीव रूप में निवास करती हैं। ब्रह्मांड के शिरोभाग पर स्थित द्युलोक का जन्म मां ललिता से ही हुआ है। मां ललिता से ही प्रकृति पुरुषात्मक सद्रूप और असद्रूप जगत उत्पन्न हुआ। नमो देव्यै महा देव्यै शिवाय सततं/नमः नमः प्रक्रत्यै नियतः प्रणताः स्मताम।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

आसपास

शादीशुदा प्रेमिका ने नहीं उठाया फोन युवक ने शादी से पहले खाया जहर, मौत

खुटार के महेशापुर गांव के विपिन ने मरने से पहले छोड़ा वीडियो मैसेज

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार : शादीशुदा प्रेमिका के फोन न उठाने से परेशान युवक ने प्रेमिका के नाम वीडियो मेसेज छोड़ने के बाद जहर खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक विपिन के भाई ने महिला पक्ष के लोगों पर मारपीट करने और आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कही है।



विपिन (फाइल फोटो)

गांव महेशापुर निवासी विपिन कश्यप (24) जूस का ठेला लगाता था। उसी 28 अप्रैल को शादी होनी थी। घर में भाई बलवीर कश्यप सेवाराम और मां सोमवती हैं। भाइयों में विपिन सबसे छोटा था। भाई बलवीर व सेवाराम और बहन निशा की शादी हो चुकी है। जबकि विपिन की शादी तय थी। भाई बलवीर ने बताया कि उसके भाई विपिन का प्रेम प्रसंग गांव की एक महिला से कई साल से चल रहा था। दोनों की मुलाकातें भी होती थीं। इस बीच महिला के परिजनों को इस बात का पता चल गया। इसे लेकर कई बार विवाद हुआ। 12 अप्रैल को भाई विपिन जूस बेचकर ठेला लेकर घर लौट रहा था। महिला का घर रास्ते में पड़ता है। महिला और उसके परिजनों ने विपिन को रास्ते में रोक लिया। विवाद के बाद लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। परिजनों ने उसका इलाज कराया। बलवीर के अनुसार 13 अप्रैल दोपहर करीब ढाई बजे विपिन के जहरीला पदार्थ खाने की सूचना उसे मिली। वह गांव के पूर्व दिशा में स्थित बह्म बाबा स्थान के पास पड़ा मिला। उसे खुटार के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रविवार शाम करीब 7:00 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिससे घर में कोहराम मच गया। इस प्रकरण की सूचना बलवीर ने पुलिस को दी।

28 को होनी थी शादी, खुशियां मातम में बदली

बलवीर कश्यप ने बताया कि भाई विपिन की शादी खुटार के गांव खमरिया गदियाना निवासी एक युवती के साथ तय हुई थी। 28 अप्रैल को शादी होनी थी। शादी को लेकर घर में खुशी का माहौल था। शादी के कार्ड भी बांट दिए गए थे। विपिन की मौत से चंद दिनों में आने वाली खुशियां मातम में बदल गई।

दरोगा पर अभद्रता और मोबाइल साथ ले जाने का आरोप

बलवीर ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को देने के बाद पुलिसकर्मी घर पहुंचे। जहां एक दरोगा ने रौब दिखाकर उसके साथ अभद्रता की। सही से पूछताछ करने की बजाए उसको फटकार लगाई। इसके बाद पुलिस ने विपिन का मोबाइल ले लिया है। जिससे घटना की सारी सच्चाई पता चल सकेगी, लेकिन डर है कि मोबाइल में कैद कुछ साक्ष्य हटा न दिए जाएं। बलवीर ने महिला और उसके परिजनों पर भाई को मरने के लिए मजबूर करने का आरोप लगा कार्रवाई की मांग की है।

> सूचना पर मृतक के घर पहुंचा था। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मैं पुलिस टीम के साथ था। दरोगा की ओर से अभद्रता करने का आरोप निराधार है। – **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

लकड़ी तस्कर ने की रेंजर पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश

संवाददाता, पूरनपुर

- टक्कर लगने से रेंजर घायल गाड़ी छोड़कर आरोपी फरार

अमृत विचार: खुटार रेंज से लकड़ी तस्कर को पकड़ने पहुंचे रेंजर पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की गई। वाहन की टक्कर लगने से रेंजर घायल हो गए। पीछा करने पर तस्कर गाड़ी छोड़कर भाग गया। वन विभाग ने गाड़ी कब्जे में ले ली है।

शाहजहांपुर की खुटार रेंज के जंगल से तीन अप्रैल की रात सागौन और साल के आठ पेड़ चोरी से काट लिए गए थे। खुटार वन विभाग की ओर से इस मामले में अज्ञात तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वन विभाग की जांच में पेड़ उत्तराखंड के अंतरराज्यीय गिरोह के काटने की जानकारी हुई। गिरोह के सरगना उत्तराखंड के बिलासपुर के रहने वाले अभिषेक राज उर्फ सोनू पुत्र विजय विक्टर की ससुराल थाना खुटार के गांव मैनिया में है। खुटार रेंज में जहां से पेड़ चोरी से काटे गए, वहां से उसकी ससुराल कुछ ही दूरी पर है। आरोप है कि अपने ससुरालियों व गिरोह के सदस्यों की मदद से पेड़ चोरी काटे थे। जिसकी लकड़ी डीसीएम में लादकर पेड़ों को रामपुर की एक आरा मशीन पर बेची गई। वन विभाग आरा मशीन संचालक अब्दुल मजीद, मोहम्मद अनीस और उसके साथी बिट्टू उर्फ गुरमुख को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। खुटार रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि आरोपी तस्कर अभिषेक राज उर्फ सोनू उत्तराखंड से अपनी ससुराल मैनिया आया है। वह अपनी कार से पत्नी और बच्चों को लेकर वापस उत्तराखंड जा रहा है। रविवार शाम वह स्टाफ के साथ उसे पकड़ने के लिए पूरनपुर के बंडा चौराहे पर जा पहुंचे और घेराबंदी की। आरोप है कि खुटार की ओर से सोनू की कार बंडा चौराहे पर पहुंची तो हाथ देकर रुकने का इशारा किया। मगर वन विभाग की टीम देख सोनू ने रेंजर पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की।

एसपी के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

बरखेड़ा, अमृत विचार : एसपी के आदेश पर पुलिस ने बड़ौदा यूपी बैंक शाखा दौलतपुर पट्टी के प्रबंधक प्रदीप राना की ओर से धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की। शाखा प्रबंधक ने बताया कि गांव परेवा अनूप निवासी वीरपाल ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना के तहत गुड़ बनाने का उद्योग लगाने के लिए आवेदन किया था। वीरपाल ने बैंक मे काकटेशन न्यू किसान ब्रिक्स फील्ड अमखेड़ा के अभिलेख प्रस्तुत किए थे। बैंक के अभिलेख मांगने पर समय- समय पर आरके ट्रेडर्स, चौहान बिल्डिंग मेटेरियल और दिनेश चंद्र एंड ब्रदर्स से कोल्हू के इत्यादि सामान खरीदने का कोटेशन दाखिल किया था। सात लाख 65 हजार और व्यापार चलाने के लिए सीसी लिमिट दो लाख 20 हजार का ऋण स्वीकृति किया था। भुगतान के बाद भी आरोपी ने इकाई स्थापित नहीं किया।

प्राइवेट स्कूल एसो. ने वार्षिक कैलेंडर का विमोचन: आंवला के प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अरविंद गौड़, ओमकार सिंह, तेजराम गंगवार, सुखपाल शर्मा, आदि मौजूद रहे।

अदालती नोटिस
सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत न्यायालय श्रीमान् अपर सिविल जज (सी0डि0) कक्ष सं0-21, लखनऊ
आर0एस0 वाद सं0-33/2014 पेशी-25.04.2024
श्रीमती अंजना अग्रवाल आयु लगभग 50 वर्ष पत्नी ब्रजेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासिनी-भवन सं0-498/206/13, राम कृष्ण मार्ग, फैजाबाद रोड, जिला-लखनऊ —प्रार्थिनी/वादिनी
बनाम्
1-अच्छे लाल उर्फ अक्षय लाल वयस्क पुत्र सीता सरन शाह निवासी-भवन सं0-538/135 (65), अहिबरनपुर, सीतापुर रोड, जिला-लखनऊ
5-संतोष खरे उम्र लगभग 62 वर्ष पुत्र ए0पी0 खरे निवासी- 88/540, प्रेमनगर, लखनऊ
6-कालिका प्रसाद खरे उम्र लगभग 77 वर्ष पुत्र स्व0 ए0पी0 खरे निवासी-88/540, प्रेम नगर, लखनऊ
7-ममता सिंघल आयु लगभग 50 वर्ष पत्नी राजू सिंघल निवासिनी- 35एच-7बी, रामपुर गार्डेन, जिला बरेली —विपक्षीगण
हरगाह-प्रार्थिनी/वादिनी ने आपके नाम से एक नालिस बावत दावा वास्ते शाश्वत व्यादेश हेतु के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 25.04.2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा हालात से वाकई वाकिफकार किया गया हो और कुल अहम उमूरात मुताबिक का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश कर जिन पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों बयान तहरीरी दिनांक 25.04.2024 को दाखिल करें। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर अदालत से आज बतारीख 06.03.2024 ई0 को जारी किया जाये। दस्तखत हाकिम-मोहर अदालत

पीलीभीत में सड़क हादसों में तीन लोगों की जान गई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- न्यूरिया, पूरनपुर और माधोटांडा क्षेत्र में हुए हादसे, तेज रफ्तार बनी दुर्घटना की वजह

अमृत विचार: पीलीभीत के अलग- अलग क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। न्यूरिया क्षेत्र में खेत पर जाने के लिए निकले युवक की बाइक की टक्कर लगने से मौत हो गई। जबकि कलीनगर-पूरनपुर मार्ग पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार की जान चली गई। उधर, पूरनपुर में वृद्धा को एक निजी बस ने टक्कर मार दी थी।

न्यूरिया थाना क्षेत्र के ग्राम टंडोला निवासी राधेश्याम खेती करते हैं। उनका 20 वर्षीय पुत्र अजय वर्मा रविवार शाम घर से खेत पर जाने के लिए बाइक पर निकले थे। इस बीच तेज गति से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। वहीं, दूसरा हादसा कलीनगर पूरनपुर मार्ग पर नवदिया धनेष गांव के पास हुआ। रविवार रात करीब एक बजे माधोटांडा पुलिस गश्त पर थी। इस बीच मार्ग पर शव पड़ा दिखाई दिया। वहीं पास में बाइक पड़ी थी। पुलिस ले मृतक की जेब से मिले मोबाइल की सिम निकालकर अपने मोबाइल में डाली। जिसके बाद कॉल कर परिवार के सदस्यों से संपर्क किया। फिर लोग मौके पर पहुंचे और मृतक की शिनाख्त पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महादिया के निवासी सत्यपाल (22) पुत्र भोलेराम के रूप में हुई।

प्रत्याशी की सभा में जाना पड़ा भारी शिक्षिका को किया निलंबित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जनसभा में शिक्षिका के शामिल होने की कुछ लोगों ने चुनाव आयोग से की थी शिकायत
- शिक्षिका ने सभा में पार्टी का पट्टा पहने सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर डाला

अमृत विचार: परिषदीय विद्यालय की प्रधानाध्यापक लोकसभा प्रत्याशी की सभा में शामिल हुईं। वहां उन्होंने राजनीतिक दल का पट्टा भी गले में डाला हुआ था। उसी पट्टे के साथ सेल्फी लेकर फेसबुक पर अपलोड कर दी। जिसकी शिकायत शहर निवासी एक व्यक्ति द्वारा चुनाव आयुक्त से कर दी गई।

शिकायत का संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग ने संबंधित शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई के आदेश कर दिए। आयोग के निर्देशों पर अमल करते हुए बीएसए ने उक्त शिक्षिका का निलंबित कर दिया है। साथ ही इस प्रकरण की जांच बीईओ कादरचौक को सौंपी है।

ब्लॉक जगत के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापक सोनी गुप्ता लोकसभा प्रत्याशी की सभा में सम्मिलित हुईं थीं। वहां उन्होंने पार्टी के चुनाव चिन्ह का पट्टा भी गले में पहना हुआ था। सभा में उपस्थित होने के दौरान ही उन्होंने पार्टी का पट्टा पहने एक सेल्फी ले ली। जिसे फेसबुक पर अपलोड कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शिक्षिका की फोटो अपलोड होने पर शहर के मोहल्ला ब्राहमपुर निवासी राजेंद्र कुमार शर्मा ने आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए साक्ष्य सहित शिकायत मुख्य चुनाव आयुक्त से कर दी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए चुनाव आयुक्त ने उक्त शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश जिला निर्वाचन अधिकारी को जारी कर दिए। चुनाव आयुक्त के आदेशों का संज्ञान लेते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएसए को शिक्षिका को निलंबित करने को आदेशित कर दिया। इसके बाद बीएसए ने शिक्षिका सोनी गुप्ता को निलंबित करते हुए उसी स्कूल में संबद्ध कर दिया। साथ ही इस प्रकरण की जांच बीईओ कादरचौक को सौंप दी।

> शिक्षिका सोनी गुप्ता की लोकसभा प्रत्याशी की सभा में शामिल होने की शिकायत चुनाव आयुक्त से की गई थी। चुनाव आयुक्त के आदेशों पर अमल करते हुए शिक्षिका का निलंबित कर दिया है। साथ ही इस प्रकरण की जांच कराई जा रही है। –**स्वाती भारती**, बीएसए।

पीटीआर में लंगड़ाते दिखा बाघ दो टीमें करेंगी 24 घंटे निगरानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: पीटीआर (पीलीभीत टाइगर रिजर्व) में लंगड़ाते बाघ की 24 घंटें निगरानी की जाएगी। इसके लिए दो टीमें लगाई गई हैं। ये टीमें 12-12 घंटे की शिफ्टों में बाघ की मॉनिटरिंग करेंगी। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर ने पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ को रिपोर्ट भेजी है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में एक बाघ आगे वाले दाएं पैर से लंगड़ाकर चलता दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया पर लंगड़ाते बाघ का वीडियो भी वायरल हो रहा है। जानकारी होने पर पीटीआर प्रशासन में हड़कंप मच गया। वन अफसरों ने प्रथम दृष्टया जांच में बाघ के पैर में सूजन होने की संभावना जताई है। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बाघ की मॉनिटरिंग को दो टीमों का गठन किया है। ये टीमें बाघ की 24 घंटे निगरानी करेंगी। उप प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चौहान के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम निगरानी करेगी। टीम में महोफ रेंजर सहेंद्र कुमार यादव, पशु चिकित्सक डॉ. दक्ष गंगवार और बायो लिस्ट लवप्रीत सिंह हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल बाघ का फोटो।

- प्रभागीय वनाधिकारी के नेतृत्व में लगाई गईं दो टीमें

हि.वि.वाद सं. 512/2023 ता. पेशी 08.05.24
सम्मन बगरज इनफसाल मुकदमा
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाब्ता दीवानी सन् 1908)
न्यायालय प्रथम अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार, न्यायालय जिला लखीमपुर खीरी
नम्बर मुकदमा सन् जिला अदालत मुकाम मुद्दई चन्द्रभूषण बनाम शीतल भसीन शीतल भसीन पत्नी चन्द्रभूषण साहनी पुत्री चमन लाल भसीन नि. मो. अहिरान कस्बा पलिया पर. व तह. पलिया जिला लखीमपुर खीरी बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बावत की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आज बतारीख माह सन् 200 ई. बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा से हालात बाकई से वाकिफ हुजिए और जवाबदेही दावा की कीजिए और हरमाह यही तारीख जो आपको हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज के लिए हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाहों की जिनकी शाहदत में जुमला दस्तावेजों जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदकाल करना चाहते हो उसी रोज पेस कीजिए। और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मसकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी मसमूअ और फैसला होगा।
मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से बाज बतारीख माह सन् 20 ई. जारी किया गया।
इत्तिला 1. अगर आपको यह अन्देशा हो कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न होंगे तो आप अदालत हाजा से सम्मन बईमुराद जारी करा सकते हैं कि जो गवाह न हाजिर हो जबरन हाजिर कराया जाय और जिस दस्तावेज को किसी गवाह से पेश करने का इस्तदलाल करते हो वह उससे पेश कराई जाय बशर्ते कि आप खर्चा जरूरी अदालत दाखिल करके इस उज्र की दरख्वास्त गुजारें।
2. अगर आप मुतालिका मुकदमा की तख्सीम करनी हो तो आपको लाजिम है कि रू. मय खर्चे वाजिब अदालत में दाखिल कीजिए ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री की आपको माल दोनों पर ही न करना पड़े।

हैट्रिक मारेगी भाजपा या बैंड बजा देंगे
निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी

छात्र राजनीति से आए भाटी की सभाओं में उमड़ने वाली भीड़ कर रही बहुत कुछ इशारा

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। बाड़मेर के रण में इस बार मुकाबला काफी दिलचस्प है। हैट्रिक लगाने की तैयारी में जुटी भाजपा की राह में रोड़ा बन गए हैं, निर्दलीय विधायक रवींद्र सिंह भाटी। कभी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मजबूत कार्यकर्ता रहे भाटी के बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंकने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है। भाटी और भाजपा की लड़ाई में कांग्रेस खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है, उसके रणनीतिकारों को लगता है कि 2014 में मिले हार के जख्म को इस बार वह आसानी से भर लेगी। हालांकि ऊंट किस करवट बैठेगा यह कह पाना तो किसी जानकार के लिए भी बहुत आसान नहीं है, लेकिन जिस तरह भाटी के साथ मतदाताओं का हुजूम उमड़ रहा है, उसने बड़े- बड़ों के माथे पर बल जरूर ला दिया है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र में जनसभा कर माहौल भाजपा के पक्ष में करने की कोशिश की है पर इसमें उन्हें कितनी कामयाबी मिली यह परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा।

भाजपा के लिए नाक का सवाल बनी बाड़मेर सीट

- राजस्थान की सत्ता पर हाल ही में काबिज हुई भाजपा के लिए बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट नाक का सवाल बन गई है। इसी जिले की शेओ विधानसभा सीट से रवींद्र सिंह भाटी निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने यहां से भाजपा के उम्मीदवार को हरा दिया था। भाटी की चुनौती से निपटने के लिए भाजपा ने प्रधानमंत्री की रैली कराने के साथ ही जल्द ही अन्य बड़े नेताओं की सभा कराने की तैयारी शुरू कर दी है। इन परिस्थितियों में कांग्रेस के नेता इस रोचक होते जा रहे मुकाबले में मैदान मारने की जुगत लगा रहे हैं।
- भाटी को उम्मीद थी कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधायक बनने के बाद भाजपा उन्हें लोकसभा का टिकट दे देगी पर पार्टी ने यहां से केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी को पुन: मैदान में उतार दिया है तो कांग्रेस ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से आए उम्मेदा राम बेनीवाल को अपना चेहरा बनाया है। भाजपा के स्थानीय नेताओं ने भाटी को मनाने की काफी कोशिश की पर वे सफल नहीं हुए। भाजपा के वोट बैंक में सेंधमारी कर भाटी लगातार मजबूत हो रहे हैं, पार्टी इसी बात से चिंतित है।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट से लोग कर रहे तुलना

राजपूत समुदाय से आने वाले 26 वर्षीय भाटी छात्र राजनीति से निकले हैं। उनकी चुनावी रैलियों में खासकर बाड़मेर क्षेत्र में भारी भीड़ जुटती है और उनका हौसला बढ़ाती है। युवाओ, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता का जिक्र करते हुए लोग उनकी तुलना सचिन पायलट से करते नजर आते हैं। उधर, रविंदर भाटी का कहना है कि " मुझे भरोसा है, सभी पिता समान लोग, मातृ शक्ति और युवा साथी और 36 समुदायों के लोग जो आ रहे हैं, उनके समर्थन से रविंदर आगे आएगा और एक नेता की तरह नहीं, बल्कि एक बेटे की तरह क्षेत्र के लिए काम करेगा।"

मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से भाजपा को मिली राहत

भाजपा के दिग्गज नेता रहे पूर्व विदेश मंत्री स्व .जसवंत सिंह के पुत्र मानवेंद्र सिंह की भाजपा में वापसी हो गई है। मानवेंद्र सिंह भाजपा नेतृत्व से नाराज होकर अक्टूबर 2018 में कांग्रेस में चले गए थे। उनकी वापसी से भाजपा को राहत मिली है क्योंकि रवींद्र सिंह भाटी के निर्दलीय मैदान में आने से भाजपा को यहां नुकसान होता दिख रहा था। पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह की घर वापसी से पार्टी को बड़ी राहत मिली है। पिता जसवंत सिंह को लोकसभा टिकट न मिलने के बाद मानवेंद्र सिंह ने भाजपा को अलविदा कहा था।

6.5 लाख ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में



बाड़मेर-जैसलमेर लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी जाट समुदाय से हैं तो रवींद्र सिंह भाटी राजपूत हैं। कांग्रेस उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल भी जाट हैं। यहां अगर जातिगत आधार पर मतदाताओं की स्थिति देखें तो ओबीसी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। यहां पर सबसे ज्यादा 4 .5 लाख जाट मतदाता हैं तो राजपूतों की संख्या भी करीब सवा तीन लाख है। मुस्लिम मतदाता 2 .7 लाख और ओबीसी मतदाताओं की संख्या 6 .5 लाख है। एससी- एसटी मतदाताओं की बात करें तो उनकी संख्या चार लाख के आसपास है।

तालों के लिए मशहूर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कारण देश-दुनिया में जाना जाता है। मुस्लिम बहुल अलीगढ़ लोकसभा सीट पर बीते दो चुनावों से भाजपा जीत रही है। इस बार उसकी नजर जीत की हैट्रिक पर है, लेकिन पार्टी के मौजूदा ब्राह्मण सांसद के सामने बसपा के भी ब्राह्मण चेहरा उतारने और सपा-कांग्रेस गठबंधन से जाट प्रत्याशी होने से लड़ाई दो ब्राह्मण और एक जाट प्रत्याशी के बीच सिमटकर रोचक हो गई है। ऐसे में सपा कभी लहर तो कभी ध्रुवीकरण की चाबी से यहां खुलने वाला जीत का ताला खोलने की कोशिश में जुटी है।

अलीगढ़ का ताला खोलने का तिलिस्म तलाश रही सपा

- भाजपा की जीत की हैट्रिक से रोकने के लिए बसपा ने भी ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा
- समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर आए जाट बिरादरी के पूर्व सांसद पर खेला दांव

1991
1996, 1998 और 1999 में भाजपा की शीला गौतम ने लगाया था जीत का चौका

मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र लेकिन बीते 67 साल से कोई मुस्लिम प्रत्याशी यहां नहीं जीता
इस बार के चुनाव में किसी भी प्रमुख दल ने मुस्लिम चेहरे को मैदान में नहीं उतारा

02
ब्राह्मण प्रत्याशियों की जंग में जाट उम्मीदवार दिखा पाएगा कमाल, बड़ा सवाल

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: 1952 और 1957 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां बड़ी जीत दर्ज की थी। लेकिन इसके बाद हर चुनाव में इस लोकसभा सीट पर गैर कांग्रेसी दलों का ही परचम लहराता रहा। 1967 और 1971 में भारतीय क्रांति दल तो 1977 और 1980 में जनता दल ने चुनावी जीत हासिल की। हालांकि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यहां वापसी की। लेकिन 1989 के चुनाव में जनता दल के सत्यपाल मलिक ने कांग्रेस को हरा दिया। इसके बाद राम मंदिर आंदोलन आगे बढ़ा तो अलीगढ़ की राजनीति भारतीय जनता पार्टी की तरफ मुड़ गई। वर्ष 1991, 1996, 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा की शीला गौतम ने लगातार जीत दर्ज करके यहां कमल खिलाए रखा। 2004 के चुनाव में कांग्रेस को आखिरी बार अलीगढ़ सीट से जीत मिली थी। 2009 के चुनाव में बसपा की राजकुमारी चौहान को जीत मिली। लेकिन 2014 की मोदी लहर में जीतने वाली भाजपा ने अपनी जीत की लय को 2019 में बरकरार रखा है।

2019 का जनादेश

दल	प्रत्याशी	मत मिले	मत प्रतिशत
भाजपा	सतीश कुमार गौतम	6,56,215	56 .80
बसपा	डॉ . अजीत बलियान	4,26,954	37 .10
कांग्रेस	विजेंद्र सिंह	50,880	04 .50

2022 विधान सभा चुनाव में प्रमुख दलों का मत प्रतिशत



बसपा के खाते में एक जीत पर सपा पहली जीत को तरस रही

अलीगढ़ लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी अभी तक पहली चुनावी जीत के लिए तरस रही है। इस सीट से लगातार प्रत्याशी उतारने के बावजूद वह आज तक अलीगढ़ की राजनीति का बंद ताला नहीं खोल पाई है। बहुजन समाज पार्टी को भी इस सीट पर केवल एक बार 2009 में ही जीत नसीब हुई है।

विकास और ट्रैफिक जाम स्थानीय मुद्दे

1957 के बाद कोई मुस्लिम प्रत्याशी इस मुस्लिम बाहुल्य सीट से नहीं जीत पाया

- मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद अलीगढ़ लोकसभा सीट से 1957 के बाद किसी मुस्लिम उम्मीदवार को जीत नहीं मिल सकी है। 1957 में अलीगढ़ से मुस्लिम सांसद बनने वाले जमाल ख्वाजा एकमात्र नेता थे। इस बार के लोकसभा चुनाव में तो किसी भी प्रमुख दल ने किसी मुस्लिम प्रत्याशी को मैदान में नहीं उतारा है। यहां तक कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) का नारा लगाकर चुनावी सफलता की उम्मीद लगाने वाली समाजवादी पार्टी ने भी यहां अल्पसंख्यक प्रत्याशी नहीं दिया है। भाजपा और बसपा के साथ उसने भी हिंदू चेहरे पर ही दांव लगाया है।

लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जमाया था कब्जा : अलीगढ़ लोकसभा क्षेत्र के तहत कुल पांच विधानसभा सीटें खैर, बरौली, अतरौली, कोल और अलीगढ़ आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांच सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

कल्याण सिंह के बिना पहला चुनाव बन सकते नए राजनीतिक समीकरण : अलीगढ़ की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह 'बाबूजी' का प्रभाव गहरे तक है। उनके बिना यह पहला लोकसभा चुनाव है। भाजपा उनके प्रभाव से खुद को मजबूत मान रही है। लेकिन विरोधी दल कल्याण सिंह के नहीं होने पर नए समीकरण गढ़कर लोकसभा सीट पर खासतौर पर लोध मतदाताओं के बीच तस्वीर बदलना चाहते हैं।

20 लाख
मतदाताओं में मुस्लिम, जाट, जाटव, ठाकुर व ब्राह्मण मत सर्वाधिक

अलीगढ़ में मतदाताओं की संख्या करीब 20 लाख है। जातीय समीकरणों के लिहाज से यहां 3 .50 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। करीब 2 .5 लाख जाट मतदाता, 2 लाख जाटव, 2 लाख के आसपास ठाकुर मतदाता, 1 .5 लाख ब्राह्मण और एक-एक लाख की संख्या में बघेल, वैश्य, लोध, यादव मतदाता हैं।

प्रत्याशियों का प्रोफाइल

चौधरी विजेंद्र सिंह : समाजवादी पार्टी प्रत्याशी

विजेंद्र सिंह कांग्रेस से एक बार सांसद और तीन बार विधायक रह चुके हैं। जाट नेता विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2020 में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद वह समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। तभी से वह लोकसभा चुनाव का टिकट पाने की कोशिश में लगे थे। चौधरी विजेंद्र सिंह ने वर्ष 2004 में कांग्रेस के टिकट पर अलीगढ़ से लोकसभा चुनाव जीता था। लेकिन इसके बाद वह लोकसभा के लगातार तीन 2009, 2014 और 2019 में चुनाव हार चुके हैं। 2014 व 2019 के चुनाव में उनकी जमानत भी नहीं बची थी। माना जा रहा है कि विजेंद्र सिंह के जरिए सपा ने जाट लैंड पर निशाना साधा है।

सतीश गौतम : सांसद भाजपा के प्रत्याशी

अलीगढ़ से भारतीय जनता पार्टी के मौजूदा सांसद सतीश गौतम लगातार दो चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि उनका कई विवादों से नाता रहा है। इसके चलते भाजपा से टिकट की दौड़ में पूर्व सांसद शीला गौतम की पुत्र वधू नमिता गौतम, पूर्व उर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, विधायक जयवीर सिंह और अनिल पाराशर शामिल थे। लेकिन गौतम ने सभी को पछाड़ कर हाईकमान का भरोसा जीतने में सफलता पाई। इससे पहले सतीश गौतम का नाम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में प्रमुखता से लिया जा रहा था।

हितेंद्र उपाध्याय बंटी : बसपा से प्रत्याशी

बहुजन समाज पार्टी ने अलीगढ़ से पहले एआईएमआईएम के नेता गुफरान नूर का टिकट घोषित किया था। लेकिन उन्हें हार्ट अटैक आने और अस्पताल में भर्ती होने के बाद पार्टी ने टिकट काटकर भाजपा में सक्रिय रहे हितेंद्र उपाध्याय बंटी को प्रत्याशी बनाया है। पार्टी का यह फैसला चौंकाने वाला माना जा रहा है। रीयल स्टेट कारोबारी बंटी लंबे समय से ब्राह्मण समाज की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव में भी अलीगढ़ से भाजपा से टिकट की दावेदारी की थी।

तीनों प्रत्याशियों को साधना पड़ रहा संगठन और जातीय आधार

पहले बसपा ने अलीगढ़ लोकसभा सीट पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारा था। लेकिन बाद में उसका टिकट काटकर रीयल एस्टेट के कारोबारी और भाजपा से आए ब्राह्मण चेहरे हितेंद्र उपाध्याय पर दांव लगा दिया। इससे अलीगढ़ में इस बार चुनाव के सियासी समीकरण बदल गए हैं। बदली परिस्थितयों में जानकार भाजपा के ब्राह्मण प्रत्याशी और मौजूदा सांसद सतीश गौतम की राह आसान नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि टिकट की जंग में तो गौतम जीत गए हैं, मगर असली चुनौती अब सभी को साथ लेकर चुनाव लड़ने की है, तभी उन्हें बड़ी जीत मिल पाएगी। हालांकि कुछ ऐसा ही हाल समाजवादी पार्टी के भीतर भी है। कांग्रेस से आए चौ . बिजेंद्र सिंह को प्रत्याशी बनाने का फैसला कुछ सपा नेता पचा नहीं पा रहे हैं। उधर, बसपा के पास अपना कैडर वोट है। लेकिन नामांकन से पहले आए ब्राह्मण प्रत्याशी को दलित मतदाताओं के सामने अपनी पहचान बनाने और ब्राह्मण समाज के वोट बांटने का हुनर दिखाना है।

चप्पल मिला चुनाव निशान : अलीगढ़ में एक निर्दलीय प्रत्याशी पंडित केशव देव लोगों के कौतुहल का विषय बने हैं। वह चप्पलों की माला पहनकर सुबह चुनाव प्रचार के लिए निकल पड़ते हैं। इसकी वजय यह है कि उन्हें चुनाव आयोग से चप्पल चुनाव चिह्न आवंटित हुआ है।

अमेठी और रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा 26 के बाद

- वायनाड में 26 को मतदान, इससे पहले राहुल गांधी को प्रत्याशी घोषित करने पर दक्षिण भारत में जा सकता है गलत संदेश

नई दिल्ली,ब्यूरो

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में कुछ सीटों को लेकर कांग्रेस एवं भाजपा काफी असमंजस में हैं। रायबरेली व अमेठी संसदीय क्षेत्र से किसे मैदान में उतारा जाए, इस सवाल का जवाब खोजना कांग्रेस के लिए काफी भारी पड़ रहा है। कांग्रेस हाईकमान ने 26 अप्रैल के बाद दोनों सीटों पर उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने के संकेत दिए हैं। करनैल गंज सीट पर भाजपा की भी कुछ ऐसी ही स्थिति है।

2019 के चुनाव में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए थे। अब कांग्रेस इसे भाजपा का दुर्ग समझ कर देख रही है, जबकि स्थानीय जनता का दबाव है कि रायबरेली एवं अमेठी सीट से गांधी परिवार के ही किसी सदस्य को मैदान में उतारा जाए क्योंकि दोनों सीटों पर लंबे समय तक कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। हालांकि इस बार अमेठी और रायबरेली की सभी विधानसभा सीटों में एक भी कांग्रेस के पास नहीं है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक रायबरेली एवं अमेठी संसदीय क्षेत्र से राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के साथ रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी संभावित प्रत्याशियों में चल रहा है। इंडिया गठबंधन के नेताओं का तर्क है कि यदि गांधी परिवार से इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार आएंगे तो पूरे प्रदेश में संदेश जाएगा, अन्यथा कांग्रेस के परंपरागत मतदाता हताश हो सकते हैं। इन स्थितियों को देखते हुए कांग्रेस ने अब दोनों सीटों पर 26 अप्रैल के बाद उम्मीदवार घोषित करने की डेडलाइन तय कर दी है। दरअसल, 26 अप्रैल को वायनाड संसदीय क्षेत्र में मतदान होना है। यदि 26 से पहले राहुल को उत्तर प्रदेश से भी चुनाव लड़ने की बात तय की जाएगी तो इसका विपरीत असर न सिर्फ केरल बल्कि पूरे दक्षिण भारत में पार्टी की संभावनाओं पर पड़ सकता है।

उधर, भाजपा करनैलगंज सीट पर फंसी है। यहां से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का महिला खिलाड़ियों ने काफी विरोध किया था। लेकिन एक जातीय संगठन भाजपा हाईकमान पर दबाव बना रहा है कि बृजभूषण या उनके परिवार को ही टिकट दिया जाए।

रोज 100 करोड़ की नकदी व शराब की जा रही बरामद

नई दिल्ली, ब्यूरो। चुनाव संहिता लागू होने के बाद रोज औसतन 100 करोड़ से ज्यादा की नकदी व शराब बरामद की जा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात व्यय पर्यवेक्षकों की सतर्कता से अब तक 4658 करोड़ से ज्यादा की नकदी और शराब पकड़ी जा चुकी है। इनमें वे राज्य भी शामिल हैं, जहां पूर्ण शराबबंदी है। इस बरामदगी ने पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। गुजरात, बिहार, मिजोरम एवं नागालैंड जहां शराब प्रतिबंधित है, वहां भी शराब पकड़ी गई है। हालांकि उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में कम शराब बरामद हुई है। सर्वाधिक शराब कर्नाटक में एक करोड़ 30 लाख लीटर बरामद हुई है। इसके बाद राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल, मध्य प्रदेश, असम का नंबर है। इस बार आयोग ने राज्य सरकार एवं नागरिकों की मदद से ऐसी तकनीक विकसित की है जिसके तहत काला धन के साथ-साथ शराब, ड्रग्स एवं लुभावने उपहार बरामद हो रहे हैं।

दिग्विजय, कमलनाथ क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे

- भाजपा की कड़ी चुनौती के सामने दिग्गज कांग्रेसियों को बहाना पड़ रहा अपनी सीटों पर पसीना

भोपाल

अमृत विचार : मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अपने वरिष्ठ नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा है। इनमें राजगढ़ से दिग्विजय सिंह, छिंदवाड़ा में कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ और रतलाम से कांतिलाल भूरिया हैं। लेकिन भाजपा की चुनौती से निपटने में हालत यह है कि तीनों नेता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

कांग्रेस ने अपने दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को राजगढ़ से चुनाव मैदान में उतारा है। वह 33 साल बाद राजगढ़ से चुनाव लड़ रहे हैं। पूरे क्षेत्र में उन्होंने पदयात्रा की है। लेकिन राजगढ़ से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। राजगढ़ से भाजपा ने मौजूदा सांसद रोडमल सिंह नागर को टिकट दिया है। इसी तरह कमल नाथ छिंदवाड़ा में उलझे हैं। कांग्रेस ने उनके पुत्र नकुल नाथ को दूसरी बार प्रत्याशी बनाया है। कमल नाथ बेटे के चुनाव प्रचार की कमान संभाले हैं और क्षेत्र से बाहर ही नहीं निकले हैं। छिंदवाड़ा सीट पर पिछले 45 साल से कमलनाथ का कब्जा है। प्रदेश में यही एकमात्र सीट है जो भाजपा नहीं जीत पा रही है। इस बार भाजपा ने यहां से बंटी साहू को टिकट दिया है। चुनाव से पहले ही कई दिग्गज कांग्रेसी नेता भाजपा में शामिल हो गए हैं, जो कमलनाथ की परेशानी और बढ़ा रहे हैं।

कुछ ऐसी ही स्थिति कांतिलाल भूरिया की है। वह भी रतलाम-झाबुआ लोकसभा सीट पर उलझे हैं। भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद गुमान सिंह डामोर का टिकट काटकर प्रदेश में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान की पत्नी अनीता चौहान को टिकट दिया है, जो भूरिया को कड़ी टक्कर देती नजर आ रही हैं।

हम हाथ के साथ
कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी वायनाड लोकसभा सीट से दूसरी बार मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के लिए वह नीलगिरी कॉलेज पहुंचे तो छात्राओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया।

अपनी ढपली अपना राग

लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। विकसित भारत की आकांक्षाओं का आधार ये संकल्प पत्र बनेगा। – योगी आदित्यनाथ

जिन्होंने अपने वादे पिछले दस वर्षों के राज में पूरे नहीं किए, वो भला भविष्य की गारंटी देने की बात कैसे कह सकते हैं। यह केवल धोखा है। – अखिलेश यादव

कांग्रेस की तरह वर्तमान सरकार भी जातिवादी हैं। पूरे देश में गरीबों, दलितों और मुस्लिमों का शोषण हो रहा है। – मायावती

पश्चिम उप्र. को अलग राज्य बनाने की बात अच्छी पर, उन्हें मौका नहीं मिलेगा। जनता ने मोदी को फिर से पीएम बनाने का मन बना लिया। – डॉ. संजीव बालियान, केंद्रीय मंत्री

पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपनी औकात में रहें। भाजपा के लिए काम करना बंद कर दें। –रुचि वीरा (मुरादाबाद से इंडी उम्मीदवार)

देश में बदलाव का माहौल है। चाहे वह राजनीति में रहें या न रहें, पर देश और देश के लोगों के लिए मेहनत करते रहेंगे। – रॉबर्ट वाड्रा

सपा और राजद का चुनावी घोषणा पत्र कंगाल बैंक के चेक जैसा: नन्दी

अमृत विचार, लखनऊ: सपा और राजद के चुनावी घोषणा पत्र, किसी कंगाल बैंक के चेक सरीखे हैं। बिना बुनियाद की इमारत बनाने के दावे और हवा-हवाई खोखले वादे किये गये हैं। दोनो पार्टियां जनता को मूर्ख समझने की भारी भूल कर रहे हैं। यह बात सोमवार को औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने अमेठी संसदीय क्षेत्र में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन अवसर पर कही।अमेठी संसदीय क्षेत्र के तिलोई, जगदीशपुर, गौरीगंज, अमेठी और सलोन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा चुनाव कार्यालयों में उन्होंने कहा कि इनके घोषणा पत्र में मतदाताओं को भ्रमित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस, सपा और आरजेडी जैसी पार्टियों ने साझा घोषणा पत्र न जारी करके अपनी ढपली अपना राग अलापना यह साबित किया है।

नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन की न तो नीति तय है और न ही नेता। एक अनार सौ बीमार वाली हालत है। ऐसे में इन दलों का अपना-अपना घोषणा पत्र कोढ़ में खाज की तरह है! उन्होंने सपा के घोषणा पत्र पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इनके घोषणा पत्र में, जैसे बैल यह दावा करे कि वह दूध देगा और मुर्गा यह वादा करे की वह अण्डा देगा।गौरीगंज में नन्दी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल दलों में बिखराव साफ नजर आ रहा है। विपक्षी गठबंधन अपना एक साझा घोषणा पत्र तक नहीं जारी कर पाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और इसकी बदौलत भाजपा उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के साथ-साथ 400 पार के लक्ष्य को भी हासिल करने में सफल होगी।

वो भी क्या दिन थे जब फुटपाथ पर तैयार हो जाते थे नेताजी

30 साल पहले लकड़ी के खोखो में बिकती भी जनप्रतिनिधियों की ड्रेस

फाइव स्टार संस्कृति ने बढ़ा दिया नेताजी की वर्दी का खर्च

नीरज मिश्र,लखनऊ

अमृत विचार: अभी ज्यादा वक्त नहीं बीता, करीब तीन दशक पहले की ही बात है जब 'दारुलशफा' में नेताजी बाकायदा 'तैयार' किए जाते थे। उन्हें टीप टॉप नेता बनाने के लिए 50 से अधिक दुकानें विधायक निवास के विभिन्न ब्लॉक में बने 'गैराज' और 'सड़कों' पर मौजूद थीं। नेताजी इन्हीं 'टेलरिंग शॉप' में अपनी 'वर्दी'' सिलवाते थे। वहीं कपड़ा लिया टेलर मास्टर को नाप दिया और पैदल ही चल पड़े जनता के बीच। एक बार तन पर खादी पहनी तो रात तक शरीर से उतरने का नाम नहीं लेती थी। अब न टेलर के पास काम है और न ही छोटी-छोटी गुमटियों से कपड़ा खरीदने का चलन। अब नेता जी हाईटेक हो चुके हैं ब्रांडेड कपड़ों की पसंद अब वे खोखे पर नही सीधे शोरूम में जाकर करते हैं। केवल ब्रांडेड पैंट-शर्ट नहीं कोटी भी साथ में पसंद करते हैं। जाहिर सी बात है कि इसके साथ मैचिग पटका भी चाहिए।

बीते कुछ वर्षों में राजनीति का मिजाज पूरी तरह से बदल चुका है। पैठ बना चुकी 'फाइव स्टार संस्कृति' ने राजनीति में एक बड़ा बदलाव ला दिया है। अब जनप्रतिनिधियों का एक-दो जोड़ी ड्रेस से काम नहीं चलता है। रोज कम से कम चार बार सूट बदलते हैं। जनता से मिलने के लिए अलग और जनसभाओं एवं रोड शो के लिए अलग। पहले खादी थी। इनका स्थान अब महंगे और कीमती 'लेनिन' और ब्रांडेड वस्त्रों ने ले लिया है। एक बार की 'कड़क वर्दी' नेताजी की जेब से करीब पांच हजार रुपया तो आसानी से निकलवा ही लेती है। नेताओं के बदलते परिवेश और ड्रेस कोड पर एक रिपोर्ट।

लेनिन कपड़ा	रुपये प्रति पीस
शर्ट	1,800 से 2,100 रुपये
पैंट	1,500 से 1,800
कोटी	1,200 से 1,500

सेमी लेनिन कपड़ा	रुपये प्रति पीस
शर्ट	1,000 –1,500
पैंट	600 – 800
कोटी	1,000 –1,200

सिलाई	रुपये प्रति पीस
शर्ट	400– 450
पैंट	600–700
कोटी	800 –1,000

गिने-चुने लोग ही आते हैं नाप देने, 'टेलर मास्टर' का सम्मान अब गुजरे जमाने की बात

दशकों से दारुलशफा गैराज में दुकान चला रहे टेलर मो. शकील बताते हैं कि एक दौर था जब जनप्रतिनिधि आते और कपड़ा देखते। नाप देते और चलते बनते। तीन-चार दिन बाद पूरी ड्रेस तैयार कर उनके कमरे में भिजवा दी गई या फिर वे खुद आए और पहनकर चले गए। दूसरी और तीसरी जोड़ी एक अखबार में लपेट कर उन्हें थमा दी। न केवल वह उनके साथ कई बार पार्टी कार्यकर्ता भी अपनी नाप देकर कपड़ा सिलवा लेते थे।''मास्टर'' कह कर हमें सम्मान भी दिया जाता था।अब वह दिन नहीं रहे, फैशन और कीमती कपड़ों और डिजाइनों का दौर है। बस गिने-चुने लोग ही कपड़ा सिलवाने आते हैं। इन्हीं के सहारे धंधा चल रहा है। अली मोहम्मद कहते हैं कि अब उतनी आमदनी नहीं है। बस कुछ लोगों के सहारे ही धंधा किसी तरह आगे बढ़ रहा है।

कड़क वर्दी तैयार करने पर रोज 150 रुपया खर्च

जब लेनिन के कड़क सूट और इसमें कलफ लगी पैंट, शर्ट, कॉटन कोटी और पटका। इसे घर में धोया जाना आसान काम नहीं। लांड्री धुलाई कल्चर पर रोज एक सूट पर करीब 150 रुपया व्यय होता है। यानी चार से पांच सूट अगर धुलने गए 600 से 750 रुपया रोज का औसतन खर्च। अगर 24 से 48 घंटे में धुलाई चाहिए तो यह व्यय बढ़कर दोगुना हो जाता है।

20 से 30 फीसद महंगी हुई नेताजी की लेनिन ड्रेस

लेनिन का एक सूट कपड़ा लेकर सिलवाया तो 5,000 रुपये खर्च : उप्र.कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी और लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और कपड़ा व्यवसायी प्रभू जालान बताते हैं कि लोक सभा चुनाव की घोषणा के साथ ही लेनिन वस्त्रों की मांग तेज हो गई है। एक तो बढ़ती गर्मी और दूसरे नेताओं का पसंदीदा रंग सफेद कपड़ा काफी महंगा हो गया है। पहले लेनिन कपड़ों पर तेजी 20 फीसद के आसपास रही जो अब बढ़कर 25 से 30 प्रतिशत तक हो गई है। रेडीमेड और ब्रांडेड का भाव अलग है। ब्रांडेड लेनिन कपड़ों का शूट हजारों का बैठता है। पटका तक डिजाइनर चाहिए। सत्ता पक्ष से जुडे.हैं तो सफेद के अलावा गुलाबी और नारंगी रंग पसंदीदा। सफेद रंग सभी दल के लोग पहनते हैं।

कुर्ता पैजामा सिलवाने आये युवक की नाप लेते शकील।

दारुलशफा में नेताओं के कपड़े सिलते अली मोहम्मद।

सोशल इंजीनियरिंग में फंसी बीजेपी

बसपा ने उदय राज वर्मा और सपा ने राम भुआल निषाद को मैदान में उतारा

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

अमृत विचार: लगातार तीसरी बार सुलतानपुर लोकसभा सीट जितने का मंसूबा पाले बैठी बीजेपी को बीएसपी ने बड़ा झटका दिया है। सोशल इंजीनियरिंग को साध कर बीएसपी ने कुर्मी वोट बैंक में सेंधमारी का प्रयास किया है। बीएसपी ने सुलतानपुर से युवा नेता व जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। आम तौर पर पिछले चुनाव में कुर्मी वोट बैंक बीजेपी के लिए जिताऊ साबित हुआ था। वहीं, निषाद वोट भी बीजेपी से खिसकता दिख रहा है। क्योंकि, सपा ने पहले घोषित भीम निषाद को वापस बुलाकर यहां अपने कद्दावर नेता राम भुआल निषाद को प्रत्याशी बनाकर बीजेपी को उसी की मांद में घेरने की कोशिश की है।

भारतीय जनता पार्टी ने सुलतानपुर में फिर से मेनका गांधी को अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा हैं। 2014 में यहां पर वरुण गांधी ने कमल खिलाया था तो 2019 में उनकी मां मेनका संजय गांधी ने इस सीट को भाजपा के पाले में डाल दिया था। लंबी जद्दोजहद के बाद भाजपा ने मेनका गांधी को यहां दोबारा मौका दिया है। वह चुनाव मैदान में मजबूती से उतर पड़ी हैं।

सबसे मजबूत माने जाने वाले भाजपा व उसके संगठनों ने चुनावी तैयारियों में ताकत झोंक दी है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए घर-घर पहुंच रहे हैं और अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए पूरी ताकत लगा दिए हैं। सुलतानपुर में छठवें चरण में 25 मई को होने वाले चुनाव में अभी काफी समय है। जैसे जैसे चुनाव तिथि नजदीक आएगा वैसे वैसे सुलतानपुर की चुनावी सरगर्मी अपने उफान पर होगी।

पांच विस में चार पर भाजपा, एक पर सपा का कब्जा: सुलतानपुर जिले की कुल पांच विधानसभा सीटों में वर्तमान में चार पर भाजपा और एक पर सपा का कब्जा है। सुलतानपुर सीट से भाजपा के विनोद सिंह, लंभुआ सीट से भाजपा के सीताराम वर्मा, जयसिंहपुर सदर सीट से भाजपा के राज बाबू उपाध्याय, कादीपुर सुरक्षित सीट से भाजपा के राजेश गौतम और इसौली सीट से सपा के मोहम्मद ताहिर खान विधायक हैं।

चुनेंगे अपना सांसद: जिले की पांचों विधानसभाओं में मिलाकर कुल 18,34,355 मतदाता है। इनमें 9,54,358 पुरुष तो 8,79,932 महिला वोटर शामिल हैं। 65 ट्रांसजेंडर मतदाता है। इनमें युवा मतदाता ही निर्णायक होंगे। 18 से 19 साल के 22,819 तो 20 से 39 साल के 8,28,479 वोटर्स है। इस वर्ग के ज्यादातर मतदाता बूथ तक पहुंचते है और निर्णायक बनते हैं।

ऐसा था परिणाम

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी चार लाख 58 हजार 281 मत पाकर विजयी हुई थीं। सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ने वाले चंद्रभद्र सिंह सोनू को चार लाख 44 हजार 422 वोट मिले थे, जबकि पूर्व मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी अमीता सिंह को महज 41 हजार 588 मतों से संतोष करना पड़ा था। इस बार अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। पार्टी कार्यकर्ताओं का कहना है कि हाईकमान जिसे भी टिकट देगा, उसी के लिए पूरे तन-मन से लगेंगे।

बसपा: सुलतानपुर सीट पर दो बार सांसद दे चुकी बहुजन समाज पार्टी ने इस बार भी सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले को दोहराया है। आंबेडकर जयंती के अवसर पर यहां पहुंचे बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने उदराज वर्मा को प्रत्याशी घोषित कर दिया। साफ-सुथरी छवि, युवा चेहरा और जिला पंचायत सदस्य उदराज वर्मा बसपा के मूल वोट के साथ कुर्मी बिरादरी को अपने पाले में लाने के लिए पूरा दम लगा देंगे। जबकि, भाजपा के जिलाध्यक्ष डा. आरए वर्मा व लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा है। इस लिहाज से यहां का कुर्मी वोटर भाजपा का वोट बैंक माना जाता रहा है। यदि उदराज अपनी बिरादरी का वोट बसपा के पाले में लाने में कामयाब होते हैं तो भाजपा को नुकसान होना तय है।

सपा: अमेठी से सटी सुलतानपुर सीट कांग्रेस के लिए खास मानी जाती रही है। फिर भी यह सीट इस बार इंडी गठबंधन में समाजवादी पार्टी के खाते में चली गई है। अब तक सुलतानपुर में साइकिल जीत का स्वाद नहीं चख सकी है। कई बार नजदीकी मुकाबला होने के बाद भी सपा यहां पर जीत नहीं हासिल कर सकी। बीते दिनों सपा ने अंबेडकरनगर के मूल निवासी भीम निषाद को उम्मीदवार बनाकर भेजा था। जब से भीम यहां प्रत्याशी बने थे सपा संगठन दो धड़ों में बंट गया था। दबाव इस कदर पड़ा कि सपा शीर्ष शीर्ष नेतृत्व ने यहां का प्रत्याशी रविवार की शाम बदल दिया। सपा मुखिया ने भीम निषाद को वापस बुलाकर अब गोरखपुर के मूल निवासी राम भुआल निषाद को यहां का प्रत्याशी बना दिया है। राम भुआल का निषाद समाज में अच्छी पकड़ मानी जाती है। वह गोरखपुर में सीएम योगी के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं। जिले का निषाद समुदाय का वोट पिछले चुनाव में काफी हद तक भाजपा का रहा था। ऐसी स्थिति में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि निषादों का कितना वोट सपा प्रत्याशी अपने पाले में ला पाएगा।

लोकसभा सीट का इतिहास

सुलतानपुर लोकसभा सीट के इतिहास पर नजर डाले तो वर्ष 1952 में एम.ए. काजमी उर्फ काजिम अली एडवोकेट पहली बार कांग्रेस सांसद चुने गए। 1957 में गोविंद मालवीय, इनकी मृत्यु के बाद हुए उपचुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार बाबू गनपत सहाय सांसद बने थे। वर्ष 1962 में कांग्रेस से उनके पुत्र कुंवर कृष्ण वर्मा सांसद बने। 1967 में बाबू गनपत सहाय ने जीत हासिल की थी। उनकी मृत्यु के पश्चात हुए 1969 में हुए उपचुनाव में चौधरी चरण सिंह की बीकेडी से पं. श्रीपति मिश्र सांसद बने, उन्होंने महज 249 वोटों से कांग्रेस के डा. कैलाश नाथ सिंह को हराया था। यह सुलतानपुर सीट के इतिहास का सबसे नजदीकी मुकाबला रहा है। 1970 में कांग्रेस से केदारनाथ सिंह, 1977 से जनता पार्टी के जुल्फिकार उल्ला, 1980 में कांग्रेस के गिरिराज सिंह, 1984 में कांग्रेस से राजकरन नाथ सिंह, 1989 में जनता दल से राम सिंह, 1991 में बीजेपी का खाता इस सीट पर खुला और अयोध्या के महंत विश्वनाथ दास शास्त्री सांसद बने। 1996 व 1998 में बीजेपी के डीबी राय, 1999 बसपा के जयभद्र सिंह, 2004 में बसपा के मो. ताहिर खान, 2009 में कांग्रेस से डा. संजय सिंह यहां के सांसद बने। 2014 में भाजपा के वरुण गांधी और 2019 में भाजपा से वरुण गांधी की मां मेनका संजय गांधी सांसद चुनी गई।

आईना : सुलतानपुर लोकसभा सीट



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	वरुण गांधी	4,10,348
बसपा	पवन पांडेय	2,31,446
सपा	शकील अहमद	2,28,144
कांग्रेस	अमिता सिंह	41,983

2019 नोटा	2014 नोटा
9,771	5,412

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
कांग्रेस	डॉ. संजय सिंह	3,00,411
बसपा	मोहम्मद ताहिर	2,01,632
सपा	अशोक पांडेय	1,07,895
बीजेपी	सूर्यभान सिंह	44,425

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	एम.ए. काजमी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	गोविंद मालवीय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1961	गनपत सहाय	निर्दलीय
1962	कुँवर कृष्ण वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1967	गणपत सहाय	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1971	केदार नाथ सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	जुल्फिकारुल्ला	जनता पार्टी
1980	गिरिराज सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	राज करण सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	राम सिंह	जनता दल
1991	विश्वनाथ दास शास्त्री	भारतीय जनता पार्टी
1996व 98	देवेन्द्र बहादुर राय	भारतीय जनता पार्टी
1999	जय भद्र सिंह	बहुजन समाज पार्टी
2004	ताहिर खान	बहुजन समाज पार्टी
2009	संजय सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
2014	वरुण गांधी	भारतीय जनता पार्टी
2019	मेनका गांधी	भारतीय जनता पार्टी



कुल मतदाता- 18,34,355

पुरुष मतदाता- 9,54,358

महिला मतदाता- 8,79,932

निर्दल प्रत्याशियों पर नोटा पड़ रहा भारी

2014 में लोकसभा चुनाव में पहली बार नोटा को किया गया था लागू

लोकसभा के साथ ही विधानसभा चुनावों में भी दिख रहा असर

इस लोकसभा चुनाव में भी हो सकता है इजाफा

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव 2014 में देश में पहली बार नोटा को लागू किया गया था, इसके बाद से चुनाव में वोटिंग के ट्रेंड में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, इसके तहत यदि मतदाता को चुनाव में खड़ा कोई भी प्रत्याशी योग्य नहीं समझ में आता है तो वह नोटा बटन दबाकर अपना मत दे सकता है। ऐसे में बात यदि बीते दो चुनाव में नोटा के ट्रेंड की कर लें तो, यूपी की सियासत में नोटा बढ़ता हुआ दिखाई दिया है, देवीपाटन मंडल में भी इसका व्यापक असर है जहां 2014 व 2019 लोकसभा चुनाव में सभी निर्दल उम्मीदवारों से अधिक नोटा पर मतदान हुआ।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में गोंडा, कैसरगंज, बहराइच व श्रावस्ती सीटों के लिए हुए चुनाव में 47926 नोटा के वोटों की गिनती हुई थी। वहीं 2019 में 51883 लोगों ने नोटा के बटन दबाए थे। यानि 2014 के मुकाबले 2019 में नोटा की संख्या बढ़ गई है। ऐसे में माना जाए तो नोटा की संख्या में इस बार भी इजाफा हो सकता है। हालांकि चुनाव के बाद ही पता चलेगा।

2019 के चुनाव में नोटा के आंकड़े



2014 में नोटा की स्थिति

श्रावस्ती	– 14,587
बहराइच	– 13,498
कैसरगंज	– 11,853
गोंडा	– 7,988

सभी निर्दल उम्मीदवारों को नोटा से कम मिले वोट

लोकसभा चुनाव 2014 में गोंडा लोकसभा में 14 उम्मीदवार थे। इसमें आठ उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। 2019 में 15 उम्मीदवार मैदान में थे जिनमें 12 उम्मीदवारों को नोटा से कम मत प्राप्त हुए थे। इसी तरह कैसरगंज सीट से 2014 में 14 प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें 10 उम्मीदवारों को नोटा से कम वोट मिले थे। 2019 में 12 उम्मीदवारों में 9 प्रत्याशियों को नोटा का आधा वोट भी नहीं मिला था। यही हाल बहराइच व श्रावस्ती में था। श्रावस्ती में 2019 में 17 हजार से अधिक नोटा का प्रयोग किया गया था।

2013 में ईवीएम में मिला स्थान

पीपुल्स यूनियन आफ सिविल लिबर्टीज(पीयूसीएल) संगठन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई। इसमें सर्वोच्च न्यायालय ने सरकार को नागरिकों के अधिकार का हवाला देते हुए यह आदेश पारित किया था कि चुनाव के दौरान यह आप्शन रखा जाए जिसमें किसी प्रत्याशी के पसंद न आने पर लोगों को विकल्प मिल सके। 2013 में सरकार ने ईवीएम में सबसे नीचे एक लाल रंग की बटन की व्यवस्था की जिसका नाम नोटा(नन आफ एवब) यानि इनमें से कोई नहीं का विकल्प दिया गया। इसका असर 2014 के लोकसभा व अन्य विधानसभाओं के चुनाव में खूब दिखा।

लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान कांग्रेस प्रत्याशी

अमृत विचार, लखनऊ। विधानसभा की खाली सीटों पर उप चुनाव के तहत कांग्रेस ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट से मुकेश सिंह चौहान प्रत्याशी घोषित किया है।

मुकेश सिंह चौहान नगर निगम के पार्षद व प्रदेश कांग्रेस के महासचिव हैं। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ अलीमुल्लाह खान ने कहा कि एक लोकप्रिय प्रत्याशी घोषित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ पूरे विधानसभा में आम लोगों में उत्साह है।

उन्होंने कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत हासिल करेगी। मालूम हो कि भाजपा नेता पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन के निधन के कारण यह सीट खाली हुई थी। भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा की खाली चार सीटों लखनऊ पूर्वी, दुद्धी, ददरौली व गैसड़ी शामिल हैं।

चुनावी चक्कर

अखिलेश के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत :

वाराणसी में एक शख्स ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के पोस्टर के साथ शर्मनाक हरकत की। यहां तक कि अपनी अभद्र भाषा का शिकार वह अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को भी बनाता है। उसने फेसबुक पर लाइव आकर यह हरकत की। घटना का वीडियो वायरल हुआ तो सपा के पदाधिकारियों ने इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करायी। आरोपी की पहचान दीपक चौहान उर्फ बड़ेलाल चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 504 और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

हे 'राम' आपने भी बोल दिया? :

लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार भी गरम है। कोई संविधान खत्म करने की बात कर रहा तो कोई बदलाव की। अयोध्या से भाजपा सांसद लल्लू सिंह के बाद अब मेरठ से भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल का भी संविधान में बदलाव करने का एक वीडियो वायरल हुआ है। अरुण गोविल पत्रकारों से कह रहे हैं, जब संविधान बनाया गया था उस समय परिस्थितियां कुछ और थीं, आज की कुछ और हैं। इसके बाद पत्रकारों ने अरुण गोविल से भाजपा के 400 पार वाले नारे पर सवाल किया। इस पर अरुण गोविल बोले- मुझे ये महसूस होता है क्योंकि मोदी जी ऐसे ही कोई बात नहीं कहते हैं, उसके पीछे कोई न कोई अर्थ जरूरत होता है।

कानून का उल्लंघन करने पर लोक सेवकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

मनमाने ढंग से नोटिस जारी करने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेट और उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा 3 के तहत मनमाने ढंग से नोटिस जारी करने पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि इस न्यायालय के पूर्व आदेश के बावजूद राज्य सरकार ने अधिनियम की प्रयोज्यता के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट को कोई दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत नहीं समझी, जिसके कारण जिला मजिस्ट्रेट और उनके अधीनस्थ लगातार अधिनियम की धारा 3 के तहत अवैध रूप से नोटिस जारी कर रहे हैं। कोर्ट ने सचिव (गृह) विभाग

उत्तर प्रदेश लखनऊ को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य की शक्तियों का प्रयोग करने वाले लोक सेवक कानून की सीमा के भीतर रहें अन्यथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ ने उक्त तल्ख टिप्पणी के साथ आक्षेपित कारण बताओ नोटिस रद करते हुए राज्य को 2 महीने के भीतर याची उमर उर्फ मोहम्मद उमैर को एक लाख रुपए का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। वर्तमान मामले में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन), मुरादाबाद ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग करते हुए याची को 6 मार्च 2024 को थाना मैनाठेर मुरादाबाद में दर्ज आईपीसी की धारा 376 के तहत मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसे वर्तमान याचिका में चुनौती दी गई है। कोर्ट ने पाया कि अधिनियम, 1970 के प्रावधानों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग करते हुए उक्त नोटिस जारी की गई है।

कोर्ट ने आगे यह भी कहा कि एक या दो छोटे और महत्वहीन अपराधों से व्यक्ति को 'गुंडा' करार नहीं दिया जा सकता है। यह विशेषण अपने आप में बदनामी का बोझ लेकर आता है।

सांड़ के हमले में किसान की मौत

हसनपुर (अमरोहा), अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में सांड़ के हमले में किसान की मौत हो गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और छुट्टा पशुओं को नहीं पकड़े जाने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी। गांव लुहारी खादर निवासी किसान करन सिंह (70) सोमवार सुबह सात बजे घर के बाहर हैंडपंप पर हाथ धो रहे थे, तभी सांड़ ने उन्हें उठाकर पटक दिया। परिजन उन्हें निजी चिकित्सक के यहां ले गए, चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ओमप्रकाश, मेवाराम, हरिराज व अन्य ग्रामीण एकत्र हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि छुट्टा पशुओं के चलते किसान काफी परेशान हैं। पशु फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही हमला कर लोगों की जान ले रहे हैं। ग्रामीणों ने नारेबाजी करके छुट्टा पशुओं को नहीं पकड़े जाने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

फर्जी आयकर अधिकारी पकड़कर व्यापारियों ने पुलिस को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कुंदरकी थाना क्षेत्र के चक फाजलपुर का है आरोपी मुजफ्फर

अमृत विचार: खुद को आयकर अधिकारी बताने वाले व्यक्ति को व्यापारियों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। किराना व्यापारी रितेश रस्तोगी ने आरोपी मुजफ्फर के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी कुंदरकी थाना क्षेत्र के चक फाजलपुर गांव का रहने वाला है। इस पर फर्जी तरीके से आयकर अधिकारी बताने, आइडी रखने व धोखाधड़ी के आरोप हैं। पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर ढाई बजे के दौरान आरोपी मुजफ्फर सबसे पहले कटरा नाज मॉर्केट में अमित गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पहुंचा । उसने खुद को आयकर अधिकारी बताकर व्यापारी को रौब में ले लिया । कहा कि टैक्स जमा नहीं है, तुरंत टैक्स जमा करो । इस पर अमित ने फाइल दिखाई और कहा अभी छह महीने पहले ही टैक्स जमा किया है। इस पर शातिर मुजफ्फर ने सख्त लहजे में कहा कि नहीं... नहीं, कई महीने हो गए हैं तुरंत जमा करो। व्यापारी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट को फोन कर उनसे बात करने को कहा तो मना कर दिया। सीए ने व्यापारी को फोनकर फर्जी आयकर अधिकारी होने का संदेह व्यक्त किया। इस पर व्यापारी ने अन्य व्यापारियों को बुला लिया। सभी ने मिलकर फर्जी अधिकारी से पूछताछ की तो संदेह पुख्ता हो गया। व्यापारी उसे पकड़कर कोतवाली ले गए। आरोप है कि अपने को आयकर अधिकारी बताने वाला मुजफ्फर व्यापारियों को धमका कर 50,000 रुपये मांग रहा था। नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक ने बताया कि अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सार-संक्षेप

योगी और कंगना पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

गोंडा, अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र के शिवशंकर ने सीएम योगी व अभिनेत्री कंगना रानौत का आपत्तिजनक कार्टून बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल डाल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वजीरगंज के परसिया गांव निवासी शिवशंकर ने फेसबुक पर शिवशंकर यदुवंश के नाम से फेसबुक आईडी बना रखी है। उसने खुद को यादव संगठन का महासचिव व वीर अहीर सेन निर्माण का जिला सचिव लिख रखा है। शिवशंकर ने सीएम योगी व कंगना रानौत का अभद्र पोस्टर बनाकर उसे फेसबुक पर पोस्ट किया था। साथ ही कंगना से मंडी(हिमाचल प्रदेश) का भाव पूछा था। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी का महिला वेष में अभद्र पोस्टर बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल किया था।

अखिलेश हमें दबाना चाहते थे: जयंत चौधरी

मुरादाबाद, अमृत विचार : अखिलेश हमें दबाना चाहते थे, इसलिए उनसे संबंध टूट गए। लेकिन, राजनीति में सबके संबंध एक-दूसरे से रहते है। अखिलेश से मेरे संबंध पहले की तरह रहेंगे। चुनाव में काले पैसे का प्रयोग होता है। इसलिए इस पर अंकुश लगना चाहिए। यह बातें भाजपा-आरएलडी गठबंधन के प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहीं। सोमवार को राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी छजलैट के भीकनपुर गांव में भाजपा-आरएलडी गठबंधन प्रत्याशी सर्वेश कुमार सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। जयंत चौधरी का आने का समय दोपहर तीन बजे था, लेकिन वह एक घंटा देरी से जनसभा में पहुंचे। उनके आने से पहले जनसभा स्थल पर रागनी से लोगों को जोड़े रखा।

17 को प्रियंका गांधी करेंगी सहारनपुर में रोड शो

लखनऊ,अमृत विचार : कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी 17 अप्रैल को सहारनपुर में रोड शो करेंगीं। इसी दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव के गाजियाबाद में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस किए जाने की संभावना है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पहले चरण के चुनाव में सहारनपुर में पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद के पक्ष में जनसभा होगी। जनसभा को प्रियंका गांधी संबोधित करेंगीं। सूत्रों ने बताया कि दूसरे चरण के चुनाव में अमरोहा समेत अन्य सीटों पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व अखिलेश यादव मंच साझा कर गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतने के लिए मतदाताओं से अपील करेंगे।

40 जिलों ने नहीं दिया युवा उत्सव का उपयोगिता प्रमाण

लखनऊ, अमृत विचार : युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल द्वारा कराए गए युवा उत्सव के उपयोगिता प्रमाण पत्र 40 जिलों ने नहीं दिए है। जबकि महानिदेशालय से बराबर पत्राचार कर कार्यकम संबंधित प्रमाण पत्र मांगे जा रहे हैं। वर्ष 2023-24 में मंडल व जनपद स्तर पर युवा उत्सव कार्यक्रमों हुए थे। इन कार्यक्रमों का महानिदेशालय ने पुष्टि के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला युवा कल्याण अधिकारियों से मांगे हैं। जो सोनभद्र, लखीमपुर, महोबा, उन्नाव, सुल्तानपुर, चंदौली, प्रतापगढ़, इटावा, शामली, बलरामपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, वाराणसी, मिर्जापुर, कौशांबी, कानपुर देहात, हापुड़, अमरोहा, सम्भल, बदायूं, अयोध्या, बाराबंकी संत कबीर नगर, देवरिया, चित्रकूट व हाथरस ने दिए हैं। जबकि शेष जिले प्रमाण पत्र नहीं उपलब्ध करा रहे हैं।

बुलंदशहर में ग्राम प्रधान के चाचा-चाची की हत्या

बुलंदशहर,एजेंसी : जिले के गुलावठी क्षेत्र में सोमवार को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुये खूनी संघर्ष में ग्राम प्रधान के सगे चाचा-चाची की लाठी-डंडों से पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी। इस वारदात में दो दर्जन से अधिक लोगों को चोटें आई हैं जिनमें से तीन को गंभीर हालत में हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 11 बजे क्षेत्र के ग्राम महोली में पुरानी रंजिश के चलते एक ही समुदाय के दो गुट आमने-सामने आ गए। इस दौरान चले लाठी-डंडे तथा पथराव के कारण मौजूदा प्रधान पक्ष के बुजुर्ग दंपत्ति इशाक अली (70) व जमीला (65) की मौत हो गई है। इसके अलावा अबरार और राउफ सहित तीन युवकों की हालत चिंताजनक बनी हुई। पुलिस ने व्याप्त तनाव के मद्देनजर पूरे गांव को सील कर आसपास के क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

रामनवमी को लेकर डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

लखनऊ,अमृत विचार : रामनवमी के त्योहार को लेकर प्रदेश की पुलिस अलर्ट हो गई गई है। सोमवार को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने प्रदेश के समस्त एडीजी, आईजी, डीआईजी और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि त्योहार रजिस्टर की प्रविष्टियों का परीक्षण कर विगत वर्षों अथवा वर्तमान में कोई समस्या दिखाई पड़े तो उसका तत्काल निस्तारण कराया जाए। शांति समिति, कार्यक्रम आयोजकों व धर्मगुरुओं के साथ वरिष्ठ अधिकारियों की अध्यक्षता में बैठक कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा महत्वपूर्ण मन्दिरों, मेला स्थलों, जुलूस एवं शोभा यात्राओं के मार्गों सहित सभी संवदेनशील स्थानों का भ्रमण कर लिया जाय तथा छोटे से छोटे जुलूसों के साथ भी आवश्यकतानुसार पुलिस व्यवस्थापन किया जाए। शरारती एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 2.88 लाख ठगे

पटवाई, अमृत विचार : सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से 2.88 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया। पीड़ित ने दस अप्रैल को थाना प्रभारी को बताया और तहरीर भी दी। लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी सतीश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ महीने पहले इसी थाना क्षेत्र के गांव कली की मडैया निवासी एक युवक ने भारतीय खाद्य निगम में नौकरी दिलाने की बात कही। इसके लिए सात लाख रुपये में सौदा तय हो गया। पीड़ित ने आरोपी के कहने पर 2.88 लाख रुपए खाते में डाल दिए। बाकी पैसे नौकरी लगने के बाद देने को कह दिया था। कई महीने बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगी तो वह घबरा गया। उसने आरोपी से नौकरी लगवाने को कहा। तब आरोपी टालमटोल करने लगा।

कीटनाशक की खाली शीशी लेकर कोतवाली पहुंची महिला

बदायूं, अमृत विचार : कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव मिहोना निवासी सपना पुत्री नारायण सोमवार देर शाम कीटनाशक दवा की खाली शीशी लेकर कोतवाली उझानी पहुंच गई। पुलिस से बोली की उसने जहर खा लिया है। पुलिस ने उसे स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया है। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उसने कीटनाशक दवा खाने का कारण नहीं बताया है। पुलिस को इतना ही बताया कि वह अपने मायके पीरनगर में रह रही है।

तीन दिन बाद बंद हो जाएंगी रात की उड़ानें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर 18 की रात दस से सुबह छह बजे तक उड़ान सेवाएं रहेंगी बाधित

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 18 अप्रैल से अनुरक्षण कार्य शुरू होगा। मरम्मत के लिए नोटम (नोटिस टू एयरमैन) 18 से 30 अक्टूबर तक का जारी किया गया है मगर अधिकारियों का दावा है कि जुलाई तक काम पूरा कर लिया जाएगा। अनुरक्षण कार्य के चलते रात दस से सुबह छह बजे तक उड़ानें बंद रहेंगी।

अनुरक्षण कार्य करने के लिए रात दस से सुबह छह बजे तक हवाई अड्डे को बंद करने का प्रस्ताव कुछ समय पहले बनाकर भेजा गया था। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रनवे के पास ग्रेडिंग का काम होगा। साथ ही पुरानी लाइटें बदली जाएंगी। उक्त अवधि में नए टैक्सी वे बनाए जाएंगे। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमौसी एयरपोर्ट का रनवे 2744 मीटर का है। इसको बढ़ाकर 3500 मीटर किया जाना है। जिससे कि यहां पर बड़े विमानों को भी उतारा जा सके। रनवे पर 105 मीटर तक मिट्टी का काम होना है। इसकी स्ट्रेंथ को मजबूत किया जाना है।

18 अप्रैल से 11 जुलाई तक रात में उड़ानें लखनऊ एयरपोर्ट पर आवाजाही नहीं कर सकेंगी। नोटम (नोटिस टू एयरमैन) रात 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक का जारी किया गया है। रात में करीब आधा दर्जन से अधिक उड़ानें हैं जिनको सुबह से रात तक के बीच समायोजित किया जाएगा। एयरपोर्ट प्रवक्ता के अनुसार रनवे भले ही रात में बंद रहेगा लेकिन विभिन्न एयरलाइंस ने उड़ानों के समय में बदलाव कर लिया है।

गंगा एक्शन प्लान का 26 जिलों से मांगा हिसाब

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- गंगा ग्रामों में खर्च राशि का ऑडिट के साथ देना होगा उपभोग प्रमाण
- नदी से सटे जिलों में कराए थे ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य

> तीन जिलों में कुछ शौचालयों की धनराशि बकाया है। इसका समाधान करा रहे हैं। संबंधित जिलों से ऑडिट रिपोर्ट और खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र मांगा है। जो शीघ्र ही केंद्र को भेजेंगे। - **राज कुमार**, मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उप्र

अमृत विचार : गंगा एक्शन प्लान के तहत 26 जिलों के गंगा ग्रामों को स्वच्छ बनाने में खर्च धनराशि का केंद्र ने हिसाब मांगा है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के तहत नदी किनारे गंगा ग्रामों में क्या काम हुए, कितनी धनराशि खर्च हुई व कितनी शेष है। यह संबंधित जिला पंचायत राज अधिकारी को ऑडिट रिपोर्ट के साथ देना है। क्योंकि, कहीं अधूरे कार्य तो कहीं लाभार्थियों को योजना का लाभ न मिलने के कारण हिसाब नहीं दिया है। साथ ही 2023-24 में खर्च धनराशि का उपभोग प्रमाणपत्र भी मांगा है। इस योजना में केंद्र और राज्य सरकार ने समय-समय पर करोड़ों रुपये दिए थे। केंद्र और राज्य अंश का अलग-अलग हिसाब देना है। रिपोर्ट में किसी तरह का अंतर न आए यह पंचायती राज निदेशालय ने हिदायत दी है। जो निदेशालय में ग्राम पंचायत वार रिपोर्ट का परीक्षण करेगा और केंद्र को भेजेगा।

प्रयागराज, हरदोई, मुजफ्फरनगर में फंसी पहली किस्त

गंगा एक्शन प्लान के तहत गांवों में ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य कराए गए हैं। इसमें साफ-सफाई, नाली निर्माण, व्यक्तिगत शौचालय, आरआरसी सेंटर आदि शामिल हैं। जिनके इस्तेमाल से नदी में सीवेज, कूड़ा, गंदा पानी, कृषि के अपशिष्ट आदि का प्रवाह रोकना है। इसमें व्यक्तिगत शौचालय मुख्य हैं। इनके लाभार्थियों का चयन पूर्व में हुआ था और सबसे अधिक धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन, प्रयागराज, हरदोई और मुजफ्फरनगर में कुछ लाभार्थियों को शौचालय निर्माण की पहली किस्त नहीं मिल पाई है तो किसी की दूसरी बकाया है। इस वजह से उपभोग प्रमाणपत्र और ऑडिट प्रभावित है।

29 जनपद **1004** ग्राम पंचायत **1605** राजस्व ग्राम

गंगा एक्शन प्लान में यह जिले: अमरोहा, बलिया, भदोही, बिजनौर, बदायूं, बुलंदशहर, चंदौली, फर्रुखाबाद, फतेहपुर, गाजीपुर, हापुड़, हरदोई, कन्नौज, कानपुर नगर, कासगंज, कौशांबी, मेरठ, मिर्जापुर, मुजफ्फरनगर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, सम्भल, शाहजहांपुर, उन्नाव व वाराणसी।

आयुर्वेद चिकित्सक डॉक्टर के स्थान पर वैद्य लिखें: दुर्गा शंकर

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : कोविड महामारी के दौरान हमारी आयुष पद्धतियों के द्वारा ही जनमानस ने अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर अपना जीवन सुरक्षित किया। आयुर्वेद के चिकित्सकों से अपने नाम के आगे डॉक्टर न लिखकर वैद्य लिखने का आग्रह किया। यह बात सोमवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने डॉ.त्रिपाठी आयुर्वेद निदानशाला एवं पंचकर्म सेन्टर के उद्घाटन अवसर पर कही।

भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन करने के बाद उन्होंने कहा कि प्रदेश में कई हजार आरोग्य केन्द्र बन चुके हैं। उन्होंने कहा, हमारी भारतीय चिकित्सा पद्धति चाहे आयुर्वेद हो, योग हो, सिद्धा हो, प्राकृतिक हो सभी में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामय' की कामना की गई है। यह 'पंचकर्म सेन्टर' लोगों के लिये वरदान सिद्ध होगा। प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी ने कहा कि पंचकर्म सेन्टर से लखनऊ ही नहीं, वरन आने वाले समय में प्रदेश के जनमानस को भी आयुर्वेद के माध्यम से उपचार की विशिष्ट सुविधा प्राप्त होगी। निदेशक आयुर्वेद डॉ. प्रकाश चन्द्र सक्सेना ने आयुर्वेद का दैनिक जीवन में महत्ता पर प्रकाश डाला।

उत्तराखंड

रोक के बाद भी ओवरब्रिज खोला

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : सात साल के लंबे इंतजार के बाद सोमवार को आरओबी को हल्के वाहनों के लिए खोल दिया गया। भाजपाइयों ने वाहनों को रोकने के लिए लगाए गए लोहे के एंगल, पाइप आदि को खुद ही हटाकर वाहनों की आवाजाही शुरू करा दी। हालांकि एनएच के अधिकारी आरओबी को खोलने पर सहमत नहीं दिखे। उनका कहना था कि आरओबी पर बने पुल का वजन टेस्ट होना जरूरी है। भार टेस्ट के बिना पुल पर वाहनों की आवाजाही किसी खतरे से कम नहीं है।

सोमवार को विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, भाजपा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी समेत कई भाजपाई आरओबी पर पहुंचे। वाहनों की

ओवरब्रिज पर वाहनों को रोकने के लिए लगाए गए लोहे के एंगलों को हटाते भाजपा कार्यकर्ता।

आवाजाही रोकने के लिए लगाए लोहे के एंगल व को हटा दिया और लोहे के पाइपों को गैस कटर से काट कर वाहनों की आवाजाही शुरू कराई। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने बताया कि अधिकारियों से बात कर पहले ही 15 अप्रैल को आरओबी को खोलने का निर्णय लिया गया था। तय समय तीन बजे आरओबी पर हल्के वाहन की आवाजाही शुरू कराई गई। बताया कि आरओबी पर कुछ कार्य बाकी है, जिसे हल्के वाहन चलते रहेंगे और फिनिसिंग आदि का काम होता रहेगा। वहीं वाहनों के लिए आरओबी को खोलने के दौरान कोई भी प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा। पुलिस बल तैनात रहा। आरओबी को यातायात के लिए खोलने के बाद भाजपाइयों ने मिठाई भी बंटवाई और इसी जनता को समर्पित करना बताया।

हरिद्वार के दक्षिण काली मंदिर में श्रद्धालुओं की डंडों से पिटाई

हरिद्वार, एजेंसी : दक्षिण काली मंदिर में श्रद्धालुओं के दल को पुजारी तथा कर्मियों ने डंडों से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसमें युवा पुजारी भी मंदिर के कर्मियों को सिर में लगी चोट दिखा रहा है और उनसे युवकों के दल को पीटने को कह रहा है। श्यामपुर थाने के अधिकारी नीतेश शर्मा ने बताया कि यह घटना रविवार शाम को हुई। सूत्रों ने बताया कि मंदिर में टिकट और पार्किंग के मुद्दे पर श्रद्धालुओं और मंदिर कर्मियों के बीच बहस हुई जो संघर्ष में बदल गयी। मंदिर के पुजारी तथा कर्मियों ने श्रद्धालुओं का पीछा किया और उन्हें डंडों से मारा । पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना के संबंध में उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है।

ऑनलाइन पूजा के नाम पर ठगी, गिरोह सक्रिय

संवाददाता, अल्मोड़ा

- धाम में ऑनलाइन पूजा कराने के नाम पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं को गुमराह कर रहे साइबर ठग

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में ऑनलाइन पूजा कराने के नाम पर देश-विदेश के श्रद्धालुओं से ठगी करने वाला एक गिरोह इन दिनों सोशल मीडिया पर सक्रिय है।

इस गिरोह ने श्रद्धालुओं से ठगी करने के लिए बकायदा एक वेबसाइड और फेसबुक पेज तैयार किया है। जिसमें जागेश्वर धाम समेत देश-विदेश के नामी मंदिरों के बारे में तमाम जानकारियां अपलोड की गई हैं ताकि श्रद्धालु आसानी से उनके झांसे में आ जाएं और वह उनसे आसानी से ठगी कर सकें। मामला तब संदेह के घेरे में आया जब इस वेबसाइड पर जागेश्वर धाम का नाम भी देखा गया। जबकि जागेश्वर धाम मंदिर प्रबंधन समिति वह अनुष्ठान

वेबसाइड का स्क्रीन शॉट।



जागेश्वर धाम मंदिर। ● अमृत विचार

कराती ही नहीं है जिनकी जानकारी वेबसाइड के माध्यम से श्रद्धालुओं को दी जा रही है।

वेबसाइट में साइबर गिरोह ने जागेश्वर धाम मंदिर में व्यापार वृद्धि महाकुबेर यज्ञ और श्री लक्ष्मी कुबेर महायज्ञ और रूद्राभिषेक पूजा कराने के दो ऑप्शन दिए हैं। जिनके लिए गिरोह के सदस्यों ने एक व्यक्ति से पूजा के लिए 901, पार्टनर के साथ पूजा के लिए 1101, पूरे परिवार के साथ पूजा के लिए 1501 और वीआईपी पूजा के लिए 13000 हजार रुपये की धनराशि निर्धारित की है। यहां मजे की बात यह है कि जागेश्वर धाम में व्यापार वृद्धि महाकुबेर यज्ञ नाम से कोई अनुष्ठान होता ही नहीं है।

इस मामले के संज्ञान में आने के बाद मंदिर प्रबंधन जहां सकते में है। वहीं मंदिर समिति ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समित के उपाध्यक्ष नवीन भट्ट ने इस मामले की शिकायत एसएसपी देवेंद्र पींचा से की है। जिसके बाद अब अल्मोड़ा पुलिस इस साइबर गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए जांच में जुट गई है। साइबर ठगों ने श्रद्धालुओं को ठगी का शिकार बनाने के लिए प्रोफेशनल तरीके से वेबसाइट और फेसबुक पेज क्रिएट किया है।

रिश्वत लेकर भी नहीं दिया सहायता राशि का चेक

पंतनगर, अमृत विचार : एक युवक ने बहन की शादी में सरकारी सहायता के लिए सहायक समाज कल्याण अधिकारी (एएसडब्ल्यूओ) अजय मिश्रा और उनके सहायक शुभम पर चार हजार रुपये रिश्वत लेकर भी चेक नहीं देने का आरोप लगाया है।

एसएचओ पंतनगर आरएस डांगी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच एसआई प्रकाश विश्वकर्मा को सौंप दी। बीते शनिवार धौराडाम नजीमाबाद निवासी रोहित ने एसएसपी को तहरीर देकर बताया था कि उसने अपनी बहन अन्नू का विवाह सात मई 2021 को किया था। उसने बहन की शादी में वित्तीय सहायता के लिए आवेदन किया था। इसमें औपचारिकताएं पूरी हो चुकी थीं। लेकिन सहायक समाज कल्याण अधिकारी के सहायक शुभम ने उससे कहा कि आप अधिकारी को फाइल प्रोसेसिंग शुल्क चार हजार रुपये देकर अपना चेक ले जाइए। इसके बाद उसने शुभम के मोबाइल पर चार हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब वह चेक लेने पहुंचा तो उसने टाल मटोल करते हुए कहा कि चेक बहन को ही देंगे।

झूठा निकला शिक्षक पर दुष्कर्म का आरोप

हल्द्वानी, अमृत विचार : दुष्कर्म के आरोपी शिक्षक को कोर्ट ने बरी कर दिया है। पीड़िता बयान के अलावा ऐसा कोई साक्ष्य नहीं दिखा सकी, जिससे आरोप सिद्ध होते। गफूर बस्ती बनभूलपुरा निवासी सैफ अली सिद्दीकी पुत्र नसीम अहमद की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता डीके सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में नाबालिग किशोरी ने सैफ पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। उसका कहना था कि वह हाईस्कूल में फेल हो चुकी थी और ट्यूशन पढ़ने के लिए शिक्षक सैफ के पास जाती थी।

हेमकुंड में जमी बर्फ, 25 मई को खुलेंगे कपाट

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध हेमकुंड साहिब में अभी भी 15 फीट तक बर्फ जमी हुई है। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खोले जाएंगे।

सेना मार्ग से बर्फ हटाने का काम 20 अप्रैल से शुरू करेंगी। गोविंदघाट गुरुद्वारे के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि 14 अप्रैल को दो सेवादार हेमकुंड साहिब का निरीक्षण करने गए थे। सोमवार को दोनों लौट आए हैं। पवित्र सरोवर जम गया है। हेमकुंड साहिब से दो किमी पहले अटलाकुडी के पास ग्लेशियर है। इसको काटकर रास्ता बनाया जाना है। अगर मौसम

हेमकुंड साहिब में जमी बर्फ। ● अमृत विचार

- 20 अप्रैल से सेना शुरू करेगी रास्ते से बर्फ हटाने का कार्य

बिगड़ा रहा तो इस बार भी श्रद्धालुओं को हिंमखंडों के बीच से गुजरना पड़ सकता है। गुरुद्वारा हेमकुंड साहिब चमोली जिले में 4632 मीटर (15,200 फीट) की ऊंचाई पर हिमालय पर्वत पर स्थित है। यहां तक केवल ऋषिकेश-बद्रीनाथ राजमार्ग पर गोबिंद घाट से पैदल ही पहुंचा जा सकता है।

दादी के अंतिम संस्कार में गए पोते की डूबने से मौत

टनकपुर/ लोहाघाट, अमृत विचार: दादी के अंतिम संस्कार में गए पोते की रामेश्वर घाट में नहाते समय डूबने से मौत हो गई।

मौत के बाद रेगूडू क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है। सोमवार को लोहाघाट क्षेत्र के रेगूडू खकोड़ा के राइसीन तोक निवासी नरेन्द्र राम की माता देवकी देवी का सोमवार को निधन हो गया था। परिजनों के साथ मृतका का पोता संदीप कुमार (18) पुत्र नरेन्द्र राम भी दादी के अंतिम संस्कार में रामेश्वर घाट गया था। नहाते वक्त संदीप पानी की लहरों के बीच डूब गया। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। अन्य लोगों की सहायता से संदीप को किसी तरह नदी से बाहर निकाला गया। साथ ही सूचना पर बाराकोट चौकी प्रभारी अरविंद कुमार, प्रकाश सिंह और मनोज मौके पर पहुंच गए। चौकी प्रभारी ने बताया कि संदीप को उपचार के लिए उप जिला अस्पताल लोहाघाट लाया गया। जहां डॉ. बीना मेलकानी ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा है।

मोदी, योगी और शाह एनडीए प्रत्याशियों के लिए कर रहे ताबड़तोड़ जनसभाएं, अखिलेश, मायावती ने भी तेज की रैलियां

पहले चरण के लिए प्रचार को 48 घंटे शेष, आरोप-प्रत्यारोपों का होगा जमीनी घमासान

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को मतदान है। राज्य की आठ सीट के लिए होने वाले मतदान में अब मात्र तीन दिन शेष हैं। यानि प्रचार के लिए तो अब दो दिन ही मान कर चलिए। ऐसे में इन चंद घंटों में खासकर एनडीए और इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के बीच पश्चिमी उप्र. में आरोप-प्रत्यारोपों का जमीनी घमासान देखने को मिलेगा।

इस बीच, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी और उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसी हस्तियां एनडीए प्रत्याशियों के प्रचार में ताबतोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। वहीं, देर से ही सही, लेकिन सपा प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और बसपा नेत्री मायावती व राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद भी अब जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। सभी दलों का फिलहाल फोकस पश्चिमी यूपी पर है। भाजपा के सहयोगी दल भी प्रदेश के चुनावी रण में पसीना बहाने में पीछे नहीं रहे। हालांकि, राजनीतिक दलों के नेताओं, आम कार्यकर्ताओं से लेकर आम मतदाताओं को अभी भी सबको प्रदेश के दो लड़कों की जोड़ी की संयुक्त रैली, रोड-शो का इंतजार है। बहरहाल, बुधवार को राहुल और अखिलेश की जोड़ी नजर आने वाली है। सपा-कांग्रेस गठबंधन के मुख्य नेताओं ने आपस में बैठकर पिछले दिनों चुनाव के अगले चरणों की भी रूपरेखा बना ली है। प्रचार के दौरान आप नेता संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी नजर आ सकती है।

दरअसल, दिल्ली का रास्ता तय कराने वाले उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव होगा। पहले चरण की वोटिंग 19 अप्रैल को है। पहले चरण में पश्चिमी यूपी की कुल आठ सीटों पर चुनाव होना है। इसमें बिजनौर, कैराना, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, नगीना, पीलीभीत, रामपुर और सहारनपुर सीट शामिल हैं। जिसमें से कई सीट पर भाजपा और सपा को अंदरूनी कलह से निपटना होगा।

प्रचार को लेकर कुछ और है विपक्ष की राजनीतिक सोच

बहरहाल, चुनाव प्रचार की रेस में एनडीए के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के नेता नि:संदेह देर से शामिल हुए हैं। इसपर भाजपा के स्टार प्रचारकों ने चुटकी भी ली कि, एनडीए की तैयारी देखकर विपक्षी खेमा प्रचार से भी दूर है। वहीं, सूत्र बता रहे हैं कि, उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन में शामिल दल खामोशी से प्रचार की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी रैलियों के बजाय लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं करने पर जोर है। हर चरण के चुनाव में एक-दो ही बड़ी रैलियां करने की योजना पर काम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके पीछे विपक्ष की रणनीति भाजपा में अतिआत्मविश्वास भरकर अपनी चिन्हित कई सीटों से दूर रखना है।

विपक्षी दलों के लिए वित्तीय प्रबंधन भी बड़ी चुनौती

कांग्रेस के एक पुराने नेता का तर्क है कि पिछले कई चुनावों में कांग्रेस ने बड़ी चुनावी रैलियां तो कीं, लेकिन परिणाम लगभग सिफर ही रहा। इस बार कांग्रेस को वित्तीय प्रबंधन की भी चिंता है। वहीं, प्रत्याशी भी खामोशी से चुनाव लड़ना चाहते हैं। यही स्थिति अमूमन अन्य दलों की भी है। क्योंकि क्षेत्र में जो भी उनकी मजबूत बेल्ट हैं, वह नहीं चाहते कि भाजपा की उनमें भी सेंधमारी हो। सूत्रों की मानें तो इंडी गठबंधन में शामिल दलों की रणनीति यह है कि उनके परंपरागत वोटबैंक में अतिरिक्त मतदाताओं को बिना किसी शोर-शराबे के जोड़ने का प्रयास करते हुए जीतने की जुगत भिड़ाई जाए, बाकी 'अंडर करंट' पर निर्भर रहें।

एनडीए को पहले चरण में ही बड़ी चुनौती

लखनऊ : प्रदेश में मिशन 80 लेकर चल रही भाजपा के सामने पहले चरण में ही बड़ी चुनौती है। पहले चरण में रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना लोस. सीट के लिए चुनाव होना है। इन्हीं आठ में से पांच सीटों पर भाजपा 2019 में पराजित हुई थी। हालांकि, पिछले चुनाव में सपा का साथ देने वाला रालोद इस बार राजग के साथी बन चुका है। बहरहाल, ताजा चुनौती कुछ और भी है। कई इलाके में राजपूत समुदाय सत्तारूढ़ दल के खिलाफ महा पंचायतें कर रहा है। इस तरह की महापंचायतें सहारनपुर, मेरठ और गाजियाबाद में हो चुकी हैं। मतदान पर इसका क्या-क्या प्रभाव पड़ेगा यह बड़ा सवाल है?

फर्रुखाबाद में ट्रेन के शौचालय में की आत्महत्या

फर्रुखाबाद, एजेंसी : फर्रुखाबाद रेलवे स्ट्रेशन पर एक पैसेंजर ट्रेन के शौचालय की खिड़की से लटका एक व्यक्ति का शव मिला है जिसके फांसी लगाकर आत्महत्या करने का अनुमान है। पुलिस के अनुसार फर्रुखाबाद जंक्शन पर,पूर्वान्ह करीब 10.25 बजे 01918 पैसेंजर ट्रेन पहुंची। ट्रेन के जनरल कोच संख्या 164057 के शौचालय में पुलिस ने एक 40 वर्षीय यात्री के शव को बरामद किया। शौचालय की बाहरी खुली खिड़की से ,फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले ट्रेन यात्री के फोटो खींचे गए। यात्री की शिनाख्त नहीं हो सकी। जीआरपी पुलिस इंस्पेक्टर भरत सिंह ने बताया कि मृतक अज्ञात रेल यात्री की शिनाख्त के लिए फोटो आदि विभिन्न स्टेशनों को भेजे गए है।

11 हजार छात्रों को आरटीई के तहत मिलेंगी नि:शुल्क पुस्तकें

लखनऊ, अमृत विचार : आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ने वाले कक्षा छह से आठ तक के छात्र-छात्राओं को आरटीई (शिक्षा के अधिकार) के तहत निशुल्क पुस्तकें दी जाएंगी। समाज कल्याण विभाग और बेसिक शिक्षा विभाग में इसको लेकर आपसी सहमित बन गई है।

समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 56 यूपी बोर्ड के विद्यालय हैं। यूपी बोर्ड के विद्यालय में कक्षा छह से आठ तक के लगभग 11 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। आरटीई के तहत इनको पुस्तकें निशुल्क दिए जाने का प्रावधान हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से पुस्तकें नहीं दी जा रही थीं। पुस्तकें न मिलने से छात्र-छात्राओं को परेशानी हो रही थी। उन्होंने बताया कि विभाग के अपर राज्य परियोजना निदेशक से इस संबंध में बात की गई और उनको पूरे मामले की जानकारी दी गई। अपर राज्य परियोजना निदेशक ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें देने को कहा है।

सड़क हादसों में कमी लाएगी चालक के परिवार की फोटो

परिवहन विभाग की अनूठी पहल, डैशबोर्ड पर होगी तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग एक अनूठी पहल करने जा रहा है। इसके तहत वाहन के डैशबोर्ड पर या चालक के सामने उसके परिवार की तस्वीर (फैमिली फोटो) लगाई जाएगी। ताकि गाड़ी चलाते समय चालक अपने परिवार के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा रहे। परिवार सामने रहेगा तो वह रैश ड्राइविंग से भी बचेगा और नशे से भी।

बढ़ते सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए शासन ने यह फैसला किया है। इस तरह का प्रयोग आंध्र प्रदेश में किया गया था। इससे सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी को देखते हुए इस मॉडल को उत्तर प्रदेश में भी लाया जा रहा है। रोडवेज बसें, निजी बसें, मोटर कैब, मैक्सी, टैक्सी कैब सहित सभी वाहनों में लिए यह अनिवार्य किया गया है। इस आशय के आदेश परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्तों, आरटीओ और एआरटीओ को भेज दिए गए हैं। दरअसल, प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए बीते 9 अप्रैल को प्रमुख सचिव परिवहन की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया था। इसमें अपर पुलिस महानिदेशक (सड़क सुरक्षा एवं यातायात) द्वारा बताया गया कि आंध्र प्रदेश में सार्वजनिक वाहनों में चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति भावनात्मक रूप से संवदेनशील बनाया जाए। इसके लिए चालक के परिवार की तस्वीर उसकी सीट के ठीक सामने लगाए जाने की व्यवस्था शुरू हुई। इसके बाद आंध्र प्रदेश में वाहन चालकों ने अतिरिक्त सावधानी बरती और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सिंह ने बताया कि इससे चालकों का इमोशनल जुड़ाव होगा। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों के साथ ही सभी सार्वजनिक और व्यवसायिक यात्री वाहनों में चालक के परिवार की तस्वीर उसकी सीट के सामने लगेगी। इससे वाहन चालक और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएगा।

वर्ष 2023 में मौत का आंकड़ा बढ़ा

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी के अनुसार वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में हुई सड़क दुर्घटना में 22,595 लोगों की मौत हुई थी। वहीं वर्ष 2023 में यह आंकड़ा 23,652 पहुंच गया। वर्ष 2023 में वर्ष 2022 की तुलना में 4 .7 प्रतिशत अधिक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल से 4 मई के बीच शुरू हो रहे सड़क सुरक्षा पखवारा के दौरान अभियान चला इसे लागू कराया जाएगा।

फर्जी प्रमाण पत्र मामले में आजम की याचिका पर सुनवाई 22 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा नेता आज़म खान और उनके परिवार को फिलहाल कोई राहत न देते हुए मामले की सुनवाई आगामी 22 अप्रैल को सुनिश्चित कर दी है। जेल में बंद सपा नेता आज़म खान के बेटे मोहम्मद अब्दुल्ला आजम के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई।उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। सोमवार को हुई सुनवाई में आजम खान के परिवार का पक्ष रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल हाईकोर्ट में प्रस्तुत हुए। उन्होंने अपनी बहस पूरी कर ली है और अगली सुनवाई पर सरकार अपना पक्ष रखेगी। रामपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने दो जन्मतिथि प्रमाण पत्र मामले में आजम खान, उनकी पत्नी और बेटे को सात साल की सजा सुनाई थी, जिसे चुनौती देते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की गई है। रामपुर से भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने वर्ष 2019 में आजम खान के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो जन्म प्रमाण पत्र का मामला दर्ज कराया था।

कब्र में दफन अतीक, राजनीति में जिंदा

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. के दुर्दांत अपराधी, पूर्व सांसद अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या एक साल पूर्व 15 अप्रैल को की गई थी। गली-मोहल्लों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अब चर्चा न के बराबर होती है लेकिन वोट की राजनीति ने उसे जिंदा कर रखा है। मौजूदा लोकसभा चुनाव में अतीक की चर्चा कर मतों का ध्रुवीकरण करने में कोशिश में लगे हैं। भाजपा और सपा दोनों ही दलों के लिए अतीक एक मुद्दा बना हुआ है।

अपराधी अतीक के खिलाफ हुई कार्रवाइयों को भाजपा अपनी सफलताओं में गिना रही है, जबकि सपा उसकी हत्या के मुद्दे को उठाकर मुस्लिमों की सहानुभूति को वोटों में बदलने की फिराक में है। मंगलवार को अतीक की पुण्यतिथि थी। जिस कालिंदीपुरम कब्रिस्तान में अतीत दफन है, उसके बाहर सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मियों का पहरा रहा। दरअसल पुलिस को अनुमान था कि भगोड़ा घोषित अतीक की पत्नी शाइस्ता और जैनब कब्रिस्तान पहुंच सकते हैं। हटवा में रह रहे बेटे आबान व एहजम के भी कब्रिस्तान जाने की संभावना थी। भगोड़ा शाइस्ता और जैनब को लेकर भी पुलिस को आशंका थी कि वह कब्रिस्तान पहुंच सकती हैं, लेकिन वह भी नहीं पहुंची।हालांकि पुण्यतिथि पर किसी भी दल के बड़े नेता ने अतीत की हत्या पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी लेकिन इस लोकसभा चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने हिसाब से गुद्दे को भुना रहे हैं।

अतीक के दोनों बेटों की हिस्ट्रीशीट खुली

अतीक अहमद के दोनों बेटों उमर और अली की प्रयागराज के खुल्दाबाद थाने में मंगलवार को हिस्ट्रीशीट खोल दी गई। उमर का हस्ट्रीशीट नंबर 57 बी और अली अहमद उर्फ अली अतीक का हिस्ट्रीशीट नंबर 48 बी है। अतीक की हिस्ट्रीशीट का नंबर 39 और अशरफ का 93बी था। अतीक अंतरराज्ययीय गैंग आईएस 227 का सरगना था। खुल्दाबाद थाने में ही अतीक और अशरफ की भी हिस्ट्रीशीट खुली थी। अतीक पर 105 मुकदमे दर्ज थे। उमर पर तीन और अली पर 11 मुकदमे दर्ज हैं।

अतीक की 1800 करोड़ की संपत्तियों पर हुई कार्रवाई

उमेश पाल हत्याकांड के बाद पुलिस ने अतीक अहमद और उसके सिंडीकेट को खत्म करने का अभियान चलाया। अतीक, अशरफ, उसके परिवार और आईएस-227 गैंग के सदस्यों की करीब 1800 करोड़ की नामी-बेनामी संपत्तियां कुर्क की गई।

विवाहिता ने दुधमुंही के साथ खुद को आग लगाई, दोनों की मौत

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- घरेलू विवाद के बाद उठाया आत्मघाती कदम

अमृत विचार : गौरा गांव के पास पहाड़ी डेरा निवासी एक विवाहिता ने गृह कलह के चलते अपनी 6 माह की पुत्री के साथ आग लगाकर आत्महत्या कर ली।

थाना मुस्करा के गौरा गांव के पास पहाड़ी डेरा निवासी उत्तम सिंह की पत्नी किरन (22) ने सोमवार को सुबह करीब आठ बजे किसी बात से कहासुनी होने पर बच्ची आराध्या (6 माह) को गोद में लेकर आग लगा ली। जानकारी होते ही परिजन कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौजूद चिकित्सक डॉ मनोलिका ने प्राथमिक इलाज के बाद 80 प्रतिशत जले होने के कारण उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। उरई मेडिकल कॉलेज में ही दोनों का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना की सूचना पर मृतका की मां सुखवाती निवासी गोरहारी थाना चरखारी जनपद महोबा भी परिजनों के साथ मौके पर पहुंच गई। मां सुखवाती ने बताया कि मायके से अभी दो दिन पहले ही आई थी। कहा कि सोमवार को ही नातिन आराध्या का मुंडन संस्कार बेघांय बल्लांय की देवी मंदिर में करने जाना था, लेकिन विधाता को कुछ और ही मंजूर था। उत्तम की शादी चार वर्ष पूर्व जिला महोबा गौहरारी गांव निवासी भगवान सिंह राजपूत की पुत्री किरन के साथ हुई थी। इस मामले में सीओ राठ दिलीप कुमार ने बताया कि परिवारिक विवाद में महिला ने बच्ची के साथ आग लगा ली थी जिसकी इलाज के दौरान उरई मेडिकल में उनकी मौत हो गई। फिलहाल अभी तक पुलिस को कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

नाबालिग से अश्लील हरकत के आरोपी को 5 साल की सजा

विधि संवाददाता, लखनऊ : नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने के आरोपी गणेश को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश श्याम मोहन जायसवाल ने पाँच वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी गुडम्बा थाने के पंचायत पुरवा का रहने वाला है। विशेष अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट 2 फरवरी 2016 को नाबालिग पीड़िता के पिता द्वारा गुडम्बा थाने पर दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट में कहा कि उसकी आठ वर्ष की बेटी को अभियुक्त दस रुपए का लालच देकर बहलाफुसला कर एकांत स्थान पर ले गया तथा उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। कहा कि इस दौरान अभियुक्त की मंशा को भाँपकर पीड़िता शोर मचाने लगी, जिससे अभियुक्त वहाँ से भाग गया।

मुद्रक-प्रकाशक का नाम व पता चुनाव प्रचार सामग्री पर अनिवार्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भारत निर्वाचन आयोग ने जारी किया निर्देश

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम व पता अनिवार्य कर दिया है। विज्ञापन करने वाली एजेंसियों को जवाबदेह बनाने के तहत यह कार्रवाई की गई है। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को इसे सख्ती से लागू कराने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देश के तहत सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम व पता का अनिवार्य रूप से उल्लेख करना होगा। यह कदम चुनाव प्रक्रिया में जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली पैम्फलेट, पोस्टर या बैनर के मुद्रण में मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते के बिना मुद्रित नहीं किया जा सकता।

आयोग ने यह निर्देश उन शिकायतों के बाद जारी किया, जिसमें दावा किया गया था कि नगर निकाय के नियंत्रण वाले होर्डिंग लगाने के स्थानों पर बिना प्रकाशक और मुद्रक की पहचान वाले होर्डिंग लगे हुए हैं। इस निर्देश के साथ आयोग ने अब 'आउटडोर मीडिया' पर प्रकाशित राजनीतिक विज्ञापनों के लिए स्थान किराए पर देने वाले सभी स्थानीय प्रशासन व नगरीय निकायों के लाइसेंसधारियों-ठेकेदारों की जवाबदेही तय कर दी है। सभी नगरीय निकायों व स्थानीय प्रशासन जो कि होर्डिंग्स, पोस्टर, बैनर लगवाने के लिए जिम्मेदार हैं को आयोग के निर्देशों का पालन करना होगा।

वर्ग पहेली-41

बाएं से दाएं

1.1. उत्सव या समारोह के लिए निकलने वाली यात्रा, जनयात्रा, (रैली) 2. लोगों का वह विशाल समूह जो विरोध या उल्लास प्रदर्शित करने के लिए निकलता हो 3. किसी अवसर पर धूमधाम की सवारी 4. किसी मंत्री या राजनेता की शोभायात्रा या नगर-भ्रमण।

3.1. पीड़ा न देना, उत्पीड़ित न करना 2. दया, अनुकंपा।

4. कर्मचारी को किसी अतिरिक्त कार्य के लिए वेतन के अलावा दी जाने वाली रकम

5.1. गाय 2. बैल 2. वृष राशि 3. गाय की शक्ल का शराब का प्याला।

6.1. अच्छा व्यवहार या चालचलन, सादगीपूर्ण बरताव 2. सात्विक व्यवहार, सदाचार 3. उत्तम व्यवहार, सद्व्यवहार।

ऊपर से नीचे

1. छालों से संबंधित

2.1. धातु के बरतनों के टकराने से होने वाला शब्द 2. बच्चे के रुक-रुक कर रोने का शब्द 3. बच्चे का मचलना।

3.1. किसी कार्य की विशेष विधि समझाना, शिक्षा 2. निर्देश, हिदायत 3. संकेत।

4.1. केवल आभास के रूप में होने वाला मिथ्या ज्ञान 2. प्रतीति 3. चमक 4. झलक 5. दिखाई देना।



वर्ग पहेली -40 का हल

1 रु	णि	त	■	2 अ	■	■
ख	■	■	3 सं	■	भि	■
4 स	खा	■	चा	■	भा	■
त	■	5 प	रि	जी	वि	त
■	6 गि	रि	का	■	त	■
■	■	क	■	■	7 बा	■
■	8 धी	र	शां	त	■	पू

सुडोकू -120

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		3				9		
4	8		3				5	7
		9		7		6		
6				1	5		7	
	3						8	
	9		2	3				4
		7				8		3
3	6				8		2	
		1				4		

सुडोकू -119 का हल

5	8	1	2	3	7	4	6	9
4	7	3	9	1	6	8	2	5
6	9	2	5	8	4	7	1	3
8	6	5	4	7	2	9	3	1
9	3	7	6	5	1	2	4	8
1	2	4	8	9	3	6	5	7
7	4	8	3	6	5	1	9	2
2	5	9	1	4	8	3	7	6
3	1	6	7	2	9	5	8	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 13 .23 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 17 अप्रैल 05 .16 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज पुरानी उधारी चुकाने का दबाव रहेगा। मित्रों की छोटी-मोटी बातों को तूल न दें। जीवनसाथी आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। आप अपनी कमियों से सीखने का प्रयास करें। मित्रों के लिए उपहार खरीद सकते हैं।

वृष — आज दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बच्चों के साथ काफी अच्छा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में आपकी स्वाभाविक रुचि और बढ़ेगी। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। धन को लेकर उलझे मामले सुलझ सकते हैं।

मिथुन — आज मार्केटिंग से जुड़े कार्यों में लाभ मिलेगा। प्रेम संबंधों को लेकर मन में कुछ शंका न होने दें। परोपकार के कार्यों में मन लगाएं। आपकी दिनचर्या काफी अस्त-व्यस्त रहेगी। फाइनेंस से जुड़े मामलों में हानि हो सकती है।

कर्क — आज आपको फर्जी फोन कॉल्स से सावधान रहना चाहिए। उच्च स्तरीय शोध कार्यों में आप जुड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ किसी बात पर झगड़ा हो सकता है। कुछ नया सीखने को प्राप्त होगा। सिरदर्द और थकान जैसी स्थिति बन सकती है।

सिंह — आज समाज में अपयश जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को कठिनाई होगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी कर रहे हैं तो बजट का ध्यान अवश्य रखें।

कन्या — आज भाग्य का साथ मिलने से अचानक महत्वपूर्ण मौके मिल सकते हैं। निवेश के मामले में दिन बहुत शुभ है। आप शेयर मार्केट से काफी अच्छा लाभ कमा सकते हैं। छात्र अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। संतान को लेकर समस्या दूर होगी।

तुला — आज आर्थिक मामलों में किसी पर भरोसा न करें। व्यापार में नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आईटी और बैंक से जुड़े लोगों को करियर में अच्छे, नए और उत्तम विकल्प मिल सकते हैं।

वृश्चिक — आज विरोधी पक्ष आपके प्रति परेशानी खड़ी कर सकते हैं। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। संपत्ति से जुड़े मामलों में लापरवाही न करें। आपको परिजनों को लेकर काफी चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सुझाव लेकर काम करना हितकारी होगा।

धनु — आज जोड़ों में दर्द की समस्या हो सकती है। आलस्य में आपको समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। बुरी संगति से दूर रहें। किसी को कर्ज या उधार बिल्कुल भी न दें। जीवनसाथी आपसे कुछ शिकायत कर सकता है। बीमा संबंधित कारोबार से लाभ मिलेगा।

मकर — आज परिवार का खर्च बढ़ सकता है। घर की मरम्मत आदि की योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन थोड़ा तनावपूर्ण हो सकता है। आपके सभी काम शांतिपूर्वक पूर्ण होंगे। छात्र करियर को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे।

कुंभ — आज भावनाओं में आकर ज्यादा खर्च न करें। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है। नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। आपके टीमवर्क की प्रशंसा होगी। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। शाम को परिवार के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

मीन — आज अत्यधिक आदर्शवादी होने से आपको बचना चाहिए। आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ बहसबाजी में न पड़ें। व्यापार को लेकर कुछ चिंतित रहेंगे। टीमवर्क के साथ काम करने से लाभ मिलेगा।

आज की फिल्में

पृथ्वी — सुबह : 08 .35
राम बलराम — दोपहर : 01.05
थानेदार — सुबह : 11.00
चेक — शाम : 06 .00

ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 11.00
वंडर वुमन — रात : 08 .29
हमेशा — सुबह : 10 .20
ऐतराज — रात : 07 .20
दुनिया — सुबह : 11 .18
बद्रीनाथ की दुल्हनियां — रात : 08 .55

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07 .20 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए। शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया-सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	73,399.78	22,272.50
गिरावट	845.12	246.90
प्रतिशत में	1.14	1.10

अमृत विचार
www.amritvichar.com
बरेली, मंगलवार, 16 अप्रैल 2024

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1850, राज श्री 1340, फ़ॉर्चून कि. 1820, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1670, जय जवान 1435, सचिन 1610, सूरज 1460, अवसर 1710, राग गोल्ड 1710, गृहणी 1610, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1580, चक्र टिन 1665, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 1730, स्वास्तिक 1820 । किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल-(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलोg,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7175-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7450, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14300, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16500 । चीनी- डालमियां 4060, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010 (नयी), बहेड़ी 4020 (नयी)।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 995, फ्लैग-1110, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 880

रामपुर : शिवालिक-1000, फ्लैग-1110, डीएमओ-890, बोल्ड-1170

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	85600
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74450
सोना गिन्नी (प्रति नग)	55450-55650
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	74,850
सोना रवा	74,700
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	83,100
चांदी (999)	83,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	75000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74000
सिल्वर (पक्की)	823 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	74,650
चांदी आभूषण	83,000

मार्च में 0.53 प्रतिशत पर पहुंची थोक मुद्रास्फीति

फरवरी में 0.20 प्रतिशत का था आंकड़ा, पिछले वर्ष मार्च में 1.41 प्रतिशत पर थी मुद्रास्फीति

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में सब्जियों, आलू, प्याज और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण थोक मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 0.53 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो फरवरी में 0.20 प्रतिशत थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल से अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी। नवंबर में यह 0.26 प्रतिशत थी। मार्च, 2023 में यह 1.41 प्रतिशत के स्तर पर थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि अखिल भारतीय थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2024 में 0.53 प्रतिशत (अस्थायी) रही। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खाद्य मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 6.88 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 5.42 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई दर 19.52 प्रतिशत रही, मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 2.39 प्रतिशत थी। आलू की मुद्रास्फीति मार्च, 2023 में 25.59 प्रतिशत थी जो मार्च, 2024 में 52.96 प्रतिशत हो गई। प्याज की मुद्रास्फीति 56.99 प्रतिशत रही जो मार्च, 2023 में शून्य से नीचे 36.83 प्रतिशत थी। मार्च, 2024 में खाद्य मुद्रास्फीति भी बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.6 प्रतिशत पर पहुंच गई। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के वरिष्ठ निदेशक सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि मुख्य रूप से अनाज की मुद्रास्फीति से बढ़ी जो 12 महीने के उच्चतम स्तर नौ प्रतिशत पर रही। आम उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण दालें और सब्जियों की मुद्रास्फीति मार्च, 2024 में क्रमशः 17.2 प्रतिशत और 19.5 प्रतिशत रही।

मुख्य मुद्रास्फीति मार्च में शून्य से नीचे 1.1 प्रतिशत रही। आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से इस साल मार्च में कच्चे पेट्रोलियम खंड में मुद्रास्फीति 10.26 प्रतिशत बढ़ गई। मार्च, 2024 में खाद्य वस्तुओं, बिजली, मशीनरी और उपकरण और अन्य विनिर्माण उत्पादों की महंगाई बढ़ने से मुद्रास्फीति की दर शून्य से ऊपर रही। विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में भी 0.85 प्रतिशत की गिरावट आई। इस बीच, मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट के कारण इस साल मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85% पर आ गई।



कोटक महिंद्रा बैंक का सर्वर ठप, ग्राहकों को लेन-देन में दिक्कत

मुंबई। निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक के ग्राहकों ने सोमवार को बैंक के सर्वर में समस्या के कारण लेन-देन में दिक्कत आने के बारे में जानकारी दी।

बैंक के ग्राहकों को सुबह यूपीआई भुगतान, पैसे निकालने और ऑनलाइन बैंकिंग जैसे लेनदेन को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने इन मुद्दों को सोशल मीडिया पर उठाया। कोटक महिंद्रा बैंक ने रात 8.45 बजे सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उसके ग्राहकों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उसकी टीम इस मुद्दे को तेजी से हल करने के लिए काम कर रही है। बैंक ने कहा हमें यह बताते हुए खेद है कि हमारे तकनीकी सर्वर में वर्तमान में कुछ समस्याएं आई हैं। हालांकि, सामान्य रूप से काम करने में लगने वाले समय के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई।

बुजुर्गों से सावधि जमा के ब्याज पर कर के रूप में सरकार ने कमाए 27,000 करोड़

मुंबई, एजेंसी

सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में सावधि जमा पर कमाए गए ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27,000 करोड़ रुपये से अधिक कर इकट्ठा किया है। देश के सबसे बड़े ऋणदाता एसबीआई के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट कहती है कि पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में 143 प्रतिशत बढ़कर 34 लाख करोड़ रुपये हो गई जबकि पांच साल पहले यह 14 लाख करोड़ रुपये थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, सावधि जमाओं पर अधिक ब्याज दर होने से वरिष्ठ नागरिकों के बीच यह जमा योजना काफी लोकप्रिय हुई है। इस अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है। एसबीआई शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इनमें से 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि जमा है।

इन जमाओं पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलने के अनुमान को ध्यान में रखें तो वरिष्ठ नागरिकों ने सिर्फ ब्याज के रूप में ही पिछले वित्त वर्ष में 2.7 लाख करोड़ रुपये कमाए हैं। रिपोर्ट कहती है कि इसमें बैंक जमा से 2.57 लाख करोड़ रुपये और शेष राशि वरिष्ठ नागरिक बचत योजना की है। वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भुगतान किए गए 10 प्रतिशत (औसत) कर को सभी वर्गों के बीच सुसंगत मानते हुए, भारत सरकार द्वारा कर संग्रहण लगभग 27,106 करोड़ रुपये होगा।

ओला इलेक्ट्रिक ने स्कूटर की कीमतों में की 10 हजार की कटौती

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को अपने प्रवेश-स्तर के मॉडल एस1 एक्स के सभी संस्करणों की कीमतों में 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की कटौती कर दी। कीमतों में इस कटौती के साथ ही ओला का यह इलेक्ट्रिक स्कूटर अब परंपरागत स्कूटर मॉडलों के आसपास पहुंच गया है।

ओला ने एस1 एक्स मॉडल को इस साल फरवरी में 79,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया था। इसके सबसे उन्नत संस्करण की कीमत 1,09,999 रुपये रखी गई थी। ओला इलेक्ट्रिक के मुख्य विपणन अधिकारी अंशुल खंडेलवाल ने अपने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि इस प्रवेश-स्तर के स्कूटर की कीमतें तत्काल प्रभाव से कम कर दी गई हैं और अगले सप्ताह से इनकी आपूर्ति भी शुरू हो जाएगी। कटौती की घोषणा के बाद इस मॉडल के शुरुआती संस्करण की कीमत 69,999 रुपये हो गई है जबकि सबसे उन्नत संस्करण की कीमत अब 99,999 रुपये होगी। खंडेलवाल ने कहा हमें लगता है कि भारत को और भी बहुत कुछ चाहिए।

पैसा वसूलने को रोज वैली ग्रुप की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) रोज वैली ग्रुप द्वारा अवैध योजनाओं के माध्यम से लोगों से जुटाए गए धन की वसूली के लिए समूह की कंपनियों की 22 संपत्तियों की नीलामी करेगा। 20 मई को होने वाली इस नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है।

सेबी ने सोमवार को एक नोटिस में कहा कि जिन संपत्तियों की नीलामी की जाएगी उनमें पश्चिम बंगाल में स्थित फ्लैट और कार्यालय स्थल शामिल हैं। ई-नीलामी 20 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच आयोजित की जाएगी। इन संपत्तियों का कुल आरक्षित मूल्य 8.6 करोड़ रुपये रखा गया है। समिति परिसंपत्तियों की बिक्री की निगरानी करेगी और धन का उपयोग निवेशकों को भुगतान करने के लिए किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मई, 2015 में पारित एक आदेश के बाद समिति का गठन किया गया था। नोटिस के अनुसार, बोली लगाने वालों को बोली जमा करने से पहले नीलामी में रखी गई संपत्तियों की देनदारी, कानूनी विवाद, कुर्की और देनदारियों के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर लेनी चाहिए। नियामक ने जून, 2022 में निवेशकों के कुल 5,000 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया की वसूली के लिए रोज वैली होटल्स एंड एंटरटेनमेंट लि. और उसके तत्कालीन निदेशकों के बैंक खातों के साथ-साथ शेयर तथा म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को कुर्क करने का आदेश दिया था।

एक नजर

भाजपा नेता की शिकायत पर कमलनाथ के घर आई पुलिस, सहायक से पूछताछ

छिंदवाड़ा (मप्र)। मध्य पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार विवेक बंटी साहू की शिकायत पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के छिंदवाड़ा स्थित घर में उनके एक सहयोगी से पूछताछ की है। कोतवाली थाने के निरीक्षक उमेश गोल्हानी ने बताया कि साहू ने शिकायत की है कि कमलनाथ के सहयोगी आर के मिगलानी ने उनका एक आपत्तिजनक वीडियो प्रसारित किया था। गोल्हानी ने कहा कि हमने पूछताछ की। साहू की शिकायत को पूरी तरह से झूठ बताते हुए मिगलानी ने कहा कि मुझसे पुलिस ने पूछताछ नहीं की।

पवन पर पार्टी नेता की टिप्पणी के खिलाफ चंडीगढ़ में कई नेताओं ने दिया इस्तीफा

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में महिला कांग्रेस प्रमुख सहित पार्टी के कई नेताओं ने पार्टी की चंडीगढ़ इकाई के अध्यक्ष एच.एस. लकी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री पवन कुमार बंसल के कथित अपमान को लेकर अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा देने वालों को बंसल का करीबी माना जाता है। यह कदम उस दिन उठाया गया जब चंडीगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार मनीष तिवारी ने यहां पार्टी कार्यालय का दौरा किया। तिवारी और बंसल चंडीगढ़ लोकसभा सीट से उम्मीदवारी के दावेदार थे। पार्टी ने हालांकि बंसल की जगह तिवारी को चुना। चंडीगढ़ महिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाली दीपा दुबे ने इकाई प्रमुख लकी पर बंसल का अपमान करने का आरोप लगाया। दुबे ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट डालकर लकी पर बंसल का अपमान करने का आरोप लगाया।

दिव्यांगों के लिए चार फीसदी आरक्षण संबंधी याचिका पर केंद्र, राज्यों को नोटिस

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस जनहित याचिका पर केंद्र, राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों और सभी उच्च न्यायालयों से जवाब मांगा जिसमें 2016 के एक कानून के तहत दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए जिला न्यायपालिका की न्यायिक नियुक्तियों में चार प्रतिशत आरक्षण सहित अन्य राहत देने की मांग की गई है। जनहित याचिका में दिव्यांगों के अधिकारों से संबंधित कानून के अनुसार न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के लिए मौजूदा न्यायिक सेवा के नियमों को ठीक करने के लिए केंद्र और अन्य को निर्देश देने की मांग की गई है। प्रधान न्याधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका दायर करने वाले दो याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख की दलीलों पर गौर किया।

हुसैन की याचिका पर ईडी से मांगी दलील

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को ईडी से उस तर्क में लिखित दलील देने को कहा, जिसमें एजेंसी ने दावा किया है कि 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के संबंध में हुसैन के खिलाफ धन शोधन मामले को रद करने के अनुरोध वाली पूर्व आप नेता की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने ईडी के वकील द्वारा पूर्व पार्षद हुसैन की याचिका की पोषणीयता पर सवाल खड़ा करने के बाद यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने अगली सुनवाई सितंबर के लिए सूचीबद्ध की और हुसैन के वकील को ईडी के जवाब पर प्रत्युत्तर दाखिल करने की छूट दी।

17 तक बढ़ी पूर्व मंत्री सेंथिल की हिरासत

चेन्नई। सत्र अदालत ने सोमवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। उन्हें ईडी ने धनशोधन के मामले में जून 2023 में गिरफ्तार किया था। केंद्रीय पुझल कारागार में बंद द्रमुक नेता बालाजी को अभियोजन पक्ष ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अली की अदालत के समक्ष पेश किया, जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ा दी।

राष्ट्रीय

10 वर्ष का काम ट्रेलर है, पिक्चर अभी बाकी है : मोदी

राजग सरकार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री बोले- अभी बहुत कुछ किया जाना है बाकी

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के वास्ते भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत गठबंधन के लिए केरल से समर्थन जुटाने की कवायद में सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पिछले दशक में जो काम हुआ है वह महज एक ट्रेलर है और इस दक्षिण राज्य तथा देश की प्रगति के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।

नजदीकी कुन्नामकुलम में राजग द्वारा आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा जो अभी लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के वास्ते केरल में हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता पर उत्तर प्रदेश में अपने परिवार की सीट न बचा पाने और करुवन्नूर बैंक घोटाले पर चुप रहने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहापिछले 10 वर्ष में जो हुआ है वह महज ट्रेलर है क्योंकि केरल तथा भारत के लिए और बहुत कुछ किया जाना बाकी है। यह केरल में प्रगति का साल होगा। उन्होंने भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किए गए विभिन्न वादों तथा विकास कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए इसे मोदी की गारंटी बताया, जिसे रविवार को जारी किया गया था।

तिरुनेलवेली जिले के अंबासमुद्रम में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अंदाज में स्वीकार किया समर्थकों का अभिवादन। ● एजेंसी

राहुल गांधी का नाम लिए बगैर मोदी ने अमेठी लोकसभा क्षेत्र के संदर्भ में कहा कि कांग्रेस के युवराज उत्तर प्रदेश में अपनी सीट सुरक्षित कर परिवार के गौरव की रक्षा करने में नाकाम रहे और वोट मांगने केरल में आए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता केरल के लोगों से वोट मांगेंगे लेकिन उनके हितों में अपनी आवाज नहीं उठाएंगे। वह राज्य की सत्तारूढ़ माकपा द्वारा नियंत्रित करुवन्नूर सहकारी बैंक में करोड़ों रुपये के घोटाले पर चुप हैं। उन्होंने प्रतिबंधित पीएफआई की राजनीतिक शाखा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया द्वारा लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस को दिए समर्थन को लेकर भी पार्टी की आलोचना की। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और एसडीपीआई के बीच 'साठगांठ' है, जो कि राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के लिए भारत में एक प्रतिबंधित संगठन की राजनीतिक इकाई है। उन्होंने माकपा नीत सरकार पर करुवन्नूर सहकारी बैंक घोटाला करने का मुद्दा उठाया और वाम दल पर गरीबों का पैसा लूटने का आरोप लगाया।

मणिपुर में शांति स्थापित करना केंद्र की प्राथमिकता : शाह

इम्फाल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार की प्राथमिकता जातीय संघर्ष प्रभावित मणिपुर में शांति स्थापित करना है। शाह ने इम्फाल में एक जनसभा में कहा कि यह लोकसभा चुनाव मणिपुर को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों और इसे एकजुट रखने वालों के बीच है। शाह ने कहा कि सभी समुदायों को साथ लेकर और राज्य को तोड़े बिना मणिपुर में शांति स्थापित करना नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। पिछले साल तीन मई को मणिपुर में जातीय झड़प शुरू होने के बाद कम से कम 219 लोग मारे गए थे, जब मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था।

किसी के नाम से पहचाना जाना, पहचान के अधिकार का मूल आधार है: हाईकोर्ट

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी के नाम से या माता-पिता की संतान के रूप में पहचाना जाना किसी भी व्यक्ति की पहचान का मूल आधार है। अदालत की यह टिप्पणी याचिकाकर्ता की 10वीं और 12वीं की सीबीएसई की अंकतालिकाओं में पिता का नाम बदलने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करते हुए आई।

अदालत ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के प्रमाणपत्रों में उल्लिखित नाम वास्तव में याचिकाकर्ता के पिता का नहीं था और उसने पंजीकरण के समय अपने चाचा का नाम अंकित किया था क्योंकि उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी। हालांकि विभिन्न सार्वजनिक दस्तावेजों में याचिकाकर्ता के पिता के नाम की वर्तनी में कुछ विसंगतियां थीं और अदालत ने कहा कि नाम पहचान से जुड़ा होता है और ऐसे मामलों में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाए। न्यायमूर्ति सी हरिशंकर ने हाल के एक आदेश में कहा था, ऐसे मामलों में यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना होगा और प्रमुख विचार को ध्यान में रखना होगा कि नाम पहचान से जुड़ा है और किसी के नाम से, साथ ही माता-पिता की बेटी या बेटे के रूप में भी पहचाने जाने का अधिकार एक व्यक्ति के रूप में उसकी पहचान का मूल आधार है।

भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं : राहुल

केरल के वायनाड में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनाव प्रचार रोड शो करते राहुल गांधी। ● एजेंसी

उधगमंडलम (तमिलनाडु), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनावी घोषणापत्र में गरीबों के लिए कुछ नहीं है लेकिन बातें 2036 का ओलंपिक आयोजित कराने की हो रही हैं।

राहुल ने नीलगिरी जिले में अपने दौरे के दौरान केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के अपने एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। केरल के वायनाड के लिए प्रस्थान करने से पहले यहां थलूर में कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ बातचीत के दौरान राहुल ने पूछा, गरीबों के लिए भाजपा की क्या नीति है? कांग्रेस के घोषणापत्र में युवाओं और महिलाओं सहित सभी लोगों के लिए नीतियां हैं लेकिन भाजपा का चुनावी घोषणापत्र 2036 में ओलंपिक कराने की बातें करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को भाजपा का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें 'विकसित भारत' के उनके दृष्टिकोण को रेखांकित किया गया है।

ईडी के सामने आत्मसमर्पण कर दें खानः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान को राहत देने से इनकार कर दिया, जिन्होंने दिल्ली वक्फ की भर्ती में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन मामले में उनकी अग्रिम जमानत खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने खान को 18 अप्रैल, 2024 को सुबह 11 बजे ईडी के सामने पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने निर्देश दिया कि एक बार यह शर्त पूरी हो जाने पर, वारंट जारी करने का आवेदन वापस ले लिया जाएगा।

एजी को टी राजा, नितेश राणे के नफरत भरे भाषण की जांच करने का आदेश

मुंबई। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार के राज्य महाधिवक्ता से कहा कि वह जनवरी में मीरा रोड पर हिंसा के दौरान विधायक नीतीश राणे, गीता जैन और विधायक टी राजा द्वारा दिए गए कथित नफरत भरे भाषणों की जांच करें और यह निर्धारित करें कि क्या उनके खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ मीरा रोड की एक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें भाजपा विधायकों नितेश राणे, गीता जैन (महाराष्ट्र) और टी राजा (तेलंगाना) के खिलाफ कथित रूप से नफरत भरे भाषण देने और हिंसा भड़काने के लिए कार्रवाई की मांग की गई थी, जो जनवरी में नया नगर, मीरा रोड में भड़की थी। पिछले सप्ताह सुनवाई के दौरान, पीठ ने मुंबई और मीरा-भयंदर के पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिया था कि वे नफरत भरे भाषणों की रिकॉर्डिंग और प्रतिलिपि की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करें और अदालत को सूचित करें कि क्या पुलिस द्वारा ही प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि इस पर गौर करने की आवश्यकता है।

अगर दंगा भड़का तो भूख हड़ताल कर दूंगी : ममता

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाली केंद्रीय एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और भगवा ब्रिगेड का पक्ष लेने के लिए चुनाव आयोग (ईसीआई) की आलोचना की। बनर्जी ने राज्य में एक भी दंगा होने पर चुनाव आयोग के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी।

● **मुख्यमंत्री बोलीं किसानों के लिए 26 दिन कर सकती हूं उपवास तो 55 दिनों तक ईसीआई कार्यालय पर भी करूंगी भूख हड़ताल**

उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार को संबोधित करते हुए, उन्होंने जरूरत पड़ने पर 55 दिनों के लिए ईसीआई कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल करने की धमकी दी। बनर्जी ने दोहराया कि अगर मैं किसानों के लिए (सिंगूर में) 26 दिनों तक उपवास कर सकती हूं, तो मैं ईसीआई कार्यालय के बाहर 55 दिनों तक भूख हड़ताल भी कर सकती हूं। उन्होंने भाजपा नेताओं पर कथित तौर पर विपक्ष को जेल में डालने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज भी, सिर्फ भाजपा के निर्देश पर मुर्शिदाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक को बदल दिया गया। अब, अगर मुर्शिदाबाद और मालदा में दंगे होते हैं, तो जिम्मेदारी चुनाव आयोग की होगी।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	06	284
संजू सैमसन (राजस्थान)	06	264

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	06	11
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

खेल डायरी

माइकोलास ने चक्का फेंक में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया

रेमोना (अमेरिका)। लिथुआनिया के माइकोलास एलेकना ने ओकलाहोमा थ्रो सीरीज प्रतियोगिता में चक्का फेंक में 1986 में बना विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। इक्कीस साल के माइकोलास ने रविवार को चक्के को 243 फीट 11 इंच (74.35 मीटर) की दूरी तक फेंका और छह जून 1986 को बनाए जर्मनी के जुर्गेन शुल्ट के 243 फीट (74.08 मीटर) के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। माइकोलास के थ्रो को शुरू में 244 फीट एक इंच (74.41 मीटर) मापा गया था, लेकिन विश्व एथलेटिक्स के अनुसार बाद में इसे संशोधित किया गया।

जेहान ने फार्मूला ई में पहला अंक जुटाया

मिसानो (इटली)। भारत के जेहान दारूवाला ने पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिक रेसिंग सीरीज फार्मूला ई में अपने पहले सत्र में खराब शुरुआत के बाद पहले अंक जुटाए। फार्मूला टू में चार सत्र बिताने के बाद फार्मूला ई से जुड़ने वाले जेहान ने मासेराती एमएसजी रेसिंग की ओर से प्रतिस्पर्धा करते हुए रविवार को यहां मिसानो ई-प्री की दूसरी रेस में नौवें स्थान पर रहते हुए दो अंक हासिल किए। उन्होंने रेस की शुरुआत 21वें स्थान से की थी। फिया विश्व चैंपियनशिप का दर्जा रखने वाली इस सीरीज में इससे पहले जेहान की शुरुआत खराब रही थी। अब तक उन्होंने जिन रेस में हिस्सा लिया, उनमें से दो को पूरा नहीं कर पाए।

बैंगनी रंग का होगा ओलंपिक का एथलेटिक ट्रैक

पेरिस। एथलीट इस साल पेरिस ओलंपिक खेलों में जब नए रिकॉर्ड बनाने की कोशिश करेंगे तो दर्शकों को बैंगनी रंग का एथलेटिक ट्रैक देखने को मिलेगा। पारंपरिक ईंट जैसे लाल रंग से हटकर पहली बार ओलंपिक ट्रैक इस बार बैंगनी रंग का होगा। 'वल्केनाइज्ड रबर ट्रैक' (रासायनिक प्रक्रिया से तैयार होने वाला बेहतर कृत्रिम रबर) के टुकड़ों का उत्पादन उत्तरी इटली की एक फैक्ट्री में किया गया है और कर्मचारी उन्हें ट्रैक स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले राष्ट्रीय स्टेडियम 'स्टेड डी फ्रांस' में बिछा रहे हैं।

विदित गुजराती ने फिर नाकामूरा को हराया

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने पिछले मैच में शिकस्त के बाद जोरदार वापसी करते हुए रविवार को यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के दूसरे वरीय हिकारू नाकामूरा को हरा दिया। डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा के बीच ऑल इंडियन मुकाबला ड्रॉ रहा जबकि किसी अन्य बाजी का भी नतीजा नहीं निकला। रूस के इयान नेपोमनियाची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के साथ अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव ने अमेरिका के फाबियानो करूआना को बराबरी पर रोका। साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में अब पांच दौर का खेला बाकी है।

भाटिया संयुक्त 35वें, थीगाला संयुक्त 45वें स्थान पर

अगस्ता। भारतीय-अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया और सहिथ थीगाला रविवार को यहां अगस्ता नेशनल गोल्फ टूर्नामेंट में क्रमश: संयुक्त 35वें और संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। स्कॉटी शेफलर ने चार शॉट के अंतर से तीन साल में अपना दूसरा अगस्ता मास्टर्स खिताब जीता। मास्टर्स टूर्नामेंट में पदार्पण कर रहे भाटिया ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया जबकि दूसरी बार मास्टर्स टूर्नामेंट में खेल रहे थीगाला अंतिम दौर में तीन ओवर 75 का स्कोर ही बना सके। थीगाला पिछले साल शीर्ष 10 में रहे थे। शेफलर ने अंतिम दिन 68 के स्कोर से कुल 11 अंडर के स्कोर से चार शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।

इंडियन प्रीमियर लीग में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं। वहीं उनसे ऊपर केवल क्रिस गेल हैं। इसके साथ ही वह आईपीएल में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों में पहले स्थान पर हैं। उनके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और चेन्नई सुपरकिंग्स के एमएस धोनी का नंबर आता है। वहीं विदेशी खिलाड़ियों में एबी डिविलियर्स टॉप-5 में मौजूद हैं।

357



272

251



248

245

मैच में चैलेंज बनी रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

हैदराबाद ने 25 रनों से हराया, हेड के शतक और क्लासेन के अर्धशतक के दम पर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया



ट्रेविस हेड

बेंगलुरु, एजेंसी

ट्रेविस हेड 102 रन की तूफानी शतकीय और हेनरिक क्लासेन 67 रन की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 30वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 25 रनों से हरा दिया है। छह मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की यह चौथी जीत है।

288 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले पहले विकेट के लिये 80 रन जोड़े। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विराट कोहली को बोल्ड कर दिया। कोहली ने छह चौके और दो छक्के लगाते हुए 42 रन बनाये। उसके बाद विल जैक्स सात रन बनाकर रनआउट हो गये। कप्तान फाफ डुप्लेसी ने सात चौके और चार छक्के लगाते हुए 62 रन बनाये। उन्हें पैट कमिंस ने आउट किया। रजत पाटीदार नौ रन बनाकर आउट हुये। सौरव चौहान बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये।

एक समय 122 के स्कोर पर पांच विकेट गंवाकर संकट में फंसी टीम को दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर की पारी ने संभाला। महिपाल लोमरोर 19 रन बनाकर आउट हुये। मार्कंडेय ने कार्तिक की शानदार पारी का अंत किया। कार्तिक गुड लेंथ गेंद को ऑफ स्टंप के बाहर कवर के ऊपर से खेलने के प्रयास में बल्ले का बाहरी किनारा लगा और कीपर क्लासेन ने कैच पकड़ लिया। कार्तिक के आउट होते के साथ आरसीबी की जीत उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। कार्तिक ने पांच चौके और सात छक्के लगाते हुए 83 रन बनाये। अनुज रावत 25 रन और विजय कुमार वैशाख एक रन बनाकर नाबाद रहे। आरसीबी 20 ओवर में सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला हार गई। हैदराबाद की ओर से पैट कमिंस को तीन विकेट मिले और मयंक मार्कंडेय ने दो विकेट लिये।

सोमवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 108 रनों की साझेदारी की। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिये। रीस टॉप्ली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

2024 में इंडियन प्रीमियर लीग में बड़े स्कोर

टीम	स्कोर	विपक्षी
हैदराबाद	287/3	बेंगलुरु
हैदराबाद	277/3	मुंबई
कोलकाता	272/7	दिल्ली
बेंगलुरु	262/7	हैदराबाद
मुंबई	246/5	हैदराबाद
मुंबई	234/5	दिल्ली

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रनरेट
राजस्थान	6	5	1	10	+0.767
कोलकाता	5	4	1	8	+1.688
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

हैदराबाद 287/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 15

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अभिषेक शर्मा का फर्ग्युसन बो टॉपली	34	22	2/2
ट्रेविस हेड का डु प्लेसी बो फर्ग्युसन	102	41	9/8
हेनरिच क्लासेन का विशाख बो फर्ग्युसन	67	31	2/7
एडेन मार्करम नाबाद	32	17	2/2
अब्दुल समद नाबाद	37	10	4/3

गेंदबाजी : जैक्स 3-0-32-0, टॉपली 4-0-68-1, दयाल 4-0-51-0, फर्ग्युसन 4-0-52-2, विशाक 4-0-64-0, लोमरोर 1-0-18-0

बेंगलुरु 262/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 14

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली बो मार्कंडेय	42	20	6/2
फाफ डु प्लेसी का क्लासेन बो कमिंस	62	28	7/4
विल जैक्स रन आउट	07	04	1/0
रजत पाटीदार का रेड्डी बो मार्कंडेय	09	05	0/1
सौरव चौहान पगबाधा बो कमिंस	00	01	0/0
दिनेश कार्तिक का क्लासेन बो नटराजन	83	35	5/7
महिपाल लोमरोर बो कमिंस	19	11	0/2
अनुज रावत नाबाद	25	14	5/0
विजयकुमार विशाख नाबाद	01	02	0/0

गेंदबाजी : शर्मा 1-0-10-0, भुवनेश्वर 4-0-60-0, शाहबाज 1-0-18-0, नटराजन 4-0-47-1, कमिंस 4-0-43-3, मार्कंडेय 4-0-46-2, उनादकट 2-0-37-0

ऑस्ट्रेलिया के इनकार पर कुछ नहीं कर सकते : राशिद

नयी दिल्ली, एजेंसी

अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट उनके देशवासियों को खुशी के पल मुहैया कराता है लेकिन अगर कोई देश उनके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने से इनकार कर दे तो कुछ नहीं किया जा सकता। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद तर्क देते हुए कहा कि ऐसा करने से उनके देशवासी खुशी से महरूम हो गये।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तालिबान शासित देश में महिलाओं के साथ व्यवहार में गिरावट के चलते 2023 में अपने ही देश में अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे श्रृंखला रद्द कर दी थी और इस साल के अंत में संयुक्त अरब अमीरात में होने वाली टी20 श्रृंखला में खेलने से भी इनकार कर दिया। राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों का 'बिग बैश लीग' में खेलना जारी है।

अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचना चाहेगी केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग में यहां जब दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से भिड़ेगी तो उसके बल्लेबाजों के सामने ईडन गार्डन्स पर सुनील नरेन की गेंदबाजी का जवाब ढूंढने की चुनौती होगी। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नरेन ने 2012 और 2014 में पूर्व कप्तान गौतम गंभीर के नेतृत्व में केकेआर की दो खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

वर्ष 2012 में नाइट राइडर्स का हिस्सा बनने के बाद से नरेन ने ईडन गार्डन्स पर अपनी गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है। मेंटर के रूप में टीम में गंभीर की वापसी के बाद नरेन ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को खिताब के दावेदारों में शामिल कर दिया है। तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच होने वाले इस मुकाबले में अगर केकेआर जीत दर्ज करती है तो 10 टीम की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच जाएगी। रविवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ केकेआर की आठ विकेट की जीत में फिल सॉल्ट को नाबाद तूफानी अर्धशतक जड़ने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। लेकिन वह नरेन थे, जिनकी किफायती गेंदबाजी के सामने लखनऊ की टीम सात विकेट पर 161 रन ही बना सकी।

मौजूदा सत्र में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले रॉयल्स के संजू सैमसन, रियान पराग और शिमरोन हेटमायर जैसे बल्लेबाजों को हालांकि नरेन की चुनौती का हल ढूंढना होगा। यह देखना होगा कि जोस बटलर इस मुकाबले के लिए फिट हैं या नहीं। वह पंजाब किंग्स के खिलाफ रॉयल्स के पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। मौजूदा सत्र में नरेन बल्ले से भी काफी अच्छी फॉर्म में हैं और उन्होंने 183.51 के स्ट्राइक रेट से 33 से अधिक की औसत से रन बनाए हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी मिशेल स्टार्क ने भी सुपरजाइंट्स के खिलाफ पिछले मैच में लय हासिल करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट चटकाए थे। इस मैच में मुख्य मुकाबला केकेआर की गेंदबाजी और रॉयल्स की बल्लेबाजी के बीच होगा।

कोलकाता नाइट राइडर्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नरेन, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकिब हुसैन और मुजीब उर रहमान। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, आवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नांद्रे बर्गर, तनुष कोटियन और केशव महाराज। **समय :** मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

'हाइब्रिड पिच' पर खेले जायेंगे आईपीएल के मैच

धर्मशाला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ का खूबसूरत स्टेडियम बीसीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त पहला स्टेडियम होगा जिसमें अत्याधुनिक 'हाइब्रिड पिच' बिछाई गई है जहां इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के दो मैच होंगे। एचपीसीए के एक अधिकारी ने कहा, 'हाइब्रिड पिच बिछा दी गई है और आईपीएल के दो मैच खेले जायेंगे।'

नीदरलैंड की 'एसआईएस ग्रास' कंपनी को इसका जिम्मा दिया गया है। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार यह पिच अधिक टिकाऊ, स्थिर और हाई परफॉर्मिंग होगी। एचपीसीए अध्यक्ष आर पी सिंह ने कहा,'' भारत में हाइब्रिड पिच तकनीक का आगमन क्रिकेट के लिये बहुत महत्वपूर्ण पल है।' इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और एसआईएस के अंतरराष्ट्रीय निदेशक पॉल टेलर ने कहा, 'भारत में हमारे डिलिवरी साझेदार पिच विशेषज्ञ ग्रेटर टेन के साथ मिलकर एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं के जरिये भारतीय क्रिकेट के इकोसिस्टम में निवेश करने को लेकर प्रतिबद्ध है।'' हाइब्रिड पिच में मैदान के भीतर की कुदरती टर्फ के साथ कुछ प्रतिशत पोलीमर फाइबर होता है। इससे पिच टिकाऊ रहती है और समान उछाल भी मिलता है।

बॉलीवुड हलचल

भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना हंसी के खजाना रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा का गाना ''हंसी के खजाना'' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और गायिका ममता राउत का शिक्षा से भरपूर गीत ''हंसी के खजाना'' यूट्यूब पर आ गया है। इस गाने में अक्षरा सिंह की अदाकारी और ममता राउत की आवाज है।यह गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसके वीडियो में दिख रहा है कि अक्षरा लाल साड़ी पहने, आँखों पर सिंपल चश्मा और मांग में सिंदूर लगाये हुए अध्यापिका के गेटअप में स्कूल में बच्चों को पढ़ा रही हैं। उनका पढ़ाने का अंदाज एकदम निराला है। वह इस वीडियो में बच्चों को प्रेरणा स्रोत एवं शिक्षा पूर्ण गाना सुनाकर पढ़ा रही हैं और प्रेरणा दे रही हैं। इस गाने को फणीन्द्र राव ने लिखा है और संगीतकार ओम झा हैं। इस गाने में अक्षरा सिंह बच्चों को पढ़ाते हुए कह रही हैं कि...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... त बच्चा लोग के के सुनी...हंसी के खजाना लेके आइल बानी, तोहनी के पसंन के सुनाईब हम कहानी... खोलिके तू कान से सुनि ला धियान से, ना होई परेशानी... हंसी के खजाना लेके आइल बानी...। गौरतलब है कि ''हंसी के खजाना'' गाना फिल्म ''अक्षरा'' का है। वर्ल्डवाइड चैनल और सबरंग फिल्म प्रोडक्शंस प्रस्तुत फिल्म ''अक्षरा'' के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव, रत्नाकर कुमार हैं। निर्देशक देव पांडेय हैं। लेखक राकेश त्रिपाठी हैं।

फिल्म के लिए मिल रही तारीफ से भावुक हुईं परिणीति चोपड़ा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से भावुक हो गयी हैं। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ''अमर सिंह चमकीला'' पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' के लिये मिल रही तारीफ से परिणीति चोपड़ा भावुक हो गयी हैं। परिणीति चोपड़ा ने भावुक होकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में परिणीति चोपड़ा ने ''अमर सिंह चमकीला'' के सेट की बीटीएस फोटो शेयर कर कैप्शन लिखकर बताया है कि उनके आंसू नहीं थम रहे हैं। परिणीति चोपड़ा फोटोज में इम्तियाज अली और दिलजीत दोसांझ के साथ पोज करतीं और मस्ती करती नजर आ रही हैं। परिणीति ने फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, कंबल में लिपटी हूं और आपके शब्दों, कॉल और फिल्म रिव्यूज से अभिभूत हूं (मेरे आंसू नहीं रुक रहे हैं) परिणीति इज बैक, यह शब्द तेजी से गूंज रहे हैं। ऐसा नहीं सोचा था, हां मैं वापस आ गई हूं और कही नहीं जाने वाली हूं।

श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने का गाना तू मिल गया रिलीज



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' का गाना 'तू मिल गया' रिलीज हो गया है। टी-सीरीज़ फिल्म्स और चॉक एन चीज़ फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म 'श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने' में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म इस साल अक्षय तृतीया के शुभ अवसर 10 मई को रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का गाना 'तू मिल गया' हो गया है। तनिष्क बागची द्वारा रचित यह गाना राजकुमार राव और अलाया एफ पर फिल्माया गया है। जुबिन नौटियाल और तुलसी कुमार द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गाने को श्लोक लाल ने लिखा है। फिल्म ''श्रीकांत - आ रहा है सबकी आंखें खोलने'' उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिन्होंने अपनी दृश्यहीनता को अपने सपनों पर हावी नहीं होने दिया और बोलेंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म 'श्रीकांत' में राजकुमार राव के अलावा अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर की भी अहम भूमिका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

75 साल के चुनावी इतिहास में ईसी की सबसे बड़ी कार्रवाई

लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का एलान हो चुका है। सभी पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। चुनाव आते ही पार्टी और प्रत्याशी धनबल का इस्तेमाल हर बार मतदाताओं को लुभाने के लिए करते ही हैं। इस बार भी ऐसा ही माहौल बना हुआ है लेकिन चुनाव आयोग ने इस साल धनबल के इस्तेमाल पर अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है।

- चुनाव आयोग ने सोमवार को कहा कि उसकी निगरानी में अधिकारी लोकसभा चुनाव से पहले एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये की जब्ती कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि प्रवर्तन अधिकारियों ने लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से पहले ही 4,650 करोड़ रुपये जब्त किए हैं और यह 2019 के चुनावों में की गई 'कुल जब्ती से अधिक' है।

2024 में चुनाव आयोग की सबसे अधिक जब्ती

चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि 2024 के आम चुनाव के साथ, ईसीआई देश में लोकसभा चुनावों के 75 साल के इतिहास में दर्ज की गई सबसे अधिक प्रलोभन की जब्ती की राह पर है। 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले ही प्रवर्तन एजेंसियों ने धनबल पर रोक लगाने के लिए 4,650 करोड़ रुपये से अधिक की रिकॉर्ड जब्ती की है।

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा कैश, कर्नाटक में शराब

तमिलनाडु में सबसे ज्यादा 53 करोड़ कैश, तेलंगाना में 49 करोड़, महाराष्ट्र में 40 करोड़, कर्नाटक और राजस्थान में 35-35 करोड़ रुपये से ज्यादा जब्त किए गए हैं। कर्नाटक में सबसे ज्यादा 124.3 करोड़ की शराब सीज की गई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 51.7 करोड़, राजस्थान में 40.7 करोड़, उत्तर प्रदेश में 35.3 करोड़ और बिहार में 31.5 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई।

ड्रग्स जब्ती में गुजरात समेत 5 राज्य आगे

आंकड़ों के मुताबिक कुल जब्ती में 45 फीसदी ड्रग्स और नशीले पदार्थ हैं। गुजरात से सबसे ज्यादा करीब 485.99 करोड़ रुपये के ड्रग्स बरामद किए गए हैं। इसके बाद तमिलनाडु में 293.02 करोड़, पंजाब में 280.81 करोड़, महाराष्ट्र में 213.56 करोड़ और दिल्ली में 189.94 करोड़ के ड्रग्स जब्त किए गए हैं।

हर दिन करीब 100 करोड़ की जब्ती हो रही

आयोग के मुताबिक, 1 मार्च के बाद से जब्त किए गए सामान में 2068.85 करोड़ रुपये के ड्रग्स, 1142.49 करोड़ के मुफ्त में बांटे जाने वाले सामान, 562.10 करोड़ की कीमती धातुएं, 489.31 करोड़ रुपये की शराब और 395.39 करोड़ कैश शामिल है। कैश सहित सभी सामानों को मिलाकर हर दिन करीब 100 करोड़ रुपये सीज किए जा रहे हैं।

हवाई यात्रा के सपने की कीमत 150 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

यदि विमान में बैठने का सपना हो और महंगे टिकट के चलते उसे पूरा नहीं कर पा रहे हों, तो आप असम जा सकते हैं। यहां सिर्फ 150 रुपये में आपका सपना पूरा हो सकता है।

असम के लीलाबाड़ी से तेजपुर तक के लिए विमान कंपनी अलायंस एयर केंद्र सरकार की 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) स्कीम के तहत यह सुविधा दे रही है। कंपनी की इस रूट पर रोज दो उड़ानें हैं, जो दो महीने से लगभग फुल चल रही हैं। यात्रा पोर्टल 'इक्सिगो' के अनुसार, तेजपुर से लीलाबरी बस से जाते हैं 216 किमी के सफर में 4 घंटे लगते हैं। जबकि इसी रूट पर हवाई दूरी 147 किमी है, जो फ्लाइट से 25 मिनट में पूरी हो जाती है। इस यात्रा में एक तरफ का किराया 150 रुपये है। इसी रूट पर वाया कोलकाता वाली फ्लाइट का किराया 450 रुपये है। जब से यहां सस्ती विमान सेवा शुरू हुई, तब से ऑक्यूपेसी 95 फीसदी तक है।

बता दें, 2017 में शुरू हुई 'उड़ान' का पूर्वोत्तर में अच्छा रिस्पॉन्स है। असम, मेघालय, नगालैंड, अरुणाचल, सिक्किम की 73 हवाई पट्टियां स्कीम से जुड़ी हैं। अलायंस एयर, फ्लाईबिग, इंडिगो यहां सेवा दे रही हैं। इसी स्कीम के तहत 2021 में इंफाल से शिलॉन्ग के लिए सीधी उड़ान शुरू हुई थी।

2016 से शुरू हुई उड़ान सेवा, इतनी सस्ती कैसे

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर किराए को किफायती बनाने के लिए उड़ान योजना के तहत एयरलाइंस को वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) दी जा रही है। इससे कंपनी को मूल किराए में हुए नुकसान की भरपाई हो जाती है। केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और हवाईअड्डा परिचालक क्षेत्रीय उड़ान सेवा के तहत उड़ानों के लिए विभिन्न प्रोत्साहन देते हैं। अन्य बातों के अलावा, इन उड़ानों के लिए कोई 'लैंडिंग' या 'पार्किंग' शुल्क नहीं है। नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना को प्रोत्साहित करने तथा हवाई यात्रा को और अधिक किफायती बनाने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर, 2016 को उड़ान सेवा शुरू की।

एक नजर

छेड़छाड़ और रेस्तरां मालिक से रंगदारी मांगने पर चार गिरफ्तार

मुंबई। अंधेरी में दो महिलाओं से छेड़छाड़ करने और एक बार मालिक से आईफोन और दो लाख रुपये की रंगदारी मांगने पर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अंबोली पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान इलियास खान (45), साहिल शेख (20), रफीक शेख (21) और रोशन तराई (18) के रूप में की गई है। उन्होंने कहा, समाचार पोर्टल चलाने वाला इलियास एक महीने से रेस्तरां मालिक विकी अब्दुल हामिद से दो लाख रुपये मांग रहा था। चारों आरोपी जब बार में फोन और नकदी लेने आए, तब उन्होंने दो महिला बाउंसर से छेड़छाड़ भी की। उन्हें पुलिस को सौंप दिया गया और हामिद की शिकायत मामला दर्ज किया है।

नेपाल में वसंत आगमन के स्वागत में सिन्दूर यात्रा...

भक्तपुर। नेपाल के भक्तपुर स्थित बालकुमारी मंदिर में रविवार को सिंदूर जात्रा उत्सव मनाया गया। यह वसंत और नववर्ष के आगमन का प्रतीक है। लोगों ने सिंदूर और गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया और 32 देवी-देवताओं के शाही रथ खींचे गए हैं।

26 नक्सलियों ने किया सरेंडर

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सोमवार को पांच महिला और तीन किशोरों समेत 26 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव को लेकर कार्रवाई की जा रही है। दंतेवाड़ा जिले के एसपी गौरव राय ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में माओवादी की कोराजगुड़ा पंचायत जनताना सरकार' का प्रमुख था और उसके सिर पर एक लाख का इनाम है। नक्सलियों ने कहा- माओवादियों की खोखली विचारधारा से निराश हैं।

सिंगापुर के अगले प्रधानमंत्री होंगे वोंग, ली सीन लूंग छोड़ेंगे पद

सिंगापुर। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने सोमवार को कहा कि वह 15 मई को अपने पद से इस्तीफा देंगे। लॉरेंस वोंग को अगला प्रधानमंत्री नियुक्त किया जाएगा। वोंग फिलहाल देश के उप प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान में हैंडओवर की तारीख की घोषणा की है। बयान के अनुसार, ली सीन 15 मई को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और डीपीएम लॉरेंस वोंग अगले प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे।

पाकिस्तानी पुलिस का दावा... जिंदा है सरबजीत का हत्यारा सरफराज तांबा

पड़ोसी देश के आंतरिक मंत्री नकवी ने हमले में भारत का हाथ होने से किया इनकार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान की जेल में भारतीय कैदी सरबजीत सिंह की हत्या के आरोपी अमीर सरफराज तांबा की हत्या के एक दिन बाद पंजाब पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बड़ा दावा किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ऑपरेशंस लाहौर सैयद अली रजा का कहना है कि तांबा अभी भी जीवित है लेकिन वह गंभीर रूप से घायल है।

हालांकि, रजा ने यह नहीं बताया कि तांबा इलाज के लिए कहा भेजा गया है। वहीं, जब भारतीय न्यूज एजेंसी ने लाहौर पुलिस के प्रवक्ता फरहान शाह से बात की तो उन्होंने मामले को संवेदनशील बताते हुए कुछ भी कहने से मना कर दिया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने सोमवार को तांबा की हत्या में भारत का हाथ होने से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अतीत में पाकिस्तान में हुई कई हत्याओं में भारत सीधे तौर पर शामिल रहा है। पुलिस मामले की जांच की जांच कर रही है। भारत की संलिप्तता के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हालांकि, उन्हें हत्या में भारत के शामिल होने का संदेह जरूर है। बता दें, रविवार को सरबजीत की हत्या के आरोपी और लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी अमीर सरफराज तांबा पर हमलावरों ने हमला किया था। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

रविवार को बाइक सवार अज्ञात हमलावरों ने मारी चार गोलियां

तांबा के परिवार के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया कि दो लोग मोटरसाइकिल पर उनके घर आए और ऊपरी मंजिल पर खड़े तांबा को गोली मार दी। रिपोर्ट में कहा गया कि तांबा के शरीर पर चार गोलियां लगीं। दो गोलिया तांबा की छाती और दो पैरों में लगीं। हमला करने वाले एक बंदूकधारी ने हेलमेट पहन रखा था तो दूसरे ने चेहरे पर नकाब डाल रखा था। दोनों गोली चलाने के बाद घटनास्थल से भाग गए। सूत्रों की मानें तो तांबा कारावास के दौरान जेल के अंदर मोबाइल फोन सहित सभी सुविधाओं का आनंद लेता था।

अनजाने में सरहद पार कर गए थे सरबजीत सिंह

तरनतारन भिखीविंड निवासी सरबजीत सिंह 30 अगस्त 1990 की शाम को भारत पाकिस्तान सीमा पार करके पाकिस्तान चले गए थे। बाद में उसे पाकिस्तान पुलिस ने इस्लामाबाद में हुए बम धमाकों के मामले में गिरफ्तार किया। पाकिस्तान पुलिस ने दावा किया था कि तरन तारन के गांव भिखीविंड निवासी सरबजीत सिंह भारतीय एजेंसियों का जासूस है। मालूम हो कि अमीर सरफराज किसी केस के संबंध में पाकिस्तान की कोट लखपत जेल में बंद था। 26 अप्रैल 2013 को उसने सरबजीत सिंह पर हमला किया और 2 मई को सरबजीत को मृत घोषित किया गया। बाद में सरबजीत सिंह को पंजाब सरकार द्वारा बलिदानी घोषित किया गया था। वर्ष 2018 में एक पाकिस्तानी अदालत ने सिंह की हत्या के मामले में दोनों को उनके खिलाफ सबूतों की कमी का हवाला देते हुए बरी कर दिया।

अंतर्राष्ट्रीय गैंगस्टर लखबीर लांडा के 12 गुर्गे गिरफ्तार

कपूरथला। अमेरिका में बैठे गैंगस्टर लखबीर सिंह लंडा के 12 गुर्गों को कपूरथला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने लंडा और उसके ब्रिटेन में रहते साथी हरजीत सिंह भंडाल के कहने पर सुल्तानपुर लोधी के एक कारोबारी के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी।

आरोपियों पर पहले भी कई लूटपाट व आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं। इनसे पुलिस ने 7.65 बोर की एक पिस्टल, एक देसी रिवाल्वर 32 बोर, एक देशी पिस्तौल 7.62 बोर, 26 रौंद और 2 लग्जरी बाइक बरामद किए हैं। एससपी वत्सला गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को कपूरथला से संबंधित एक धनाढ्य व्यक्ति के घर के बाहर फायरिंग करके दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस के पास मामला पहुंचने के बाद सीआईए स्टाफ कपूरथला, डीएसपी-डी और काउंटर इंटेलीजेंस जालंधर की टीम के साथ संयुक्त आपरेशन चलाया गया। इस दौरान तफ्तीश में मालूम हुआ कि अमेरिका बैठा गैंगस्टर लखबीर सिंह उर्फ लंडा निवासी हरिके जिला तरनतारन में एनआरआई को धमकियां देकर रंगदारी की मांग कर रहे हैं।

हमले के एक दिन बाद इजराइल की चेतावनी, ईरान को देंगे जवाब

- इजराइल के सैन्य प्रमुख बोले जवाबी कार्रवाई को लेकर नेतन्याहू ने अफसरों के साथ की है बैठक

यरुशलम, एजेंसी

पश्चिम एशिया में ईरान के हमले से तनाव बढ़ता जा रहा है। रविवार और सोमवार को ईरान के हमले से नाराज इजराइल ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। इजराइल के सैन्य प्रमुख ने सोमवार को कहा कि सप्ताहांत में ईरान के मिसाइल हमले का जवाब देंगे। लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने कहा कि इजराइल अब भी अपने कदमों पर विचार कर रहा है।

उन्होंने कहा- ईरानी हमले में नेवातिम हवाई अड्डे को मामूली क्षति हुई है। बोले- नेतन्याहू प्रतिक्रिया पर शीर्ष अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। ईरान के हमले के बाद दुनियाभर के नेता इजराइल से जवाबी कार्रवाई नहीं करने का आग्रह कर रहे हैं।

ईरान में फंसी एक महिला समेत 17 भारतीयों से जल्द मिल सकेंगे अधिकारी

नई दिल्ली। भारत ने ईरान द्वारा जब्त किए गए पुर्तगाली मालवाहक जहाज पर सवार एक महिला समेत 17 भारतीयों को रिहा करने का आग्रह किया है। जयशंकर ने बताया कि भारतीय दूतावास और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हुई है। उन्होंने कहा, मैंने कल रात अपने ईरानी समकक्ष हुसैन आमीर अब्दुल्लाहियन से बात की। ईरान पर दबाव डाला, रिहाई को लेकर लगातार संपर्क में है।

तनाव के बीच पाकिस्तान की यात्रा करेंगे ईरानी राष्ट्रपति

इस्लामाबाद। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को पाकिस्तान की यात्रा करने वाले हैं। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, रईसी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और सैन्य नेतृत्व के साथ बैठक करेंगे। बता दें, रईसी की यात्रा ऐसे समय होगी जब तेहरान ने कुछ दिन पहले ही सीरिया में दमिश्क स्थित अपने वाणिज्य दूतावास पर कथित हमले में इजराइल पर रविवार को मिसाइलों से जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया है कि, जनवरी में ईरान ने सीमा पार हमलों के जवाब में पाकिस्तान के ईरानी क्षेत्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और रॉकेट से हमले किए थे। जिससे दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बढ़ गया था।

मणिपुर के विस्थापित लोगों की मांग सुनने से सुप्रीम इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा के लिए लगाई थी गुहार

उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18 हजार लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस अदालत का हस्तक्षेप, विशेष रूप से इस विलंबित चरण में, मणिपुर के लिए लोकसभा के आगामी आम चुनावों के संचालन में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करेगा। पीठ ने कहा, आप अंतिम समय में आये हैं। इस स्तर पर, वस्तुतः क्या किया जा सकता है? हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते है। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि 18,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोग हैं। वे मणिपुर में चुनाव में मतदान करना चाहते हैं।

मणिपुर मई 2023 से हिंसा की चपेट में है। 3 मई को पहली बार राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 160 से अधिक लोग मारे गए हैं और सैकड़ों लोग घायल हैं, जब पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्चका आयोजन किया गया था।

चुनावी बॉण्ड रद करने के फैसले पर पुनर्विचार अर्जी दायर

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर 15 फरवरी के उस फैसले पर पुनर्विचार का अनुरोध किया गया है, जिसमें मोदी सरकार की राजनीतिक चंदे की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया गया था।

वकील मैथ्यूज जे. नेदुम्पारा द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि अदालत ने योजना के खिलाफ याचिका पर विचार किया और इस बात पर ध्यान दिए बिना ही कानून और योजना को रद कर दिया कि ऐसा करके वह संसद पर अपीलीय प्राधिकारी के रूप में कार्य कर रहा है। नेदुम्पारा ने दावा किया कि कोर्ट ने इस बात का ध्यान नहीं दिया कि जनता की राय इस मामले में अलग-अलग हो सकती है और देशवासी संभवतः इस योजना के समर्थन में हो सकते हैं।

इस बार मानसून में सामान्य से ज्यादा बरसेंगे मेघ

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक इस बार जून से सितंबर माह तक मानसून सामान्य से बेहतर रहेगा। 104 से 110 फीसद के बीच बारिश को मौसम विभाग सामान्य से बेहतर मानता है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक 20 राज्यों में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है।

आईएमडी के महानिदेशक (डीजी) मृत्युंजय महापात्र ने सोमवार को बताया कि आईएमडी अपने पूर्वानुमान में अल नीनो, ला नीनो, हिंद महासागर द्विध्रुव स्थितियां और उत्तरी गोलार्ध में बर्फीले आवरण संबंधी स्थिति के प्रभाव पर विचार करता है। यह सभी स्थितियां इस बार भारत में अच्छे मानसून के अनुकूल हैं। महापात्र ने कहा कि 1971 से 2020 तक के बारिश के आंकड़ों पर गौर करें तो हाल के वर्षों में 1 जून से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में औसतन 87 सेंटीमीटर बारिश होती है। अगर वर्षा 96 फीसदी से 104 प्रतिशत के बीच होती है तो वह सामान्य मानी जाती है। दीर्घावधि औसत की 106 फीसदी बारिश सामान्य से अधिक की श्रेणी में आती है और अगर वर्षा दीर्घावधि औसत की 105 फीसदी से 110 फीसदी के बीच होती है तो इसे सामान्य से अधिक माना जाता है। बारिश एलपीए का 90-96 प्रतिशत के बीच होती है तो उसे सामान्य से कम माना जाता है। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र , गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, प.बंगाल, सिक्किम, मेघालय समेत कई राज्यों में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान है।

20 राज्यों में इस बार सामान्य से अधिक बारिश की संभावना

- इन राज्यों में सामान्य बारिश का अनुमान छत्तीसगढ़, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख
- यहां सामान्य से कम बारिश का अनुमान ओडिशा, असम, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा

प्रदेश में सबसे गर्म रहा प्रयागराज, पारा 42 के पार

लखनऊ: मौसम बदलने की संभावनाओं के साथ तापमान तेजी से बढ़ा है। प्रदेश में सबसे गर्म प्रयागराज रहा। यहां का तापमान 42 डिग्री रहा। सोमवार को प्रदेश के अधिकतर जनपदों का तापमान 34 डिग्री से अधिक रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के करीब रहा। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आगे भी तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। इस बार वर्षा मई माह के अंतिम सप्ताह से आरंभ हो जाएगी। वर्षा का क्रम दो चरणों में रहेगा।

ऑस्ट्रेलिया में फिर चाकू से हमला, पादरी समेत कई घायल

सिडनी, एजेंसी

- पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को किया गिरफ्तार

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोग घायल हुए हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना चर्च सर्विस के दौरान हुई है। पुलिस ने सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया है कि, आरोपी जांच में मदद कर रहा है। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं। इस दौरान काले जंपर पहने एक शख्स उनकी तरफ भागता है और उन्हें खींचकर सीने पर चाकू मार देता है। इसके बाद पादरी जमीन पर ही गिर जाते हैं और हमलावर उन्हें चार से पांच बार और चाकू मारता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पादरी व अन्य लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें, सिडनी में ही वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में शनिवार को चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया था। इस घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए थे।

विज्ञान हजारों ग्रहों की खोज के बाद इस उपग्रह के समुद्र में मिले सूक्ष्म जीवन के साक्ष्य

शनि के उपग्रह एन्सेलाडस में ठहरी जीवन की तलाश

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश शनिग्रह के उपग्रह पर जा ठहरी है। इस ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र में ऐसी कोशिकाएं (सूक्ष्म जीवन) के साक्ष्य मिले हैं, जो पृथ्वी के समुद्रतल में भी मौजूद हैं। इस खोज से पुष्टि होती है कि पृथ्वी के अलावा हमारे अपने सौर मंडल के दूसरे ग्रह में भी जीवन मौजूद है।

जीवन की तलाश मे वैज्ञानिक ब्रह्मांड की खाक छानने में जुटे हैं। हजारों ग्रहों की खोज के बाद अब जो सबूत मिले हैं, वह दूसरे ग्रहों पर जीवन बसाने की संभावनाओं को बल देता है। फिलहाल वैज्ञानिक मंगल पर जीवन बसाने की योजनाओं में जुटे हुए हैं, जबकि मंगल पर अभी तक जीवन के कोई ठोस चिन्ह नही मिले हैं। मगर एन्सेलाडस मे सूक्ष्म जीवन की मौजूदगी से उम्मीद जताई जाने लगी है कि भले ही जीवन बसाने का लक्ष्य मंगल ग्रह हो, लेकिन भविष्य में अधिक संभावनाएं शनि ग्रह के उपग्रहों में नजर आती है। बहरहाल एन्सेलेडस की सतह में समुद्र हैं और जलवाष्प के फब्बारे निकलते हैं। नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी के जरिए इसका पता चल पाया है। कैसिनी से प्राप्त डेटा के नए अध्ययन में सब-माइक्रोमीटर कणों के प्रमाण मिले हैं जो पृथ्वी के महासागरों में हाइड्रोथर्मल वेंट में जीवाणु कोशिकाओं के समान आकार के हैं। एन्सेलाडस की सतह पर बर्फ की दरारों से निकलने वाले फब्बारों के आंतरिक भाग में एक तरल महासागर है।

शनि ग्रह के उपग्रह एन्सेलाडस के समुद्र से निकलते फब्बारों की तस्वीर।

समाप्त हो चुका है कैसिनी का मिशन

नासा का अंतरिक्ष मिशन कैसिनी का मुख्य उद्देश्य शनि व इसके उपग्रहों की जांच पड़ताल करना था। इस अंतरिक्ष यान ने शनि के उपग्रहों के करीब पहुंचकर महत्वपूर्ण तस्वीरों को कैमरे में कैद किया और शनि समेत इसके उपग्रहों के अनेक राज हम तक पहुंचाए हैं। जिनका अध्ययन कर वैज्ञानिक आज भी नित नई जानकारी जुटा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी मिशन का समय अब खत्म हो चुका है।

शनि ग्रह का उपग्रह एन्सेलाडस एक दिलचस्प छोटी सी दुनिया है, जिसकी बाहरी बर्फ की परत के नीचे खारे पानी का एक वैश्विक महासागर छिपा हुआ है। यह खोज पोलैंड के तीन वैज्ञानिकों द्वारा सामूहिक रूप से की गई है।

चंडीगढ़ उतरा दिल्ली जा रहा विमान, बचा था दो मिनट का ईंधन

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोध्या से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट को खराब मौसम के कारण अचान चंडीगढ़ की ओर मोड़ दिया। उड़ान ने जब चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंडिंग की तो पता चला कि उसमें सिर्फ दो मिनट का ही ईंधन बचा है। यह जानकारी हवाई जहाज में यात्रा कर रहे यात्री ने एक्स पर पोस्ट की है। हालांकि विमानन कंपनी ने इसका खंडन करते हुए कहा कि उड़ान में पर्याप्त ईंधन था।

अयोध्या से दिल्ली की उड़ान में बैठने के बाद चंडीगढ़ लैंड हुए यात्री ने एक्स पर डाली पोस्ट में कहा है कि शनिवार शाम को तीन बजकर 25 मिनट पर उड़ान अयोध्या से दिल्ली के लिए रवाना हुई। लेकिन उससे 15 मिनट पहले पायलट ने ऐलान किया कि दिल्ली में मौसम खराब है, जिस कारण वहां उड़ान लैंड नहीं की जाएगी।

कुछ देर तक उड़ान आसमान में घूमती रही। दोबारा उड़ान को लैंड करवाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। यात्रियों ने कहा-जब चंडीगढ़ लैंड किया तो पता चला कि विमान में सिर्फ दो मिनट का ही ईंधन बचा है।

इंडिगो ने दी सफाई

इंडिगो की ओर से कहा गया है कि अयोध्या और दिल्ली के बीच चलने वाली इंडिगो की उड़ान को शनिवार को दिल्ली में खराब मौसम होने के कारण चंडीगढ़ डायवर्ट कर दिया गया था। पायलट ने नियमों के तहत कुछ देर तक विमान आसमान में रखा, यह बिल्कुल सुरक्षित है। वैकल्पिक एयरपोर्ट पर ले जाने के लिए उड़ान में पर्याप्त ईंधन था। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है।